खीष्टपूर्वाब्दे एव रचितायां चरक-संहितायां चिकित्सा-विषये वैज्ञानिकमनोभावस्य प्रकाशः स्पष्टमेव उपलभ्यते। तत्र बहूनां प्राचीन चिकित्सकानां नामान्यपि उपलभ्यन्ते। किन्तु बहूनां चिकित्साशास्त्र काराणाम् ग्रन्थाः अद्यत्वे कालकवलिता एव इति वक्तुम् शक्यते। चरकसंहितायाम् एतत् उक्तं यत् -- "भरद्वाजस्य शिष्यः आत्रेयः पुनर्वसुः। तस्य पुनर्वसोः षठ् शिष्या आसन् अग्निवेशः भेलः जातुकर्णः पराशरः हारितः क्षारपानि श्च। एतेषु प्रथमः अग्निवेश एव चिकित्सातन्त्रम् चिकित्सा विषयकं शास्त्रं वा प्रणीतवान्। तस्य अग्निवेशस्य तत्रमेव चरकेन प्रतिसंस्कृतम् इति उच्यते। षोड़श शताब्द्यां भावमिश्रेण विरचिते भावप्रकाशेऽपि भारतीयचिकित्साविद्याया उत्कर्शस्य परिचयः प्राप्यते। कि ंच महर्षिचरकः वैदिकम् ऐतिह्यम् अपि अङ्गीकृतवान्। अतएव तेन उक्तम् "चतुर्णामृक्सामयजुरथर्ववेदानामात्मनाथर्ववेदस्योक्तिः। वेदो हि अथर्वा दान स्वस्त्ययन वलि मङ्गल — होमनियम प्रायश्चित्तोपवास मन्त्रादि परिग्रहात्चिकित्सांप्राह। तत्रायुर्वेदयत्यायूर्वेदः। प्राचीनकाले चिकित्साशास्त्रम् आयुर्वेद इति नाम्ना परिकीर्तितम् आसीत्। अद्यापि तेनेव नाम्ना अभिधीयते। चरकस्य दृष्टिभङ्गी विज्ञानसुलभा, रोगोत्पत्ति-स्थले कार्यकारण-तत्त्वं तेन विरचितम्। तत्र कारण विनाशे एवं कार्यस्यरोगस्य विनाशो भविष्यति इति चिन्ताधारा समुपलभ्यते। विचक्षणवैज्ञानिकवत् चरकोऽपि प्राह —

"परीक्षकारिणो हि कुशला भवन्ति
व्याधीन् मूलविपर्य्ययेण उपचरन्तः सम्यक्
प्रकृतौ स्थापयाम्ः।"

अत्र शारीरदोषस्य निराकारणाय दैवयुक्ति वपाश्रयैः ओषधिः शारीरदोषस्य प्रतिकारसम्भवः इति उक्तम्। तत्र भेषजानां उपयोगितवं वैज्ञानिकदृश्ट्या स्वीकृतम्। मानसदोषस्य निराकरणाय समाध्यादीनां उपयोगोपि युज्यते एव। तथा हि योगशास्त्रस्य नियमादीनां पालनेन मानसदोषनिराकरणम् वर्तमानकालेऽपि बहुभिः चिकित्सकैरपि समर्थ्यतेः अत्र इदम् वक्तव्यम् बहव एव रोगाः शारीर मानसं च उभयं आधारीकृत प्रादुर्भवन्ति। वर्तमानकालेऽपि। चिकित्सका एतस्मात् एव कारणात् बाहुल्येन रोगाा; *Psychosomatic* — इति पदेन अभिधीयन्ते। तत्र अयम् अभिप्रायः यदा शारीरदोषो जायते तदा स रोगः मानसोऽपि विकार इति। एतत् वैप्यरित्येन यदा मानसो दोषो जायते तदा स दोषः शरीरम् अपि कि ंचित् विकारयितुम् समर्थो भवति। एतादृशं च वैज्ञानिकज्ञानम् चरकस्यापि आसीत् इति तदुक्ति पर्यालोचन्या बोद्धुं शक्यते।

आयुर्वेदस्य चिकित्सा पद्धति सतावत् बाहुल्येन *Alopathy* इति चिकित्सामार्गेनसह बाहुल्येन सादृश्यम ऋच्छति। अर्थात् एषा चिकित्सापद्धति न *Homeopathy* इतिहास्य तुल्या सदृशविधानात्मिका किन्तु अस्याम् अपि चिकित्सा पद्धतो रोग कारणस्य विपरीत–प्रकारगुणैः भेषजेः रोगस्य निराकरणंदृश्यते। आयुर्वेदशास्त्रमतेन शरीरस्य रोगस्य कारणभूताः त्रयोदोषाः सम्भवन्ति वायुः पित्तम् कफचेति। तत्र वायुदोषप्रशमनार्थम् वायु गुणेभ्यः विपरीत–प्रकारोगुणै अन्वितस्य द्रव्यस्य प्रयोगः उपदिष्टः। तस्मात् चरकसंहितायां एतत् उक्तं —

(1) **रुक्षः शीतो लघुः सूक्ष्मश्चलोऽथ विशदः खरः।**
विपरीतगुणैर्द्रव्येर्मारुतः सम्प्रशाख्ति।।

एवम् एव पित्तदोषः प्रशमनार्थ पित्तसुलभगुणेभ्य विपरीत प्रकारगुण विशिष्टैः द्रव्यैः पित्तदोषः शाम्यति इति तत्रैव उपदिश्यते। तद् उक्तं —

(2) **सस्नेहमुष्णं तीक्ष्म च द्रवमम्लं सरं कटु।**
विपरीतगुणेः पित्तं द्रव्यैराशु प्रशाम्यति।।

एवमेव कफदोष प्रशमनार्थ कफसुलभगुणेभ्यः विपरीतप्रकारगणविशिष्टैः द्रव्यैः कफदोषः साम्यति इति उपदिष्टम्। यथा चरकसंहितायाम्

(3) **गुरशीतमृदुस्तिग्धमधुरस्थिरपिच्छिलाः।**
श्लेष्मणः प्रशमं यान्ति विपरीतगुणैर्गुणाः।।

अतएव एशा चिकित्सामार्गोपि एलापाथि चिकित्सातुल्य विसदृशविधानात्मक एव। शारीरतत्त्वं तथा भेषजतत्त्वम् आदाय आयुर्वेदीयचिकित्सकाः प्रत्यक्षपरीक्षया प्रभूतज्ञानसंचयं कृतवन्तः। एषः सुविशालज्ञानराशिः क्षुद्रकलेवरप्रबन्धे प्रकाशयितुं न शक्यते। चिकित्साविषये संचिता प्राचीनज्ञानसम्पद्विभिन्नेषु पुराणेषु अग्निपुराण–गरुड़दिप्तः उल्लिखिता च। चरकादिः वैज्ञानिक मनोभाव समृद्धः चिकित्साग्रन्थकारः ततः महर्षिसुश्रुतः अवश्यम् उल्लेखयोग्यम्। तस्य तु प्रधानविषयः शल्यचिकित्सा एव। अत्र विषये तेन विसमयकरण्य वास्तवदर्शितया परिचयं दत्तवान्। सुश्रुतसंहितायाः खलु केनचित् नागार्जुनेन परिमार्जिता इति श्रूयते।

रोगनिर्णयाविद्यायाम् अत्यर्थम् उपयोगी ग्रन्थः माधव विरचितः निदानम् इति। अस्य ग्रन्थस्य रोगनिरूपणप्रणाली रोगकारण कर्मणच। चिकित्सकानां रोगिणां च महते उपकाराय भवति। एवं दृश्यते देवनिर्भरत्वं परित्यजय भारतीयचिकित्सकाः प्राचीनकालतः एव विज्ञानसम्मत–प्रनालयाः आविष्कारेः यत्नवन्तः तस्मात् भारतीयानां चिकित्साविषये वैज्ञानिकज्ञानसम्पत् प्राचीनकालतः एवं परिवर्धमाना विलसति इति वक्तं शक्यते।

वर्तमानकालेऽपि आयुर्वेदोक्त भेषजानां बाहुल्येन व्यवहारः समुपलभ्यते। आयुर्वेदोक्तानि भेषजानि यथा रोगनिराकरणे समर्थानि तथैव पार्श्वप्रतिक्रियाहीनानि उच्यन्ते। प्राकृतिक–द्रव्याणां फलमूलादीना ंच औषधरूपेण व्यवहारः वहुधा विपन्मुक्तः भवति। किंच बलकारकं रसायनम् अपि आयुर्वेदसम्मतं प्राप्यते। यथा — मृतस ंजीवनी, महाद्राक्षारिष्टम्। आमलकफलेषु अत्यन्तं खाद्यप्राणाः सन्ति इति एलोपाथिक चिकित्सकाः वदन्ति (*Vitamin –C*) एवमेव च्यवनप्राश इत्यादि औषधानाम् उपकारित्वं सन्देहातीतं भवति। आमलकादि विविधाऽपकारिद्रव्यानां समन्वयेन एतत् औषधं निर्मीयते। प्रसिद्धानां आयुर्वेदीयानाम् औषधानां नामानि भावप्रकाश निघन्टु–ग्रन्थेऽपि समुपलभ्यन्ते।

वर्तमानयुगेऽपि बहुभिः रोगिभिः आयुर्वेदीय औषधं सेव्यते। आयुर्वेदीयानाम् औषधानां प्रचारार्थं विभिन्नासु पत्रिकादीषु विज्ञापनम् अपि प्रायः परिदृश्यते। एतस्मादेव कारणात् प्राचीनमपि भेषजतत्त्वम् अद्यत्वे समाद्रियते। बहवः विशेषज्ञाचिकित्सकाः यथा भारतवर्षे तथा देशान्तरेषु आयुर्वेदीयशास्त्रानुसारेण रोगिणांम् आरोग्यविधानं कुर्वन्ति।

सहायकग्रन्थादिसूची

1. भावप्रकाशनिघन्टु — पाण्डे चुनेकरश्च — चौखम्भा भारती अकादमी–आकर ग्रन्थों के प्रकाशक एवं वितरक, वाराणसी, पुनमुद्रित 2004
2. भावप्रकाश – भावमिश्रविरचित।
3. चरकसंहिता कविराज ब्रजेन्द्रचन्द्र नाम सम्पादिता (प्रथमखण्ड), कलिकाता नवपत्रप्रकाशन प्रकाशिताः द्वितीयमुद्रणम् 1994 ख्रृष्टद्दि
4. सांख्यतत्त्वकौमुदी —श्रीनारायणचन्द गोस्वामि सम्पादिता, संस्कृत पुस्तक भाण्डारतः कनिकातायां प्रकाशिता, तृतीयप्रकाशः 1416 वङ्गाद्दैः
5. अथर्ववेद(*Saunaka*) *ed. Visva Bandhu, 1962, VVRI, Hoshiarpur.*
6. *The Science of medicine and Phisological concepts in ancient and Medieval India – K.K. Keswari.*

व्यक्तित्वनिर्माणे भवभूतिसाहित्यस्योपादेयता

कृष्णकान्ततिवारी,
अंशकालिक प्रवक्ता,
(शिक्षा–शास्त्र–विभागे)
राष्ट्रिय संस्कृत संस्थानम्,
(मानित विश्वविद्यालयः)
श्री रणवीर परिसरः, जम्मू

इयं ब्रह्माणमियं देवी वाग्वश्येवानुवर्तते।
उत्तरंरामचरितं तत्प्रणीतं प्रयोक्ष्यते।।

इति भव्यीाणितिभूषितो महाकविर्भवभूतिः उत्तररामचरिते सगर्वम् उदघोषितवान्।

भवभूतेः साहित्यं आदर्शस्य साहित्यं महनीय लोकोत्तर गुणानां साहित्यं प्रचलितपरम्परामतिरिच्य नव्यपरम्परा प्रस्तावकं साहित्यम्, असतीति विज्ञाः आभ्नन्ति। आदर्शजीवनस्य कृते ये उदात्त गुणाः अपेक्षिताः ते सर्वेऽप्यत्र भवभूतिसाहित्ये विशदतया दृश्यन्ते।

आचार्येण मम्मटेन काव्यप्रकाशस्य प्रथमोल्लासे काव्यप्रयोजन चर्चावसरे स्पष्टं यद्–

काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।
सद्यः परनिर्वृत्तये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे।।

एतस्मिन् कथने साहित्यसप्रयोजनस्य सार्वकालिक मीमांसा प्रस्तुतेति। साहित्यं न केवलं मनुष्यचेतनाम् अपितु जीवनस्य दिशां दशामपि प्रेरयति। तदेव श्रेष्ठं साहित्यं यं पठित्वा जीवनं व्यक्तित्त्वं श्रेष्णगुणानाम्, श्रेष्ठविचाराणाम्, उदात्तभावानाम्, लोकोत्तरकमनीयादर्शाणा ंचानुरूपं भवति।

मनुष्यजीवने विविधाः भूमिकाः। यदि भूमिकाः आदर्शभूताः लाकानुग्रहीाावपूरिताः भवन्ति। तद व्यक्तित्वमेव आदर्श व्यक्तित्वमिति आद्रियते। महाकविभवभूतिः संपूर्णजीवने आदर्शस्येवपक्षपातीति। दृष्टिरेष भव्या अनुकरणीया चास्ति र्तमानस्य दाम्पत्ये भवभूतेरिदं चिन्तनम् अतीवपयोगित्वं वर्तते।

उत्तमरामचरित तु निखिलानाम् आदर्शाणां पुंजीभूतो विराटर्विग्रहबभूव इति वक्तुं शक्नुमः। यावन्तः सांसारिकाः आदर्शाः सर्वेऽपि रामस्य व्यक्तित्वे आरोपिताः। आदर्शशासकस्य जीवनं लोकाराधनप्रतिज्ञया प्रमाणितं च —

स्नेहं दयां च सोख्यां च यदि वा जानकीमपि।
आराधनाय लोकानां मुंचतो नास्ति मे व्यथा।।

आदर्शराज्ञः व्यक्तितवस्य केन्द्रे प्रकृतिरंजनम् एव भवति।
मनस्विनां जनानुरंजनाय एव जीवनं समर्पितम्।
स्तादृशं जीवनमेवनुकरणीयं श्लाध्यं भवति।

संता केनापि कार्येण लोकस्याराधनं व्रतम्।
यत्पूरितं हि तातेन मां च प्राणाश्च मुंचता।।

राजपदं सुखाय नहि तयागस्य तपस्यायाश्च वर्तते।
राज्ञः वैयक्तिकं सुखं प्रजानाम् अपेक्षाश्रितम्, भवति।
एतैरेवगुणैः लोकोत्तरस्य व्यक्तित्वस्य निर्माणंभवति।
तदर्थं भवभूतिवाङमयम् उपादेयमेव।

रामस्यस चरित्रे गाम्भीर्यम्, स्नेहं प्रजावात्सल्यं सखात्वं, धमनिष्ठां कर्तव्यपरायणता एतेषां उत्कृष्ट गुणानाम् उदातया सन्निवेशो विहितः।

तस्यसहित्य लोकोत्तररादशग्रनां निर्माएणसाहित्यसमेव। तेन जीवनस्य प्रत्येकमपि पक्षः आदर्शेण मण्डितः। तस्य पात्राणि प्रतिकूल परिस्थितिष्वपि चरित्रोस्योत्कृष्टतया भावानाम् उदात्तया आपूरितानि भवन्ति। केचन सन्दर्भाः प्रक्षेणीयाभवभूतेः प्रथमा रचना मालतीमधवम् इतिकथ्यते। नायको माधवःलोकोत्तरगुणैर्युक्तः आदर्शप्रेमीवीरः। मित्रतैकनिष्ठः समर्पितश्चास्ति। प्रथमेऽङ्के भूवभूतिः कामन्दकी द्वारा तस्यानुकरणीयस्य व्यक्तितवस्य निर्देशनं पुरस्करोति। तद्यथा —

"आलोक सामान्यगुणस्तनूजा प्ररोचनार्थ प्रकटीकृतश्च"।

सम्पूर्णेऽपि नाटके माधवः निश्चलप्रेमपूरितः शौर्यसम्पन्नः स्व प्राणमोहं विहाय मित्रस्य प्राणरक्षायै उद्यतः। असहाया नाम सहायतार्थ सिद्धः एव दृश्यते। उपयुक्तैः गुणैः एव व्यक्तित्वं पूर्ण भवति।

सामाजिकेषुपरिवारेषु च सन्दर्भेषु सर्वत्रापि श्रेष्ठ व्यक्तित्वनिर्माणाय लोकस्य पुरतः दिव्यं चरित्रं प्रस्तोतुं महाकविरसौचेष्टत। तदर्थमेव आदर्शदाम्पत्यं, आदर्शशासकः, आदर्शसेवके, आदर्शपतिः, आदर्शमित्रं, आदर्शपरिजनः एवं प्राकरेण सः व्यक्तित्वं मण्डयितुं प्रयतनशीलः दृश्यते। पतिपत्न्योः धर्मस्य यथाचित्रणं भूवभूतिः करोति तथा अन्यत्र दुर्लभः।

निगदति कवि — **प्रयो मित्रं बन्धुता वा समग्र**
सर्वेकामाः शेवधि जीवितं वा।
स्त्रीणां भर्ता धर्मधाराश्च पुंसा –
मित्यन्योन्यं वत्सयोर्ज्ञामसतु।।

वस्तुतः — व्यक्तित्वं जन्मजातानाम् अर्जितप्रवृत्तीना ंच योगमेव भवति। "व्यक्तित्व" शब्दः पर्सनैल्टी (*Personality*) शब्दस्य रूपान्तरमेवास्ति अयं शब्दः लेटिनभाषायाः परसोना (*Persona*) शब्दस्य विकसितं रूपं यस्यार्थोभवति रूपस्यप्रतिकृतिरेव। एवमेव व्यक्तित्वं व्यक्तो तासां मनोदैहिकव्यवस्थानां संगठनम्अस्ति, यासां सः वातावरणेन अभूतपूर्वसमायोजनं निर्धारयति"।

तदेव व्यक्तित्वं भवभूतिनां स्वकीये साहित्ये स्व प्रतिभया स्वपात्रेषु चित्रितम्।

अतः व्यक्तित्व निर्माणे भवभूतिसाहित्यसस्योपगिता वर्तते।

(इतिशम्)

Hindi Section

आयुर्वेद एवं आरोग्य

प्रो० बनवारी लाल गौड़,
कुलपति,
राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय,
जोधपुर

आयुर्वेद न केवल एक चिकित्सा विज्ञान है अपितु एक सम्पूर्ण जीवन विज्ञान है जिसमें रोगग्रस्त शरीर के उपचार के साथ ही शरीर को नीरोगी रखने, उसको दीर्घायु (*Longevity of life*) बनाने व उसकी आयु को हितायु (*Quality of life*) बनाने का विस्तृत उल्लेख किया गया है।[1]

आयुर्वेद में इसके प्रथम उद्देश्य **"स्वस्थस्य स्वास्थ्य रक्षणम्"** के प्रसंग में स्वास्थ्य व स्वास्थ्य वर्धक उपायों का जो व्यापक वर्णन दिया गया है वह इतना सार्थक व युगानुरूप है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की परिभाषा में भी इसकी स्पष्ट छाया व अनुसरण दृष्टिगोचर होता है।

आचार्य सुश्रुत के अनुसार स्वस्थ शरीर वह है जिसमें शरीर का धारण व संचालन करने वाले त्रिदोष (*Bio Physio-chemical humors of body*) समावस्था में हो, शरीर की तेरह अग्नियाँ (*Digestive and Metabolic fires*) समावस्था में हो, सप्तधातु व मल (*Body tissues & Metabolic Wastes*) की क्रियाओं का सम्यक् प्रकार से निर्वहन हो, साथ ही आत्मा, इन्द्रिय एवं मन (*Mental Health*) भी प्रसन्न हो।[2]

उपरोक्त दोषधातु मलों की क्रियाओं को सम्यक् रखने हेतु दिनचर्या, रात्रिचर्या, ऋतुचर्या व सद्वृत्त इत्यादि विधाओं का निर्देश दिया है जिसकी पालना से आरोग्य के सुनिश्चित किया जा सके।

दिनचर्या :— आचार्यों ने क्रमशः प्रातः मध्याहन् व सांय में वात पित्त कफादि दोषों के संचय व प्रकोप का उल्लेख किया है अतः दोषानुसार आहार विहार व दिनचर्यादि की पालनाकर व्यक्ति पूर्ण स्वस्थ रह सकता है एतदर्थ ब्रह्ममुहुर्त में उठकर[3] मलायन शुद्धि, मधुक, नीम व करंजादि वृक्षों की दातुन से दन्तधावन करने[4] व स्वर्ण, रजत ताम्रादि धातुओं से निर्मित श्रेष्ठ जिह्वा निर्लेखनी द्वारा जिह्वा निर्लेखन कर मुख की शुद्धि करने व प्रातः काल कुछ दूरी तक पैदल भ्रमण (चंक्रमण) करने का निर्देश दिया है।

दैनिक जीवन में अभ्यगं, योग एवं व्यायाम को महत्व देते हुये इन्हें नित्यचर्या में शामिल किया है जिससे ह्द्यो मधुमेह इत्यादि व्याधियों से बचा जा सके। व्यायामादि के पश्चात उद्वर्तन (उबटन) का विधान बताया है जिससे मलायन शुद्धि (रोमाछिद्व) व दुर्गन्ध को दूर कर मेद का विलयन हो एवं मेदोरोग (*Obesity*) इत्यादि से बचाव हो सके।

स्नानादि क्रियाओं के फलस्वरूप ईश्वर स्मरण का उल्लेख किया गया है जिसके माध्यम से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के उन्नयन में सहायता मिल सके। जो आज की जीवन पद्धति (*Life Style*) में अत्यधिक सार्थक प्रतीत होता है। ईश्वर चिन्तन के माध्यम से तमोगुण से युक्त क्रियाकलापों को कम कर हिंसा, अराजकता इत्यादि क्रियाओं पर नियन्त्रण व शारीरिक अन्तःस्रावों पर (*Hormones*) नियन्त्रण किया जा सकता है।

ऋतुचर्या (Seasonal Regimen) :- आयुर्वेद में स्वास्थ्य रक्षण हेतु ऋतुओं के अनुसार आहार विहार एवं स्वास्थ्य पर ऋतुओं के प्रभाव के महत्व पर बल दिया गया है, वर्षा एवं ग्रीष्म ऋतु में जहां दौर्बल्य व हीनबल की कल्पना की गई है। वहीं शरद एवं बसन्त में मध्यबल व शिशिर व हेमन्त में श्रेष्ठ बल की परिकल्पना की गई है।[5]

ऋतु के अनुसार ही दोषों का भी शरीर में स्वाभाविक संचय, प्रकोप, प्रशमन होता है अतः हेमन्त, बसन्त, शिशिर, ग्रीश्म, वर्षा एवं शरद ऋतुओं में उन दोषों में साम्यावस्था बनी रहे, ऐसे आहार विहार के सेवन का उपाय बताया गया है जिससे स्वास्थ्य को अक्षुष्ण बनाया जा सके।

सद्वृत्त (Good Behaviour) :- शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य परिरक्षण हेतु सद्वृत्त की आवश्यकता को प्रतिपादित किया गया है। एतदर्थ देवता, गाय, ब्राह्मण इत्यादि की अर्चना करने, होता, यष्टा, दाता एवं चतुष्पथ को नमस्कार करने, मधुरभाषी, सर्वप्राणियों से सद्भाव रखने, इत्यादि द्वारा मानसिक स्वास्थ्य उन्नयन का विस्तृत उल्लेख किया गया है।

त्रय-उपस्तम्भ :- ऋतुचर्यादि के पश्चात आहार (*Balanced diet*), निद्रा (*Sleep*), ब्रह्मचर्य (*Abstinence*) को शरीर के तीन महत्वपूर्ण उपस्तम्भ के रूप में प्रतिपादित किया है जिनके माध्यम से शरीर को रोगरहित व स्वस्थ रखा जा सके।

वित्तैषणा की पूर्ति हेतु व्यक्ति दिन भर श्रम करने के पश्चात क्लामान्वित हो जाता है तो उसे निद्रा आती है। आचार्यों ने प्राणियों में सुख, दुःख, पुष्टि, काश्र्य, बलाबल को निद्रा के अधीन माना है अतः सम्यक् निद्रा निश्चित रूप से आरोग्यकर है। वहीं पर असम्यक् रूप से ली गयी निद्रा अनारोग्यकर बतायी गयी है यथा :- दिन में अधिक शयन कफ वृद्धि कर एवं रात्रि में जागरण वात वृद्धिकर होता है।

आचार्यों ने ब्रहमचर्य को भी स्वास्थ्य रक्षण हेतु महत्वपूर्ण माना है। नैष्ठिक एवं वैवाहिक ब्रहमचर्य से अनेक रोगों से बचा जा सकता है । मनुष्य द्वारा अपनी इन्द्रियों पर संयम रखते हुये नियन्त्रित रूप से किया गया मैथुन (वैवाहिक ब्रहमचर्य) जहां उसे अनेक संकामक यौन रोगों (*STD, AIDS*) से बचाता है वहीं उसमें, जरा व धातुक्षय की गति को मन्द किया जा सकता है।

"आहारादृदेह सम्भवत्" आहार को देह की वृद्धि व पोषण हेतु अनिवार्य माना गया है। किन्तु अविधिपूर्वक किये गये आहार को विषवत् माना गया है। अतः आचार्यों ने आहार की प्रकृति, उसके घटक द्रव्यों के उचित संयोग व संतुलितआहार के सेवन को शरीर के लिये हितकर बताया है। आहार में सभी रसों को सम्मिलित करने, ऊष्ण व ताजा भोजन, न अतिशीघ्र, न अति धीरे, मात्रापूर्वक, पूर्व भोजन के पचने के पश्चात, मनोपूर्वक, अन्न की प्रशंसा करने जैसे आहार सेवन के नियमों का उल्लेख किया है।

निषिद्ध आहार :- आचार्यों ने देश, काल व सात्म्य के विरूद्ध भोजन, निन्दित व संकीर्ण भोजन (पिज्जा, बर्गर, चाउमीन इत्यादि), विरूद्ध, दुषित एवं अपवित्र भोजन, अतितीक्ष्ण, अत्युष्ण अत्यम्ल भोजन को निषिद्ध बताया है।

सेवन योग्य आहार :- शालि चावल, साठी चावल, जौ, पुराना गेहूँ, मूँग, तिल, अरहर, बाजरा, मोठ, आंवला, गाजर, लौकी, पालक, मैथी, बथुआ, ग्वार पाठा, शलगम, गिलोय, करेला, लहसुन, कमल गट्टा, परवल, संहजना, गूलर, त्रिफला, ककोड़ा, त्रिकटु, मरिच, सैन्धव नमक, गोखरू, सुपारी, छाछ, शहद, मात्रापूर्वक लिये गये दूध, दही, तैल, घी, गुड़ एवं वैद्य की परामर्श के अनुसार लिया गया मात्रापूर्वक आसव, अरिष्ट इत्यादि।

खर्जूर, जामुन, पपीता, सेवा, मनुक्का, अंगूर, नारियल, आम, अनार, नाशपाती,केला, अमरूद आदि सभी ऋतु में उत्पन्न होने वाले श्रेष्ठ फल।

अल्पमात्रा में सेवन योग्य आहार :- चना, उड़द, मक्का, मोगरी, भिण्डी, आलू, अरबी, मूली इत्यादि कन्द, मटर, गोभी, सूखे शाक, सूखा मांस व मांसाहार (शाकाहार अधिक उत्तम है), इक्षुविकार, कांत्रजी, नवान्न, पायर (खीर) कुशरा, मधुर, क्षार, अम्ल लवणयुक्त पदार्थ, खट्टे शर्बत, सिरका आदि।

पादटिप्पणियां

1. च.सू. 1/41
2. च.सू. 15/41
3. अ.हृ.सू. 2/1
4. च.सू. 5/73
5. च.सू. 6/8

साम्प्रदायिक सद्भाव में भारतीय धर्म और दर्शन की उपयोगिता

प्रो० केदारनाथ शर्मा,
अध्यक्ष, संस्कृत-विभाग,
जम्मू विश्वविद्यालय,
जम्मू

सम्प्रदायवाद के कारणों एवं उसके निदान पर विचार करने से पहले सम्प्रदाय शब्द के सामान्य अर्थ से परिचित होना आवश्यक है। सम्प्रदाय शब्द का सामान्य अर्थ है -- कोई विशेष मत, धर्म, वर्ग, प्रचलित प्रथा, धार्मिक सिद्धान्त आदि।[1] किसी विशेष विचार या मत का एक का दूसरे को और दूसरे का तीसरे को अनुक्रमेण दिया जाना ही सम्प्रदाय है।[2] किसी धार्मिक गुरु के विचारों का अनुसार करने वाला अनुयायिवर्ग आदि। सम्प्रदाय का वाद ही सम्प्रदायवाद है।

समाज में व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, सांस्कृतिक आदि रूपों में विद्यमान विभिन्नताएं ही पृथक् इकाई अथवा वर्ग की सृष्टि करते हैं। व्यक्ति अथवा व्यक्ति समूह का अपनी जाति, धर्म, संस्कृति आदि को अन्य व्यक्ति अथवा व्यक्ति समुदाय की जाति, धर्म आदि से श्रेष्ठ समझने और दूसरों को हीन मानने से भेदभाव का जन्म तथा विकास होता है। भारत के संदर्भ में देखें तो वैदिक काल तक भारतीय समाज और संस्कृति में वर्ग या जाति के कारण किसी प्रकार की उच्चता और नीचता का भाव नहीं था।

भारत में साम्प्रदायिक या सामुदायिक संघर्ष का इतिहास ढूँढने चलें तो उसकी एक निश्चित तिथि तय करना कठिन है। हड़प्पा, मोहनजोदड़ों के समय जो नगरीय संस्कृति थी उस समय सामाजिक संरचना कैसी थी इस विषय में जानकारी देने वाला कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं मिलता। सामाजिक वर्गीकरण का सर्वप्रथम उल्लेख ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में मिलता है, जिसमें विराट् पुरुष के मुख, बाहु, जङ्घा और पैर से क्रमशः ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र की उत्पत्ति की बात कही गई है।[3] इसमें किसी भी वर्ण के उच्च अथवा निम्न श्रेणी में होने का संकेत नहीं मिलता। पैर मानव-शरीर का भले ही सबसे निम्न-प्रदेश का अङ्ग हो परन्तु शरीर में उसका महत्त्व किसी अन्य अङ्ग से कम नहीं है। मुख, बुद्धि या ज्ञान का प्रतीक है। बाहु शक्ति का प्रतीक है। जङ्घा स्थायित्व का प्रतीक है और पैर सम्पूर्ण सामाजिक व्यवस्था के भारवाहन का प्रतीक हैं। वैदिककाल की वर्ण-व्यवस्था क्षैतिज (*Horizontal*) थी,

लेकिन धीरे-धीरे यह स्थिति बदलती गई। व्यक्ति के व्यवसाय चयन में स्वतन्त्रता समाप्त होती गई। समाज जैसे-जैसे और सुव्यवस्थित होता गया वैसे-वैसे वर्ण-चयन में स्वतन्त्रता भी समाप्त होती गई। धीरे-धीरे वर्ण का स्थान जाति ने ले लिया और जातिगत संकीर्णता बढ़ती चली गई। स्मृतिकाल में वर्ण-व्यवस्था जाति-व्यवस्था में बदल गई और वर्ण-चयन में स्वतन्त्रता सर्वथा समाप्त हो गई। तब समाज का एक महत्त्वपूर्ण वर्ग--शूद्र तीव्र भेदभाव और उपेक्षा का पात्र बना और यह वर्णगत भेदभाव सामाजिक विषमता, कटुता आदि का कारण बनने लगा। समय-समय पर विदेशी लोग, आक्रान्ता[4], व्यापारी[5], भ्रमणार्थी[6] इत्यादि रूपों में भारतवर्ष में आए। इनमें से कई तो आक्रमण कर और इस देश की सम्पत्ति लूटकर वापिस चले गए किन्तु अनेक लोग यहीं रच-बस गए। धर्म तथा संस्कृति में विभिन्नता के कारण परस्पर मतभेद तथा अनेकधा संघर्ष की स्थिति का सृजन भी हुआ। चौथी शताब्दी ईसा पूर्व सिकन्दर आक्रमणकारी के रूप में भारत आया और पुरुराज से उसका परम संघर्ष हुआ। वह स्वयं तो वापिस चला गया परन्तु उसका सेनापति सैल्यूकस तथा अन्य सरदार यहीं रह गए। द्वितीय शताब्दी ईसा पूर्व में इण्डो-ग्रीक मिलिन्द पश्चिम भारत में सबसे बड़े साम्राज्य का स्वामी बना। समय के प्रवाह में विविध संस्कृतियों के मेल स्वरूप कई धार्मिक सम्प्रदाय-उपसम्प्रदाय विकसित होते गए जिनके कारण वैचारिक असहिष्णुता एवं तज्जनय संघर्ष बढ़ने लगे। अपने सम्प्रदाय को श्रेष्ठ तथा दूसरे के सम्प्रदाय को हीन समझने-सिद्ध करने की प्रवृत्ति बढ़ती गई। द्वितीय शताब्दी ईसा पूर्व में अहिंसा के नाम पर अशोक के वंशजों द्वारा दिखाई जा रही कायरता तथा अकर्मण्यता के विरुद्ध जनमानस में तीव्र आकोश बढ़ने लगा, जिसकी अभिव्यक्ति उसके ही ब्राह्मण सेनापति पुष्यमित्र शुंग के द्वारा राजा की परेड निरीक्षण के समय ही हत्या के रूप में हुई। बौद्धों के प्रति जन सामान्य का यह प्रथम विरोध-प्रतिक्रिया थी जिसे कुछ लोग प्रथम साम्प्रदायिक द्वेष एवं संघर्ष कहना पसन्द करते हैं। उसके पश्चात् भारत का शताब्दियों का इतिहास सामन्ती और शाहंशायी युद्धों से भरा पड़ा है। कभी इस्लाम जीता, कभी हिन्दू जीता, कभी अंग्रेज़ जीता परन्तु मानवता सदा हारती रही। चूंकि मरने वाले चाहे हिन्दू रहे हों, मुस्लमान रहे हों, या ईसाई या यहूदी। वे सब थे तो मानव ही। मध्यकालीन भारत के इतिहास के लम्बे कालक्रम में जितने भी युद्ध हुए, उन सबके पीछे जो भी कारण रहे हों लेकिन विशुद्ध मानवीय दृष्टिकोण से देखने पर वे सब मानवता के ही शत्रु सिद्ध हुए।

भारत में 1947 के पश्चात् राष्ट्रवासियों के विविध धर्मों, मतों के अनुयायियों के मध्य जो खूनी संघर्ष हुए, उनमें धर्मान्धता या साम्प्रदायिकता ही मूल कारण रही। यदि स्वतन्त्रयोत्तर काल के इतिहास पर ही विचार दौड़ाएं तो भी साम्प्रदायिकता को देश की स्थिरता एवं सुख-समृद्धि के लिए सबसे हानिकारक माना जा सकता है। राजनीति या अन्य क्षूद्र स्वार्थवश राष्ट्र को रक्तरंजित करने के लिए जितने भी खेल खेले गए उनमें धर्म को किसी न किसी रूप में इस्तेमाल किया गया। यूं कहें कि बदनाम किया गया। लाखों निरीह लोगों के प्राणों को लीलने वाला भारत-विभाजन के समय (1947) का रक्त-पात हो, 1984 का सिक्ख-विरोधी हिंसा हो, 1½ दशक से अधिक समय से चला आ रहा कश्मीर का रक्त-रंजित इतिहास हो, मानवता के कंलकभूत भागलपुर काण्ड हो, बाबरी मस्जिद का विध्वंस हो, 90 के दशक का श्रृंखलाबद्ध मुम्बई बम काण्ड हो, गोधरा काण्ड हो या गोधरा कांड के प्रतिकिया के रूप में गुजरात दंगा हो, नन्दीग्राम कांड हो, असम या पूर्वोत्तर का अलगाववादी आंदोलन हो -- इन सब में धर्म को किसी न किसी रूप में हथियार बनाया गया। कहते हैं 'इतिहास स्वयं को दुहराता है' यदि यह सच है तो आज जो हत्या करने वाले हैं, कल हत्या के पात्र अवश्य बनेंगे। एक हिंसा दूसरी हिंसा को जन्म देगी। समाज और राष्ट्र यूं ही रक्तरंजित होता रहेगा तब मित्रो! बंटता हुआ समाज, लड़ता हुआ राष्ट्र, कटता हुआ मानव किसी को अच्छा नहीं लग सकता। सम्प्रदायिक सद्भाव, धार्मिक सहिष्णुता, विश्व-मानव में परस्पर भाईचारे के सन्देश के लिए किस की ओर आशा की निगाहों से निहारा जा सकता है?

बन्धुओं! यदि मुझे इसका उपाय सुझाने का अवसर दें तो एक धर्मपरायण मानव होने के नाते "धर्म" और 'भारतीय दर्शन' में छुपे हुए सन्देशों को ही साम्प्रदायिक सद्भाव, परस्पर स्नेह एवं विश्व शान्ति के लिए परम उपाय के रूप में सुझाना चाहूँगा।

स्वातन्त्र्योत्तर-भारत में ही जितने साम्प्रदायिक दंगे हुए, जिनका ऊपर उल्लेख किया गया; उनके पीछे किसी न किसी रूप में धर्म का इस्तेमाल अवश्य हुआ। यहां धर्म से तात्पर्य धर्म का वह संकुचित और अधिक स्पष्ट से कहें तो धर्म के उस विकृत-स्वरूप से है जो एक समाज, राष्ट्र या विश्व की भिन्न-भिन्न धार्मिक विचारधारा रखने वाले लोगों के पूजा-पद्धति से सम्बद्ध है। यह धर्म मानव को मानव के रूप में न देखकर हिन्दू, मुसलमान, ईसाई, सिक्ख आदि के रूप में देखता है, और उन्हें आपस में लड़ाता है, समाज में, राष्ट्र में; साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाता है। इस धर्म से मानव-कल्याण की आशा

तो नहीं की जा सकती। हाँ, मानव-मानव के बीच में परस्पर द्वेष बढ़ाने कलह के बीज को पनपने, का अवसर प्रदान करने में अधिक सहायक होगा।

साम्प्रदायिक-विद्वेष के जनक, साम्प्रदायिक सद्भाव के शत्रु इस "धर्म" को मिटाकर ही हम राष्ट्र या विश्व को साम्प्रदायिक विद्वेष के जाल से मुक्त कर सकते हैं और मानव को हिन्दू, मुसलमान, ईसाई, सिक्ख आदि समुदायों में न बाँटकर सबमें एक ही मानवता का दर्शन कर सकते हैं। जब सबमें एक ही मानव की पहचान हो जाएगी तब धर्म के नाम पर लड़ाने वालों की दुकान भी बंद होगी।

साम्प्रदायिक विद्वेष के शमन और साम्प्रदायिक सद्भाव के ऐकान्ति उपाय-धर्म और दर्शन

अब मैं विद्वान् विचारकों का ध्यान इस बात की ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि यदि धार्मिक असहिष्णुता, कट्टरता और धर्मान्धता यदि साम्प्रदायिक विप्लव के कारण हैं तो इसका समाधान और सबसे सशक्त उपाय भी धर्म और भारतीय दर्शन के मूल सन्देश एकेश्वरवाद के सन्देशों में छिपे हैं।

साम्प्रदायिक सद्भाव के उपाय के रूप में जिस धर्म की चर्चा करना चाहता हूँ वह "**धर्म**" किसी एक देवता या सम्प्रदाय विशेष के प्रति आस्था या अनुकरण मात्र नहीं है। यह धर्म वह है जिसे हमारे मानवतावादी ऋषि याज्ञवल्क्य ने इस प्रकार परिभाषित किया है :-

"अहिंसा सत्यमस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
दानं दया दमः शान्तिः सर्वेषां धर्मसाधनम्"।।[7]

अर्थात् धर्म होता है -- प्राणिमात्र की अहिंसा से, सत्य से, अचौर्य से, शरीर और मन की पवित्रता से, इन्द्रिय निग्रह से, दान से, दया से, संयम से और क्षमा से। मानव-जीवन के लिए कितना मङ्लगमय है धर्म का यह संदेश। लेकिन हमारे देश में कितने नागरिक हैं, जो इस "धर्म" द्वारा सुझाये मार्ग पर चलकर जीवन व्यतीत कर रहे हैं? सच तो यह है कि इस पर चलना तो क्या हम, इसके अर्थ तक को भी पूरी तरह नहीं समझते। वरना आज हम धर्म का नाम लेकर इन्सानी खून की होलियां नहीं खेल रहे होते। कोई भी साच्चा धर्म मानव की हिंसा का समर्थन नहीं करता। जब-जब भी देश में धर्म के नाम पर दंगों का सभाचार मिलता है मैं अपने से ही प्रश्न कर बैठता हूं क्या -- हम सचमुच धर्म के लिए लड़ते हैं? धर्म तो धारण करने की वस्तु है --"धारणात् धर्मः"। जो वस्तु हमें, हमारे समाज को, हमारे देश को और समूची मानव जाति को धारण करती है वही धर्म है। यह धर्म समस्त संसार

को धारण करता है। जो धारक है वह भला विनाशक कैसे हो सकता है। सभी धर्मों के मूल में मानव-हित की भावना होती है। भिन्न-भिन्न धर्मों के सिद्धान्तों में अन्तर होते हुए भी सबका प्रयोजन एक ही है। जिनका मुकाम एक हो, रास्ते अनेक होने से क्या फर्क पड़ता है?

भारतीय धर्म/दर्शन में धार्मिक सहिष्णुता का संदेश

धार्मिक उन्माद, साम्प्रदायिक-विद्वेष एवं तज्जन्य संघर्षों का प्रमुख कारण परस्पर एक-दूसरे के पंथों/सम्प्रदायों, धर्मों के विचारों को सम्मान न देने, उसका द्वेष करने से होता है। धर्म चाहे इस्लाम का हो, ईसाइयों का हो, हिन्दूओं का हो, या बौद्धों और सिक्खों का। सभी का लक्ष्य या उद्देश्य मानवमात्र का ही नहीं अपितु प्राणीमात्र को सुख देना है, उनकी कल्याण-कामना है। हमारे ऋषियों, दार्शनिकों और फकीरों का यह सन्देश कि कोई भी मानव दूसरे मानव से छोटा या बड़ा नहीं। यहां तक कि प्रकृति या ईश्वर द्वारा रचित सृष्टि के समस्त प्राणी एक-दूसरे के सहवासी हैं। तब, मिलकर, हंसकर रहने में और रहने देने में ही जीवन का यथार्थ है। न कि दूसरों के विचारों, आस्थाओं या जीवन-शैली से असहिष्णु बनकर उनका प्रतिवाद करने, उनसे युद्ध करने या उनकी हिंसा करने में है।

इसका असली निदान भी भारतीय दर्शन में सुझाया गया "सर्व-धर्म समभाव" ही है। भारतीय दर्शन में **'एको वै ब्रह्म'**, **"ब्रह्मसत्यं जगन्मिथ्या"**, कहकर परमसत्ता को ब्रह्म या ईश्वर का नाम भले ही दिया गया हो, लेकिन उसे अन्य धर्मों और उनकी जीवन-पद्धति से कोई विरोध नहीं। सर्वशक्तिमान् परमसत्ता को कोई चाहे 'अल्लाह' कहे, कोई *God* कहे या एक 'ओंकार' कहे, उससे उसकी सत्ता, स्वरूप और उसके महत्त्व पर कोई फर्क उसी प्रकार नहीं पड़ता जिस प्रकार आम के फल को अंग्रेज़ों के *mango* कहने से, हिन्दी भाषियों के आम कहने से, पंजाबियों के 'अंब' और नेपाली भाषियों के 'आँप' कहने से उसके अस्तित्व, उसके स्वाद और उसके महत्त्व पर कोई फर्क नहीं पड़ता। इसी आशय को हमारे ऋषियों ने **"एकंसद् विप्राः बहुधा वदन्ति"** कहकर व्यक्त किया है। भारतीय संस्कृति के इस सर्वधर्मसमभाव के सन्देश को समझकर देश या वैश्विक स्तर पर धर्म की आड़ में होने वाले खून-खराबे, असंतोष और भय को दूर करने की आवश्यकता है, अन्यथा जो लोग धर्म की राजनीति और उसका व्यवसाय करते हैं, वे निरन्तर धर्म को विषमय बनाते रहेंगे और एक धर्मावलम्बियों को अन्य धर्मावलम्बियों से लड़ाते रहेंगे।

किसी धर्म विशेष को मानना खतरनाक नहीं होता, खतरनाक होता है दूसरे धर्म को बर्दाश्त नहीं करना। किसी एक धर्म के सभी विचार किसी दूसरे धर्मावालम्बी को अच्छा नहीं भी लग सकता है। लेकिन उसमें से अच्छी बातों को लेने में कोई परहेज़ नहीं होना चाहिए। औपनिषदिक ऋषि ने इसी भाव को इन शब्दों में कहा -- **आ नो भद्राः कतवो यन्तु विश्वतः**[9] (*Let noble thoughts come everywhere*) जैसा कि इस्लाम के पवित्र ग्रन्थ 'कुरान' में लिखा गया है -- **"लुकुम दीनुकुम वलिय दीन"**[10] (*To you, your religion, to me, my religion*) -- तुम अपने दीन पर, हम अपने दीन पर, न किसी से कोई घृणा, न किसी के प्रति कोई द्वेष, न कोई आग्रह, न कोई बड़ा, न कोई छोटा, सभी के प्रति सद्भाव, सभी की भलाई की कामना। तब न द्वेष होगा, न परस्पर द्वन्द।

भारतीय दर्शन की विश्वबन्धुत्व भावना

उपनिषद् का ऋषि न तो किसी एक मत या सम्प्रदाय का पक्ष लेता है और न दूसरे के मत या विचार का खण्डन ही करता है। वह तो पूरे विश्व के मानवों को एक ही परिवार का सदस्य मानता है। उसकी दृष्टि में विश्व का हर मानव एक ही 'ईश्वर', एक ही 'अल्लाह' एक ही '*God*' और एक ही 'ओंकार' की सनतानें हैं। उन सबका एक ही चिन्तन या एक ही दृष्टि हो यह न केवल अनावश्यक है, अपितु मानव-प्रकृति के विरुद्ध भी। जैसा वेद या उपनिषद् का चिन्तन है वैसा ही इस्लाम या किश्चन भी मानें तथा जैसा कुरान और हदीस में है, वैसा ही चिन्तन विश्व के सारे मानवों का हो जाए यह असम्भव है। समान चिन्तन की बात ही सिद्धान्ततः बड़ी भूल है। किसी एक विषय पर दो व्यक्तियों का भी कभी एक ही विचार या चिन्तन सम्भव नहीं तो करोड़ों लोगों के विचार और चिंतन कैसे एक हो सकते हैं? धार्मिक या साम्प्रदायिक विद्वेष बढ़ाने में लगे लोगों को यह बात भली-भांति समझ लेनी चाहिए कि दूसरों की आस्थाओं या मतों के प्रति असहिष्णु होना और अपने विचार या सम्प्रदाय को श्रेष्ठ समझ या बताकर दूसरों पर थोपने का किसी भी प्रकार का प्रयत्न करना अन्ततः अन्याय और आक्रमकता में ज़ोर-जबरदस्ती में, साम्प्रदायिक खून खराबे में ही परिवर्तित होगा।

भारतीय दर्शन और विचारशास्त्र का ध्येय एक समाज, देश या किसी विशिष्ट विचारधारावालों के कल्याण के लिए न होकर सृष्टि के समस्त चराचर जगत् के सह-अस्तित्व और समान महत्त्व पर बल देता है। उसके चिन्तन का

निष्कर्ष सृष्टि के सब पदार्थों में चाहे जड़ हो या चाहे चेतन हो, चाहे मानव हो, या पशु , या कीट-पतंग या लोष्ठ (मिट्टी का ढेला) हो सब के सब एक ही परमसत्ता के अंश हैं। इस दृष्टि से चाहे कोई शास्त्र-ज्ञाता पण्डित हो या चाण्डाल, गौ हो या कुत्ता इन सबमें अन्तर कैसा ?[11] इतना ही नहीं भारतीय दार्शनिक चिन्तन की पराकाष्ठा तो महाभारतकार 'व्यास' के इस कथन में प्रकटित होती है -- जिसमें मृग, ऊँट, गधा, चूहा साँप, कीड़े, पक्षी और मक्खी को अपने पुत्र के समान समझने की बात कही गई है।[12] भारतीय दर्शन की चिन्तनसार से अनुस्यूत जो धर्म कीट-पतंगों, पशुओं में भी आत्मदर्शन करता हो वह भला मानव-मानव के बीच उनकी आस्थाओं के आधार पर कलह का कारण कैसे बन सकता है? ऐसे धर्म और दर्शन में साम्प्रदायिक सद्भाव का उपाय ढूंढने वाला गीता के समत्व बुद्धि का यह सुझाव आज भले ही हास्यास्पद एवं व्यर्थ प्रतीत हो लेकिन **"सर्वे भवन्तु सुखिनः"** का भाव जीवन में उतारे बिना साम्प्रदायिक विद्वेष, आतंकवाद, हत्या, अत्याचार, बाल/नारीशोषण, प्रकृति का विनाश जैसे संकटों से धरा को मुक्त कर पाना दिवास्वप्न ही हो सकता है। प्रकृति के हर तत्त्व के प्रति समुचित आदर, मानव में परस्पर भ्रातृ-भाव, सहिष्णुता, सब पदार्थों, व्यक्तियों में परमात्मा के अंश-दर्शन से ही मानवीय हिंसाओं, युद्धों, अत्याचारों एवं प्राकृतिक विक्षोभों से सुरक्षित रहा जा सकता है। कीट-पतंगों, पशु-पक्षियों एवं मानवमात्र में परमसत्ता का दर्शन करने वाले भारतीय दर्शन के इस दृष्टिकोण को आज के मानवाधिकारवादियों, पर्यावरणवादियों, भूपारिस्थिकी के पक्षधरों वन्यजन्तु संरक्षणतावादियों की चिन्ताओं में देखा जा सकता है।

अन्त में मैं इस सभागार में उपस्थित इतिहास के विद्वानों से निवेदन करना चाहता हूँ कि यदि यह सच है कि **'इतिहास अपने आप को दोहराता है'** -- तो आज जो मारने वाले हैं कल वे भी मर जाएगें। कल जो मारने वाले होंगे परसों उनको भी कोई मारने वाला उत्पन्न होगा। इस प्रकार हत्याओं-प्रतिहत्याओं के चक्र से मानव जाति को कभी न मुक्ति मिल सकेगी। अतः मानव जाति को ऐसे मानवीय धर्म और दर्शन से परिचित कराना ही साम्प्रदायिक विप्लव जैसे मानवता-विरोधी कृत्यों से मुक्ति का सर्वोत्कृष्ट उपाय होगा, जिसमें न कोई ज़ोर-जबरदस्ती होगी, न आक्रामकता होगी, न युद्ध होगा, न हिंसा होगी और न असहिष्णुता होगी। होगा तो केवल मानवीय भाईचारा, कल्याण और सिर्फ कल्याण। एक वाक्य में कहूँ तो असहिष्णुता, द्वेष और हिंसा ने जो विकृतियां मानव को दी हैं उनका प्रतिकार

सहिष्णुता, करुणा और मैत्री तथा अहिंसा से ही किया जा सकता है। यह उपाय दुःसाध्य तो है परन्तु एकमात्र उपाय भी :-

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे भवन्तु निरामयः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु माकश्चिद्दुखभाव भवेत्।।

पादटिप्पणियां

1. आदर्श-हिन्दी-संस्कृत कोश, (रामस्वरूप शास्त्री); बाल-संस्कृत कोश (आर.एस. त्रिपाठी)

2. *A Practical Vedic Dictionary (Suryakanta)* - सम्यक् प्रदाय प्रदाय एकोऽन्यस्मै सोऽप्यन्यस्मै इत्येवं प्रकारेण सम्प्रदायम्।

3. ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः।
ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भयां शूद्रो अजायत।। - ऋग्वेद, 10.90.12

4. 326 ई.पू. में सिकन्दर का आगमन (द्रष्टव्य, नंद-मौर्य युगीन भारत, सम्पादक - के.ए. नीलकंठ शास्त्री, पृष्ठ - 39, संस्करण-1969); 712 ई0 में अरबों का आकमण, 1191-92ई0 में मोहम्मद गौरी, मोहम्मद गज़नवी का आकमण, 1199-1125 ई. तक नालन्दा, विकमशिला, औदन्तपुरी के विध्वंसक-बख्तियार खिलजी का भारत में आकान्ता के रूप में ही प्रवेश हुआ।

5. जैसे--अंग्रजें का भारत में व्यापारी के रूप में ही प्रवेश हुआ था।

6. जैसे, चौथी शताब्दी में फाहियान, ह्वेनसांग (य्वानच्वांग), सप्तम शताब्दी में इत्सिग, अल्बरूनी भारत भ्रमण करने आए।

7. याज्ञवल्क्य स्मृति -- अहिंसा सत्यमस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
एतं सामासिकं धर्म चार्तुवर्ण्येऽब्रवीन्मनुः। - मनुस्मृति, 10.63

8. ऋग्वेद 10.164.46, -मिलाइए - "एकं रूपं बहुधा यः करोति। - कठ0 2. 5.12

9. यजुर्वेद, 25.14

10. कुरान,

11. विद्याविनयसम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि।
शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः।। - गीता 5.18 एवं द्रष्टव्य 6.9, 30

12. भृगोष्ट्ररवरमाखुसरीसृपवगमक्षिकाः।
आत्मनः पुत्रवत् पश्येत् तैरेषामान्तरं कियत्। - श्रीमदभागवत, 7.14.1

योगदर्शन में वर्णित मनोवैज्ञानिक तत्त्व

मो० मेराज अहमद,
सहायक प्राध्यापक,
संस्कृत विभाग,
कश्मीर विश्वविद्यालय,
श्रीनगर

भारतवर्ष में दार्शनिक चिंतन की परम्परा अत्यंत प्राचीन है। त्रिविध दुःखों से आत्यन्तिक एवं अनेकान्तिक निवृत्ति ही भारतीय दर्शन का प्रतिपाद्य रहा है। परमानंद की प्राप्ति के लिए मानव ने न केवल आदिकाल में अग्नि आदि भौतिक साधनों की खेज़ की, कृषि का आविष्कार किया बल्कि अनेक प्रकार की तकनीकी एवं वैज्ञानिक प्रगति की। सुख–शान्ति हेतु ही ज्ञान–विज्ञान के क्षेत्र में विभिन्न अनुसन्धान किए जा रहे हैं। इस प्रकिया में योग–परम्परा के दार्शनिक एवं प्रायोगिक दोनों ही पक्षों का अनुसन्धान किया जा रहा है। सम्प्रति योग–परम्परा को परमानंद की प्राप्ति के साधन के रूप में सहर्ष स्वीकार किया जाने लगा है।

योगसाधना की परम्परा अत्यंत प्राचीन है, हड़प्पा, मोहनजोदड़ों के अवशेषों में पशुपति की योग मुद्रा में प्राप्त मूर्त्ति इसका प्रमाण है। अत्यंत प्राचीन होने के कारण योग विषयक चिन्तन और उसकी साधना की अनेकानेक धारायें प्रचलित रही हैं। प्राचीन भारतीय वाङ्मय वेद, उपनिषद्, रामायण, महाभारत आदि में योग साधना की विस्तृत सूचना मिलती है। योग–विषयक उपलब्ध साहित्य में पात´जल योगसूत्र सबसे प्राचीन है। आधुनिक विषयों में मनोविज्ञान मानव–व्यवहारों का अध्ययन करने वाला अत्यंत उपादेय विषय है। मनोविज्ञान एवं योग का अध्ययन के क्षेत्र अथवा उपविषयों में प्र्याप्त अभेद है। मनोविज्ञान का शाब्दिक अर्थ है — 'मन का विज्ञान'। अंग्रेजी में मनोविज्ञान के पयार्यवाची के रूप में *'Psychology'* शब्द का व्यवहार होता है। मनोविज्ञान में चित् तथा मस्तिष्क आदि का अध्ययन किया जाता है। दोनों परम्परा में मन, बुद्धि, चित्, व्यक्तित्व, संवेग, चेतना, आदि का अध्ययन किया जाता है। **'युज्यते अनेन इति योगः'** इस व्युत्पत्ति के अनुसार–चित्तवृत्तियों का सर्वतोभावेन निरोध ही योग कहलाता है — **योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः**।[1] पाश्चात्य विचारक *Benjamin. B. Lahey* ने अपनी पुस्तक *'Psychology: An Introduction '* में मनोविज्ञान की परिभाषा देते हुए कहा है —

"Psychology is defined as the science of behaviour and mental process"

पुनः इसके उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहते हैं –

"The goals of Psychology are to describe, predict, understand and influence human behaviour."

अतः पाश्चात्य परम्परा में प्रचलित *Psychology* तथा भारतीय मनोविज्ञान में बस इतना अंतर है कि भारतीय मनोविज्ञान इहलौकिक एवं पारलौकिक दोनों विश्वास करता है जबकि पाश्चात्य मनोवैज्ञानिक केवल सांसारिक विषयों का ही अध्ययन करते हैं। योग–परम्परा के अनुसार मनोविज्ञान से चेतन–सत्ता को अलग कर देने पर चित् का अध्ययन करना सम्भव नहीं हो पाएगा। अतः स्पष्ट है कि मनोविज्ञान में मन, बुद्धि, इन्द्रिय आदि समस्त ज्ञान साधनों के साथ ही चेतन सत्ता पुरुष अथवा जीव का अध्ययन अनिवार्य है। इसी तरह पात´जल योगसूत्र में भी मन, बुद्धि, इन्द्रिय के साथ पुरुष का भी अध्ययन किया जाता है। योगशास्त्र में प्रतिपादित मनोविज्ञान के अध्ययन में अध्यात्म पर ही ध्यान केन्द्रित किया गया है। योगदर्शन में मनोविज्ञान से सम्बन्धित जिन अंगों का विशिष्ट विवेचन हुआ है, उनमें – ईश्वर, पुरुष, चित्त, कर्माशय, संस्कार, चित्त की भूमियाँ, सूक्ष्म–शरीर आदि महत्त्वपूर्ण हैं।

भारतीय मनोविज्ञान योगशास्त्रीय होने के कारण मन, बुद्धि और आत्मसाक्षात्कार पर विशेष ज़ोर देते हैं। योगी योग साधना के द्वारा सूक्ष्म एवं सूक्ष्मतर वस्तुओं का भी साक्षात्कार कर लेते हैं। पाश्चात्य मनोवैज्ञानिक समस्त कार्यकलापों का कर्त्ता मन (*Mind*) को मानते हैं जबकि भारतीय मनोवैज्ञानिक विशेषकर सांख्य एवं योग के अनुयायी मन को आत्मा से भिन्न मानते हैं। योग–दार्शनिकों की मान्यता है कि मन जड़ प्रकृति का विकार है, चेतन तत्त्व पुरुष के संयोग से ही उसमें गतिशीलता आती है। अतः भारतीय मनोविज्ञान चित्त अथवा मन को प्रकाशित करने वाली आत्मा का विवेचन हुआ है क्योंकि इसके बिना मानसिक क्रियाओं का अध्ययन नहीं किया जा सकता है।

पुरुष (Self)

पात´जल योगसूत्र एवं योगभाष्यों चेतनतत्त्व पुरुष का वर्णन विशेष रूप से किया गया है। पत´जलि ने चेतन तत्त्व को पुरुष कहा है। सांख्य में भी पुरुष को त्रिगुणातीत, विवके सम्पन्न, अपरिणामी बतलाया गया है।[2] पुरुष स्वयं कर्तृत्व एवं भोक्तृत्व आदि से परे है किंतु लौकिक विषयों के सम्पर्क में

आने से पुरुष स्वयं को बुद्धिगत कर्तृत्व एवं भोक्तृत्व समझने लगता है।[3] योग-दर्शन में पुरुष के दो भेद माना गया है – एक पुरुष अविद्या आदि पाँच क्लेशों, त्रिविध वर्गों तथा उसके विपाक से सर्वथा अपरामृष्ट है, जिसे 'ईश्वर' कहा जाता है।[4] ईश्वर नाम से अभिधीयमान इस पुरुष में निरतिशय सर्वज्ञता विद्यमान रहती है।[5] इसके विपरीत दूसरा पुरुष अविद्या आदि पाँच क्लेशों, त्रिविध वर्गों तथा उससे प्रसूत कर्माशय से उत्पन्न होते हैं। ये संख्या में अनंत होते हैं। यह पुरुष ही निरन्तर की जाने वाली अष्टाङ्ग योग साधना के कारण ही समाधि की ओर अग्रसर होता है तथा विविध विभूतियों का साक्षात्मकार करते हुए कैवल्य को प्राप्त करता है, जिसके फलस्वरूप त्रिविध दुःखों से निवृत्ति हाती है।

मन (Mind)

पाश्चात्य मनोविज्ञान में मन (*Mind*) को स्वतंत्र पदार्थ नहीं माना गया है अपितु इसे केवल मस्तिष्क का किया कहा गया है। जबकि भारतीय योग-परम्परा में मन को एक स्वतंत्र पदार्थ के रूप में स्वीकार किया गया है। इनके अनुसार मन की सहायता से ही पुरुष को सुख-दुःख की अनुभूति होती है।[6] मन को परिमाण में अत्यंत सूक्ष्म अथवा अणु माना गया है और प्रत्येक आत्मा के लिए मन पृथक्-पृथक् होती है, इसलिए मन भी अनन्त होते हैं।[7] सांख्य-योग परम्परा में मन को त्रिगुणात्मक प्रकृति से उत्पन्न बताया गया है। उनके अनुसार महत् से अहङ्कार एवं अहङ्कार से पंचतन्मात्राओं के साथ-साथ 11 इन्द्रियों में अन्यत्तम है। मन का मुख्य कार्य संकल्प एवं विकल्प करना है।[8] मनोविज्ञान में मन का कार्य संकल्प-विकल्प करके निर्णय करना बतलाया गया है। पाश्चात्य मनोवैज्ञानिक **Sigmund Freud** ने चेतना (*Consciousness*) के आधार पर मन के तीन भाग किए हैं –

Id :– Inborn part of unconscious mind.

Ego: - Reality principle to satisfy the Id.

Super Ego: - Moral Imparatives.

योग-दर्शन में 'मन' के स्थान पर प्रायः चित्त शब्द का प्रयोग किया गया है। पतं जलि ने साधनपाद के अंत में मन में 'धारणा हेतु योग्यता' को इसका फल मानते हैं।[9] साथ ही साथ यह भी कहा है कि धारणा चित्त का देश-विशेष में बन्ध है।[10] योगदर्शन में बुद्धि का कार्य भी चित्त से लिया जाता

है। वस्तुतः योगदर्शन में प्रयुक्त चित्त पद मन, बुद्धि, चित्त और अहङ्कार चारों का वाचक है। योग–दर्शन में चित्त (मन) को आकाश के समान विभु परिमाण वाला माना गया है। यह दो प्रकार का है — कारणचित्त और कार्यचित्त। कारणचित्त का परिमाण विभु तथा परिवर्तनीय है, किंतु कार्यचित्त प्रत्येक जीव के साथ अलग–अलग नियत है। यह शरीर के अनुकूल फैलता और संकुचित होता हुआ प्रतीत होता है। किंतु विभु होने पर इसे वासनायें सीमित कर देती हैं। अतः योगसाधना द्वारा कार्यचित्त को कारणचित्त में परिवर्तित करने का प्रयत्न किया जाता है। कारणचित्त में परिणत चित्त स्वच्छ दर्पण के समान निर्मल हो जाता है और तीनों कालों का अवभासन होने लगता है।[11]

पाश्चात्य मनोविज्ञान में मन (*Mind*) को मस्तिष्क का क्रियामात्र माना गया है। इनका मानना है कि मन की समस्त क्रियायें मस्तिश्क द्वारा ही नियंत्रित होती हैं। अमेरिकन मनोवैज्ञानिक जे०वी० वाटसन के अनुसार मनोविज्ञान के लिए व्यक्ति के मानसिक व्यवहार (*Human behaviour*) का ही अध्ययन आवश्यक है। योगदर्शन में चेतना के अंतर्गत ही मूल प्रवृत्तियों का अध्ययन किया जाता है। योगदर्शन में मन (चित्त) की चार अवस्थायें बतलाई गई हैं — जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति तथा तुरीयावस्था। मनोविज्ञान में भी चेतना के मूल में मन की तीन अवस्थायें — चेतन, अचेतन तथा अतिचेतन। योगदर्शन में कहा गया हे कि जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति अवस्थायें प्रत्येक मानव के चित्त में होती है। जाग्रत अवस्था में चित्त का सम्बन्ध भौतिक जगत् में कार्य करने वाले स्थूल शरीर से रहता है। इस अवस्था में पुरुष(जीव) स्थूल शरीर के अंदर तेज और वीर्य में स्थित रहता है। वह जीव ज्ञानेन्द्रियों के माध्यम से बाह्य जगत् का साक्षात्कार करता है।[12] अतः योग परम्परा के अनुसार जाग्रत अवस्था में व्यक्ति अज्ञान के बंधन में बंधा रहता है। चित्त की दूसरी अवस्था स्वप्नावस्था रजोगुण प्रधान अवस्था है, इसमें स्थूल शरीर का व्यापार बंद हो जाता है। चेतन मन की क्रियायें शांत हो जाती हैं किंतु अचेतन मन क्रियाशील रहता हे। योगवासिष्ठ के अनुसार जिस प्रकार बीज में वृक्ष को अनुभव करने की कल्पना की जा सकती है, उसी प्रकार स्वप्नावस्था में भी जीव समस्त विश्व को अपने में समाहित अनुभव करता है। इस अवस्था में अपने वासना के अनुकूल स्वप्न दिखाई पड़ते हैं।[13] स्वप्नावस्था में विषयों का ज्ञान तो रहता है लेकिन इन्द्रियों के साथ विषय का सन्निकर्ष नहीं होता। आचार्य प्रशस्तपाद ने तो स्वप्नावस्था को अविद्या का एक प्रकार माना है।[14]

आधुनिक मनोवैज्ञानिकों के अनुसार स्वप्नावस्था मानव की वासनाओं की तृप्ति कराने वाली अवस्था है। इनका माना है कि जाग्रत अवस्था में जिन इच्छाओं की पूत्ति नहीं हो पाती उसकी पूर्त्ति स्वप्नावस्था में हो जाती है। अतः मनोविज्ञान में स्वप्नावस्था को अतृप्त वासनाओं की तृप्ति का साधन माना गया है। इसलिए मनोविज्ञान में स्वप्न (*Dream*) को पृथक् उप-विषय के अंतर्गत रखा गया है।

सुषुप्ति अवस्था तमोगुण प्रधान अवस्था हाती है, जिसमें जाग्रत तथा स्वप्न अवस्था दोनों के ही विषयों का अभाव रहता है।[15] चित्त की चतुर्थ अवस्था को 'तुरीय' अवस्था कहा जाता है। यह अवस्था विषय एवं विचारों से रहित विशुद्ध चेतन अवस्था है,जो स्वयं आनंदपूर्ण अवस्था में प्रकाशित होती है। इस अवस्था में जीव ब्रह्म से तादात्म्य प्राप्त कर लेता है। योगसूत्र में तुरीय की अवस्था को समाधि की अवस्था कहा गया है। आधुनिक मनोविाान में चेतन, अचेतन तथा अतिचेतन — ये तीन मन की अवस्थायें स्वीकृत हैं। इनका मानना है कि स्वप्न और सुषुप्ति की अवस्थायें अचेतन मन की ही दो अवस्थायें हैं।[16]

चित्तभूमियाँ

क्षिप्त, मूढ़, विक्षिप्त, एकाग्र तथा निरूद्ध — ये पाँच चित्त की भूमियाँ हैं।[17] चित्त की ये भूमियाँ ही मानव में कार्य करने की प्रवृत्ति की योग्यता उत्पन्न करती है। क्षिप्त एवं मूढ़ भूमियों को समाधि के अनुकूल नहीं माना गया है। केवल एकाग्र और निरूद्ध चित्त भूमि में उत्पन्न स्थिरता ही समाधि के अनुकूल हैं। इस एकाग्र अवस्था का वर्णन करते हुए मनोविज्ञान में कहा गया है —

"Meditation is a several methods of focusing concentration away from thoughts and feelings and generating a sense of relaxation."[18]

अतः मनोविज्ञान में ध्यान (*Meditation*) हेतु एकाग्र एवं निरूद्ध को सर्वाधिक उपयोगी स्वीकार किया गया है। योगदर्शन में मन अथवा चित्त की ज्ञानात्मक कियायें पाँच मानी गई है — प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा और स्मृति।[19] योगदर्शन में तीन प्रमाण — प्रत्यक्ष, अनुमान तथा शब्द प्रमाण है। इन्द्रियों के सन्निकर्ष से उत्पन्न ज्ञान ही प्रत्यक्ष प्रमाण है। आधुनिक मनोविज्ञान में भी

किसी भी वस्तु का ज्ञान प्राप्त करने के लिए विषय का इन्द्रिय से सम्पर्क आवश्यक माना गया है –

"The process of interpreting that gathered information through sensation and forming images of the world is called perception."

विपयर्य विपरीत अथवा मिथ्या ज्ञान को कहा जाता है। अतएव इसमें जो ज्ञान होता हे, वह वस्तु के स्वरूप के विपरीत होता है।[20] यह ज्ञान प्रत्यक्ष के द्वारा बाधित होता है। मनोविज्ञान में इसे *'Illusion'* के अंतर्गत विशद् विवेचन किया गया है। 'विकल्प' असत् ज्ञान है । शब्दज्ञानसे सर्वथा भिन्न होता है, 'विकल्प' कहलाता है । जैसे – बन्ध्यापुत्र, आकाशपुष्प आदि का ज्ञान विकल्प ज्ञान है। 'निद्रा' जब तमोगुण के अधीन होता है तथा चित्त में जाग्रत एवं स्वप्नावस्था का अभाव होता है, यह वृत्ति निद्रा कहलाती है।[21]

स्मृति (Memory)

'स्मृति' योगदर्शन का अत्यंत महत्वपूर्ण वर्ण्यविषय है। चित्त द्वारा भूतकाल में अनुभूत विषयों का संस्कारवश कालांतर में पुनः जाग्रत होना स्मृति कहलाता है।[22] पाश्चात्य मनोवैज्ञानिक सिगमंड फ्रायड के अनुसार – "स्मृति को उत्पन्न करने वाला संस्कार अचेतन मन की किया है।" पुनः मनोवैज्ञानिक वुडवर्थ ने स्मृति (*Memory*) के विषय में कहा हे –

"Memory consists in learning, retaining and remembering what has previously been learnt."

योगदर्शन में स्मृति दो प्रकार का माना गया है – भावितस्मर्त्तव्य विषया तथा अभावित स्मर्त्तव्य विषया। प्रथम स्मृति अल्पकालीन होता है जबकि द्वितीय स्मृति दीर्घकालीन होता है। मनोविज्ञान में भी स्मृति दो प्रकार का माना गया है (*i*) *Short Term Memory (STM)* तथा (*ii*) *Long Term Memory (LTM)* मनोविज्ञान में *STM* को अल्पकालीन माना गया है जबकि *LTM* को दीर्घकालीन माना गया है। स्मृति को एक चित्र द्वारा समझा जा सकता है –

Model of Memory



STM = Short Term Memory (Holds only few items)
LTM = Long Term Memory (Holds tremendous amount of information)

मनोभावनायें (Emotions)

भारतीय दर्शन में राग, द्वेष, क्रोध, ईर्ष्या, काम, अहंकार आदि मनोभावों का विवेचन किया गया है। मनोविज्ञान में भी '*Human Behaviour*' अध्याय के अंतर्गत इन मनोभावनाओं का वर्णनकिया गया है। 'राग' के कारण ही तृष्णा और आसक्ति उत्पन्न होती है। मनोविज्ञान में राग का कारण अंतःस्रावी हार्मोन को माना गया है। 'काम' की उत्पत्ति रजोगुण से स्वीकार की गई है। काम का अर्थ है — इच्छा। स्त्री–पुरुष के परस्पर यौन सम्बन्ध को भी काम कहते हैं। बुद्धघोष के अनुसार काम शब्द का अर्थ समस्त विषयों से उत्पन्न सुख से है। मनोविज्ञान में काम को मानव का आवश्यक किया माना गया है, इसके अभाव में मानव की मानसिकता विकृत हो जाती है। चित्त की प्रज्वलनशीलता का नाम क्रोध है, जिसके कारण कर्त्तव्य और अकर्त्तव्य का विवेक समाप्त हो जाता है। भय, विषाद, उद्वेग, शोक, लोभ, स्पृहा, अहंकार, द्वेष आदि का विवेचन भी योगशास्त्र में हुआ है। योगसूत्रकार पतंजलि ने चित्त की समस्त मनोभावनाओं और क्रियाओं को क्लेशहेतुक और अक्लेशहेतुक मानते हुए क्लेशों को अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश— इन पाँच भागों में विभाजित करते हुए इसे अविद्या का मूल माना है।

कर्माशय

कामना अथवा मनोभावनायें विभिन्न अवस्थाओं में परिणत होती हुई संचित होने पर 'कर्माशय' कही जाती है। अविद्या आदि से उत्पन्न चित्त और इन्द्रियों के व्यापार को कर्म कहा जाता है और इन कर्मो से उत्पन्न संस्कारों को आशय कहते हैं। अविद्यादि से उत्पन्न कर्मो का संस्कार (कर्माशय) अपना फल इस जन्म और जन्मांतर दोनों में ही दिखाते हैं। इनके तीन फल हैं – जाति, आयु और भोग। ये समस्त कर्म ही प्राणियों को सुख-दुःख का अनुभव कराते हैं। यह भोग अनित्य है अर्थात् समस्त लौकिक सुख भी यथार्थतः दुःख ही है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि विषय-वस्तु के दृष्टिकोण से योग-दर्शन एवं मनोविज्ञान का गहरा सम्बन्ध है। यह तो सर्वविदित है कि योग-परम्परा अत्यंत प्राचीन है और इसमें मानव के समस्त व्यवहारों यथा चित्त, चित्तभूमि, वासना, भावनाओं, ध्यान, समाधि आदि का सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए इसके व्यवहारिक पक्ष पर ज़ोर दिया जाता है। वहीं मनोविज्ञान का मानव से सम्बन्ध मानव उत्पत्ति के समय से रहा है, कालांतर में मानव-व्यवहारों का सूक्ष्म विश्लेषण हेतु से एक 'विज्ञान' का रूप दे दिया गया। वर्तमान में मनोविज्ञान के अध्ययन परम्परा में अध्यात्म जीवन के अपेक्षा लोक-जीवन पर अधिक ज़ोर दिया जा रहा है। सम्प्रति सामान्य मनोविज्ञान, समाज मनोविज्ञान, बालमनोविज्ञान, शिक्षा मनोविज्ञान आदि अनेक विधाओं का अध्ययन किया जा रहा है। किंतु योगदर्शन में प्रतिपादित मनोविज्ञान के अध्ययन में अध्यात्म पर केन्द्रित होने के कारण मनोविज्ञान के उपर्युक्त शाखाओं का प्रायः अध्ययन नहीं हो पाया है। लेकिन इस शोध-अध्ययन से स्पष्ट होता है कि वर्तमान मनोविज्ञान को भारतीय योग परम्परा ने प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित अवश्य किया है । यदि हम यह कहें कि वर्तमान मनोविज्ञान के बीज योग-दर्शन में निहित हैं तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

इति शुभ्।

संदर्भ-सूची

1. योगश्चितवृत्तिनिरोधः। 1-1-2, योगसूत्रम्
2. त्रिगुणविवेकिविषयः सामान्यचेतनं प्रसवधर्मि।
   व्यक्तं तथा प्रधानं तद्विपरीतस्था पुमान्।। सांख्यकारिका - 11

3. तद् वृत्यनुपाती विषयः सन्निधानमात्रात्पुरुषेण संचेतितो नास्यौदासीन्यं बाधितमुत्सहते। – युक्तिदीपिका, 117
4. क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः। योगसूत्र – 1/24
5. तत्र निरतिशयं सर्वज्ञबीजम्। – येागसूत्र 1/25
6. सुखदुःखाद्युपलब्धि साधनमिन्द्रियं मनः। तर्कसंग्रह, पृ0 –42
7. तत् च प्रत्यात्मनिष्यतत्त्वादनन्तम्। तर्कसंग्रह, पृ0 – 52
8. संकल्पकमिन्द्रियं च साधर्म्यात्। सांख्यकारिका, 27
9. धारणासु च योग्यता मनसः। योगसूत्र 2/53
10. देशबन्धश्चित्तस्य धारणा। योगसूत्रम् 3/1
11. योगमनोविज्ञान, पृष्ठ 61–62 एवं 328–329
12. योगवासिष्ठ — 4/15,16,17,19
13. वही, 4/26–33
14. अथाविद्या सा च संशयविपर्यस्वप्नान्ध्यवसाय भेदाच्चतुर्धा।
—प्रशस्तपादभाष्य, पृ0 – 115
15. अभावप्रत्सययालम्बना वृत्तिर्निद्रा। योगसूत्रम् 1/10
16. योगमनोविज्ञान, पृ0 – 326–328
17. क्षिप्तं मूढ़ं विक्षिप्तं एकाग्रं निरुद्धं– इति चित्तभूमयः।
योगभाष्य, पृ0–7
18. *Psychology : An Introduction byBenjamin B.Lahey, Chapter-4, 'State of Consciousness', pp. 153*
19. प्रमाणविकल्पनिद्रास्मृतयः। योगसूत्र – 1/6
20. विपर्ययोमिथ्याज्ञान मतद्रूपप्रतिष्ठम् । योगसूत्र 1/8
21. अभाव प्रत्ययालम्बनावृत्तिनिद्रा। 1/10
22. संस्कारमात्रजन्यं ज्ञानं स्मृति। – तर्कसंग्रह, पृष्ठ – 68

कालिदास विरचित रघुवंश महाकाव्य में वर्णित जैविक एवं प्रौद्योगिक विज्ञान : एक विश्लेषण

डॉ0 सुरेश मिश्र,
पूर्व गवेषक, संस्कृत विभाग,
पटना विश्वविद्यालय, पटना

महाकवि कालिदास की रचनाएं विविध ज्ञानों से परिपूर्ण हैं। इनकी रचनाओं के सम्यक् अध्ययन एवं विश्लेषण से स्पष्टतः प्रतीत होता है कि कालिदास की रचनाओं में साहित्यिक चिन्तन में वैज्ञानिक विश्लेषण भी समाहित हैं। वस्तुओं के भोज्यत्व और अभोज्यत्व की परिधि के ज्ञान में आयुर्वेद का सर्वाधिक महत्त्व है। इसी कम में कृषि विज्ञान का विकास किया गया, क्योंकि वस्तुओं की प्रचुरता इसके बिना संभव नहीं है। आयुर्वेद कृषि विज्ञान की प्रगति के लिए वनस्पति शास्त्र, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, भूतत्व विद्या आदि का विकास अपेक्षित है। दिन, मास, ऋतु, ग्रह, नक्षत्र आदि की प्रवृति का ज्ञान ज्योतिष विज्ञान से ही संभव है।

प्रस्तुत निबंध में महाकवि कालिदास द्वारा विरचित ग्रंथ 'रघुवंश महाकाव्य' में वर्णित अन्य विषयों के अतिरिक्त वैज्ञानिक चिन्तन का विश्लेषण अभीष्ट है। महाकवि कालिदास का अनुसंधान साहित्यिक एवं दार्शनिकज्ञान तक ही सीमित नहीं था। उन्होंने प्रकृति एवं पदार्थ के रहस्यों के वैज्ञानिक पक्षों को भी उजागर किया है। वैज्ञानिक अनुसंधान की उनकी रीति-नीति आधुनिक विज्ञान की संकीर्ण सीमाओं में न बंधते हुए भी उच्चस्तरीय, आकर्षक एवं सम्मोहक है। इनकी रचनाओं में विज्ञान की विविध धाराएं-तंत्र, ज्योतिष, गणित, आयुर्वेद, मनोविज्ञान, भौतिक, रसायन-शास्त्र, कृषि विज्ञान, वनस्पति एवं जन्तु विज्ञान आदि रूपों में प्रवाहित हुई हैं।

भौतिक विज्ञान में शक्ति के कार्य का अध्ययन होता है। साधारण गति, विद्युत, प्रकाश तथा शब्द सभी एक दूसरे में परिवर्तनशील हैं। शक्ति विनष्ट नहीं होती है, उसका केवल स्वरूप बदलता है। इसे ही भौतिक विज्ञान कहते हैं। आलोच्य महाकाव्य में अनेक स्थलों पर भौतिक विज्ञानसम्मत दृष्टांत दिए गए हैं जिसमें कवि के विशिष्ट ज्ञान का परिचय प्राप्त होता है।

म्हाकवि कालिदास प्रणीत रघुवंश महाकाव्य में राजा दिलीप की तुलना सूर्य से की गई है, जो अपनी किरणों से धरती का जल सोखकर पुनः वर्षा

के रूप में धरती पर फैलाता है। ठीक उसी प्रकार राजा दिलीप भी प्रजा से प्राप्त 'कर' को प्रजा की भलाई में ही खर्च करते हैं।

प्रजानामेव भूत्यर्थं स ताभ्यो बलिमग्रहीत्।
सहस्रगुणमुत्सष्टुमादत्ते हि रसं रविः।।[1]

महाकवि ताप के द्वारा जल के वाष्पीकरण की क्रिया से अवगत प्रतीत होते हैं। किसी भी तरल पदार्थ को जब उष्मा दिया जाता है तो उसके अणुओं में कंपन शुरू हो जाता है जो उष्मा से प्राप्त उर्जा के कारण होता है। एक सीमा के पश्चात् तरल पदार्थ के अणुओं को इतनी उर्जा मिल जाती है कि उसके अन्तर आणविक दूरी बहुत बढ़ जाती है और पदार्थ तरल से गैसीय अवस्था में पहुंच जाती है जो पुनः तापमान के कम होने पर घनीभूत होकर द्रव्यावस्था में आ जाता है। सूर्य की किरणों से पर्याप्त उष्मा मिलने पर जल वाष्पीकृत हो जाता है जो बादल के रूप में ऊपर उठ जाता है तथा उपयुक्त वातावरण मिलने पर पुनः जलवृष्टि कर उसे धरती पर वापस कर देता है।

यह एक वैज्ञानिक तथ्य है कि हवा के कॉलम के कंपन (*Vibration of Air Column*) से तरंग-दैर्घ्य (*Wave length*) की लम्बाई पर निर्भर करता हुआ अलग-अलग आवृति (*Frequency*) का स्वर उत्पन्न होता है। कवि ने इस वैज्ञानिक तथ्य को अत्यन्त कलात्मक ढंग से चित्रित किया है। द्रष्टव्य है स्थल —

स कीचकैर्मारुतपूर्णरन्ध्रैः कूजादिभापादितवंशकृत्यम्।
शुश्राव कुंजेषु यशः स्वमुच्चैरुद्गीयमानं वनदेवताभिः।।[2]

यहाँ छिदो में भरी हुई हवा से गूंजने वाले बांस का वर्णन है जिससे मधुर स्वर प्रस्फुटित होता है। वन-देवियाँ वन की कुंजों में ऊँचे स्वर से राजा दिलीप का यश गा रही थी। उस गीत के साथ वे बांस की बांसुरी बना रहे थे, जिनके छिद्रों में वायु भर जाने के कारण अत्यन्त मधुर स्वर निकल रहे थे।

महाकवि कालिदास ने राम के द्वारा चलाये गए ब्रह्मास्त्र का अत्यन्त आकर्षक चित्र अंकित किया है। कवि द्वारा वर्णित प्रसंग का भावार्थ यह है कि राम साधारण धनुषधारी नहीं थे। उन्होंने रावण को मारने के लिए धनुष पर वह ब्रह्मास्त्र चढ़ाया, जो कभी व्यर्थ नहीं जाता था। वह सीता की शोकरूपी कांटों को निकालने की अचूक औषधि जैसा था। आकाश में जाते ही वह

ब्रह्मास्त्र दस भागों में बंट गया और उसमें निकलने वाली आग फणों का चमकीला मण्डल लिये हुए शेषनाग जैसी दीख रही थी। मंत्रचालित उस ब्रह्मास्त्र से रावण के दसों सिर आधे पल में काटकर पृथ्वी पर गिरा दिया। द्रष्टव्य है स्थल –

अमोघ सन्दधे चास्मै धनुष्येकधनुर्धरः।
ब्रह्मास्त्रं प्रियाशोकशल्यनिष्कर्षणौषधम्।।
तद्व्योम्नि शतधा भिन्न ददृशे दीपितमन्मुखम्।
वपुर्महोरगस्येव करालफणमण्डलम्।।
तेन मंत्रपुयुक्तेन निमेषार्धादपातयत्।
स रावणशिरः पक्तिमज्ञातव्रणवेदनाम्।।[3]

वर्तमान समय में भी इन्हीं परिकल्पनाओं के आधार पर मल्टिहेड मिसाइल का निर्माण हुआ है जो एक साथ एक से अधिक लक्ष्यों को बेधने में सक्षम है।

महाकाव्य के तृतीय सर्ग में महाकवि ने पृथ्वी के भीतर अग्नि मौजूद होने की बात कही है जो विज्ञानसम्मत है। गर्भिणी रानी सुदक्षिणा के रूप–लावण्य का वर्णन करते हुए कहा गया है कि रानी वैसी ही महत्वशालिनी लग रही है जैसे बहुमूल्य रत्नों से भरी तथा समुद्र से घिरी हुई पृथ्वी अपने भीतर अग्नि पाये भीतर ही भीतर जल बहाने वाली सरस्वती नदी होती है –

निधानगर्भामिव सागराम्बरां शमीमिवाभ्यन्तरलीनपावकाम्।
नदीमिवान्तः सलिलां सरस्वतीं नृपः ससत्वां महिषिममन्यत।।[4]

यह एक वैज्ञानिक तथ्य है कि पृथ्वी के अन्दर तापमान में निरन्तर वृद्धि होती जाती है। एक अवस्था ऐसी आती है, जब कठोर–से–कठोर धातु भी तरल अवस्था में पहुँच जाता है। धरती के सबसे भितरी भाग में तापमान 2500° ज्वालामुखी के अथवा कभी–कभी गर्म लावा महाद्वीपीय सतह की अपेक्षा कम गहराई में ही उपस्थित है जो महासागरीय गर्त से हमेशा बाहर आता रहता है।

महाकवि कालिदास के काव्यों में ज्योतिष, मौसम एवं खगोल शास्त्र के अनेक सिद्धान्त चमत्कारिक ढंग से बताये गये हैं। ज्योतिषशास्त्र की व्युत्पत्ति 'ज्योतिषां सूर्यादिग्रहणां बोधकं शास्त्रम्' कहकर की गई है। अर्थात् सूर्यादिग्रह और काल बोध कराने वाले शास्त्र को ज्योतिष शास्त्र कहा जाता

है। इसमें प्रधानतः ग्रह, नक्षत्र, धूमकेतु आदि ज्योति पदार्थों का स्वरूप, संचार, परिभ्रमण, काल, ग्रहण एवं स्थिति एवं संचारानुसार शुभाशुभ फलों का कथन किया जाता है। कुछ मनिषियों का मत है कि नभ मण्डल में स्थित ज्योति संबंधी विविध विषयक विद्या को ज्योर्तिविद्या कहते हैं। इस विद्या का सांगोपांग वर्णन ज्योतिषशास्त्र है।

महाकवि कालिदास के काव्य में केवल समय-विभाग तक ही ज्योतिष सीमित नहीं था, बल्कि ज्योतिष के मौलिक सिद्धान्त भी वर्णित हैं। रघुवंशमहाकाव्य के कई श्लोकों से सिद्ध होता है कि पृथ्वी, अन्तरिक्षी, द्यौ, सूर्य और चन्द्रमा ये कमशः ऊपर-ऊपर हैं। इस विषय में महाकवि का कहाना है कि सूर्य आकाश की, चन्द्रमा नक्षत्र-मण्डल की, वायु अन्तरिक्ष की परिकमा करते हैं और अग्निदेपव पृथ्वी पर निवास करते हैं। रघुवंश महाकाव्य के अध्ययन से यह स्पष्ट हो जाता है कि लोक अनन्त और अपार हैं, इसका कभी विनाश नहीं होता। पृथ्वी के ऊपर अंतरिक्ष और अंतरिक्ष के ऊपर द्यौ है। इस द्यौ लोक में सूर्य भ्रमण करता है। अन्तरिक्ष में केवल वायुगमन करता है। सूर्य के ऊपर चन्द्रमा स्थित है, इसका गमन नक्षत्रों के मध्य होता है। मेघ, वायु, विद्युत — ये तीनों ही अंतरिक्ष और द्यौ के मध्य में हैं।

महाकवि कालिदास को नक्षत्रों का पूर्ण ज्ञान था। इन्होंने अपने पर्यवेक्षण द्वारा मालूम कर लिया था कि सम्पात बिन्दु भरणी का चतुर्थ चरण है। अतएव कृतिका से नक्षत्र गणना की जाती है।

रघुवंश महाकाव्य में सूर्यग्रहण एवं चन्द्रग्रहण का वर्णन मिलता है। इस स्थान पर ग्रहणों की उपद्रव शांति के लिए इन्द्र आदि देवताओं से प्रार्थनाएं की गई हैं। महाकवि कालिदास ने रघुवंश महाकाव्य के सप्तम सर्ग के 19वें श्लोक में चन्द्रमा की नई किरणों के द्वारा समुद्र के उजले फेन वाली लहरों को किनारे तक खींच लाने का वर्णन किया है —

दुकूलवासाः स वधूसमीपं निन्ये विनीतैरवरोधरक्षैः।
वेलासकाशं स्फुटफेनराजिर्नवैरुदन्वानिव चन्द्रपादैः।।[5]

वैज्ञानिक तथ्य यह है कि अमावश्या, सूर्य, पृथ्वी तथा चन्द्रमा की ऐसी खगोलिय स्थिति है जिसमें चन्द्रमा तथा सूर्य का संयुक्त गुरुत्वाकर्षण समुद्र में ज्वार पैदा करता है।

पर्यावरण एक पृथक् विज्ञान है, क्योंकि यह वह विज्ञान है जो जीवन विज्ञान की किसी ऐसी शाखा में ऐसे सुव्यस्थित रूप से संग्रहित अथवा वर्णित नहीं है। इसमें पृथक् तकनीक एवं कियाओं का उपयोग होता है तथा उसका विशिष्ट दृष्टिकोण है। महाकवि कालिदास महान् पर्यावरणविद् थे। रघुवंश महाकाव्य के पंचम सर्ग में कवि ने पर्यावरण से संबंधित कुछ तथ्यपूर्ण विचार प्रकट किया है। द्रष्टव्य —

निर्वर्त्यते यैर्नियमाभिषेको येभ्यो निवापं जलयः पितृणाम्।
तान्यं छषष्ठाङ्कितसैकतानि शिवानि बस्तीर्थजलानि कच्चित्।।[6]

इस श्लोक में महाकवि ने नदियों के जल की स्वच्छता की ओर इशारा किया है, जो मानव जीवन का आधार है। कवि पर्यावरण के प्रति सजग प्रतीत होते हैं। कवि की पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने का एहसास है। स्वच्छ नदी के जल के ऊपर अनेक प्रकार के प्राणियों का जीवन आधारित है। वर्तमान समय में नदियों का दूषित जल पर्यावरणविदों के लिए चिन्ता का विषय है। आज इसके लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास किया जा रहा है।

रघुवंश महाकाव्य में अनेक स्थलों पर शस्त्र का वर्णन मिलता है। इस महाकाव्य में सैनिकों का भी अनेक स्थानों पर वर्णन है जिसमें वर्णित है कि ऋषि आदि शस्त्रों से सुसज्जित उनके पास ऐसे शस्त्र भी हैं जिनमें चलने के लिए विद्युत प्रयुक्त होती है। ये सैनिक विद्युत चालित रथों पर अपने ऋष्टि आदि अस्त्र-शस्त्र रखकर चलते हैं।

महाकाव्य रघुवंश के पंचम सर्ग के 57वें श्लोक में गंधर्वराज प्रियदर्शन द्वारा अज को सम्मोहनास्त्र दिए जाने की चर्चा है। द्रष्टव्य है —

सम्मोहनं नाम सखे! ममास्त्रं प्रयोगसंहारविभक्तमंत्रम्।
गान्धर्वमादत्स्व यतः प्रयोक्तुर्न चारिहिंसा विजयश्च हस्ते।।

शस्त्र विज्ञानियों का वर्तमान समय में प्रयास चल रहा है जिससे कम-से-कम नुकसान कर युद्ध जीता जा सके। आजकल ध्वनि तरंगों बंदूकों की खोज की जा रही है, जो मानव या जीव को थोड़े समय के लिए अक्षम कर दे। सम्मोहास्त्र भी इसी सिद्धान्त पर कार्य करती है।

कालिदास वाङ्मय में आयुर्वेद की गौरवमयी परम्परा रही है। ऋषियों ने इसे अति पुरातन एवं शाश्वत कहा है। सभी संहिताकारों ने ब्रह्म से आयुर्वेद का प्रादुर्भाव माना है। वेदों में आयुर्वेदीय तथ्यों को पाया जाना इसका प्रमाण है।

महाकवि कालिदास के काव्यों में ब्रह्मज्ञान का आधार शरीर को माना गया है। अतः अन्न का पाचन आदि के बारे में स्पष्ट वर्णन मिलता है।

महाकवि कालिदास के काव्यों में रसायन विद्या से वयः स्थापन, आयु तथा बल प्राप्ति की विवेचना है। इससे रोगों को दूर करने की सामर्थ्य आती है।

रघुवंश महाकाव्य में सर्वाधिक वनस्पतियों एवं जीव-जन्तुओं का वर्णन हुआ है। इस महाकाव्य के विभिन्न सर्गो में वर्णित वनस्पतियों में साल, कुमुद, कदम्ब, कुशा, निबार, कल्पवृक्ष, घास, देवदारु, लोध्र, शमी, ईख, धान, काली मिर्च, लौंग, चन्दन, केतकी, ताड़, नागकेशर, खजूर, अखरोट, अंगूर, भोजपत्र, बांस, कालागुरू, करंजक, पान, सुपारी, इलायची, आम, अशोक, नलिनी, प्रियंगु, बरगद, कुबरक, बकुल, पलास, कनैर, तिलक, नवमल्लिका, यव, खैर, संजीवनी, मोथा, विषलता, तमाल, बेंत, रुद्राक्ष, सरपत, हिंगोद, मेवाल, अर्जुन, पाटल, शिरीष, दूर्वा, असन आदि का उल्लेख हुआ है।

रघुवंश महाकाव्य में प्रथमतः साल का वर्णन किया गया है, जिसके गोंद की गन्ध से सुरभित वायु सुखदायिनी होती है। दिग्विजय के लिए प्रसिद्ध रघु के सैनिक अंगूर की लताओं से घिरी हुई पृथ्वी पर बैठकर और मदिरा पीकर लड़ाई की थकान मिटाते थे।[7]

मनोहर गन्धवाली आम की बौर पुरानी मदिरा और पाटल के फूल लाकर गर्मी ने कामी पुरुषों की सभी कमियों को पूरी कर दी थी।[8]

महाकवि कालिदास ने जन्तु विज्ञान से संबंधित तथ्यों को भी अत्यन्त लाक्षणिकता से उकेरा है। महाकवि ने रघुवंश के प्रथम सर्ग के 29वें श्लोक में पंचतत्त्व निर्मित राजा दिलीप के शरीर का वर्णन किया है। ये पंचतत्त्व हैं — पृथ्वी, जल, तेज, वायु एवं आकाश।

त वेधा विदधे नूनं महाभूतसमाधिना।
तथा हि सर्वे तस्यसन्परार्थैकफला गुणाः।।

मानव शरीर में लगभग ४० प्रतिशत जल है तथा शेष कार्बनिक एवं अकार्बनिक पदार्थ हैं, जो पृथ्वी के तत्त्व हैं। वायु में उपस्थित ऑक्सीजन से शरीर के अन्दर फेफड़ा में अशुद्ध रक्त का संयोग होता है और इस प्रकिया के दौरान उष्मा की उत्पत्ति होती है जो शरीर के अन्दर मेटाबोलिक प्रकिया को जारी रखता है। शरीर की प्रत्येक कोशिकाओं के अन्दर रिक्त स्थान मौजूद रहता है जो आकाश को दर्शाता है। इन तत्त्वों से मिलकर गन्ध, रस, रूप, स्पर्श और शब्द जैसे गुणों की उत्पत्ति होती है। ये गुण मानव की पांच ज्ञानेन्द्रियों को इंगित करते हैं जो कमशः नाक, जीभ, आंख, त्वचा और कान हैं।

महाकवि कालिदास के काव्यों में जीव जन्तुओं का वर्णन भरपूर मिलता है। जीव–जन्तुओं में मोर, हिरण, नीलगाय, कामधेनु, नंदिनी, हंस, सिंह, चकवा–चकवी, साढ़, हाथी,सांप, घोड़, चातक, ऊँट, सुग्गा, मधुमक्खी, सियार, गृध्र, कोयल, कुत्ते, भैंसा, बलाका, अजगर, घड़िया, भालू, वानर, क्रौंच, हंस आदि का उल्लेख किया गया है।

रघुवंश महाकाव्य में कवि ने जीवों में सर्वप्रथम मोर का ही उल्लेख किया है। राजा दिलीप जब अपनी रानी सदक्षिणा के साथ ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में जा रहे हैं, उनके रथ की घरघराहट को बादल की गर्जना समझकर मोर षड्ज शब्द से कूकने लगे। राजा दिलीप और सुदक्षिणा का प्रेम चकवा–चकवी की तरह था।

अस्तु हम कह सकते हैं कि रघुवंश महाकाव्य में महाकवि कालिदास ने वनस्पति एवं जीवों का एक साथ वर्णन कर अपनी वैज्ञानिक सोच की प्रखरता का निरूपण किया है। सम्पूर्ण महाकाव्य के आद्योपान्त अध्ययनोपरान्त कहा जा सकता है कि महाकवि कालिदास का शास्त्रीय एवं व्यवहारिक ज्ञान कितना व्यापक एवं सार्वभौम था। भूगोल, खगोल, धर्मशास्त्र, राजनीति, ज्योतिष, आयुर्वेद आदि संस्कृत वाङ्मय की कोई शाखा ऐसी नहीं जिनकी पूर्णता की झलक उनके काव्यों में नहीं मिलती है।

वास्तव में महाकवि कालिदास की रचनाएं ललित, परिष्कृत, प्रसादपूर्ण एवं क्लिष्टता तथा कृतिमता से सर्वथा रहित हैं। साधारण–सी घटना को भी अपने रचना–कौशल से भव्य, मार्मिक और चमत्कारपूर्ण बना देना इनके लिए जैसे बाएं हाथ का खेल है। अस्थिपंजर कंकाल में भी प्राण फूंककर दिव्य सौन्दर्य प्रसाद करने की कला में ये विश्वसाहित्य में अपना सानी नहीं

रखते। व्यंजकता इनके काव्य की प्रथम विशेषता है। मानव-भावों को मूर्त्त रूप देकर व्यक्त करने की विलक्षण प्रतिभा और जड़-पदार्थ से भी चेतनवद् व्यवहार रखने वाला व्यक्ति भी इनकी रचनाओं से उतना ही आनन्दित होता है, जितना एक उद्भट विद्वान्।।

इति शुभ्।

संदर्भ सूची

1. रघु0, प्रथम सर्ग, श्लोक - 18, पृ0-04
2. रघु0, द्वितीय सर्ग, श्लोक - 12, पृ0-13
3. रघु0, द्वादश सर्ग, श्लोक - 97-99, पृ0-113
4. रघु0, तृतीय सर्ग, श्लोक - 9, पृ0-23
5. रघु0, सप्तम सर्ग, श्लोक - 19
6. रघु0, पंचम सर्ग, श्लोक - 8, पृ0-39
7. रघु0, महाकाव्य, 4.65
8. रघु0, महाकाव्य, 16.25

याज्ञवल्क्यसम्मत प्राणायाम का स्वरूप

डॉ0 संजय कुमार,
प्रकल्प सहायक,
पाण्डुलिपि संसाधन केन्द्र,
जवाहर लाल नेहरू पुस्तकालय,
कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र

महर्षि पतंजलि प्रणीत योगसूत्र के उपरान्त प्रायशः 'योगयाज्ञवल्क्य' योग का सर्वाधिक प्रामाणिक एवं महत्त्वपूर्ण शास्त्रीय ग्रन्थ माना जाता है। योग के बहुत से अन्य ग्रन्थों, यहां तक कि 'हठयोगप्रदीपिका' में भी योगयाज्ञवल्क्य से अनेक श्लोक उद्धृत है।[1] महर्षि पतंजलि ने सूत्ररूप में जिस अष्टाङ्गयोग का वर्णन किया है, याज्ञवल्क्य ने भी उन्हीं का विस्तारपूर्वक उल्लेख अपने योगशास्त्र में किया है।[2] इस ग्रन्थ की विशेषता है कि इसमें प्राणायाम के स्वरूप, भेदों, कियाविधि एवं फलश्रुति की विस्तार से व्याख्या की गई है।

'प्राण' शब्द 'प्र' उपसर्गपूर्वक √अन् से अच् या घञ् प्रत्यय लगकर निष्पन्न होता है, जिसका अर्थ है — श्वास, सांस, जीवन, जीवनशक्ति, जीवनदायी वायु, जीवन का सांस, जीवन का मूल तत्त्व।[3] 'प्राणायाम' समस्तपद 'प्राण' एवं 'आयाम' इन दो शब्दों से मिलकर बना है, अतः प्राणायाम का अर्थ है — प्राणों को वश में रखना। योग के आठ अङ्गों में चतुर्थ अङ्ग प्राणायाम है। शील एवं तपस्या के द्योतक यम-नियम से इन्द्रियों तथा आसन द्वारा शरीर के नियन्त्रित होने पर साधक प्राण-स्थैर्य के लिए अभ्यास करता है। प्राणायाम द्वारा प्राण के नियन्त्रण से मन को नियन्त्रित रखा जा सकता है। अतः चित्त की एकाग्रता के लिए प्राणायामक अभ्यास आवश्यक है।

प्रायः सभी भारतीय चिन्तनों का स्रोत वेद में प्राप्त होता है; अतः प्राणायाम का मूल भी वहां अन्वेष्टव्य है। यद्यपि इसका उद्देश्य प्राणायाम का प्रतिपादन करना नहीं है तथापि 'अथर्ववेद' के एक मन्त्र में इसका स्वरूप दृष्टिगोचर होता है —

नमस्ते अस्त्वायते नमो अस्तु परायते।
नमस्ते प्राण तिष्ठत् आसीनायोत ते नमः।।[4]

यहां पर 'आयत' व 'परायत' इन दो शब्दों से कमशः पूरक तथा रेचक, 'तिष्ठत्' (स्थिर) से कुम्भक और 'आसीनाय' से सम्भवतः बाह्यकुम्भक का बोध होता है। इससे ऐसा भी प्रतीत होता है कि याज्ञवल्क्य द्वारा प्रतिपादित इस प्राणायाम का मूल उन्हें वेदों से प्राप्त हुआ होगा। जिसका व्यावहारिक पक्ष उन्होंने सिद्धान्त के रूप में उपस्थापित किया।

प्रस्थानत्रयी में अन्यतम 'श्रीमद्भगवद्गीता' में भी प्राणायाम की प्रकिया स्फुट रूप से वर्णित नहीं है, परन्तु इसके एक श्लोक में इसका सैद्धान्तिक रूप दृष्टिगोचर होता है –

अपाने जुह्वति प्राणं प्राणेऽपानं तथापरे।
प्राणापानगती रुद्ध्वा प्राणायामपरायणाः।।
अपरे नियताहाराः प्राणान्प्राणेषु जुह्वति।[5]

अर्थात् कोई अपान में प्राण का हवन करते हैं, कोई प्राण में अपान का हवन करते हैं। कोई प्राणापान की गति रोककर प्राणायाम करते हैं। दूसरे नियमित आहार करने वाले योगीजन प्राणों को प्राणों में ही हवन करते हैं और कुछ लोग आहार को नियमित कर प्राणों का ही प्राणों में हवन करते हैं अर्थात् अपान (भीतर खींचे हुए श्वास) में प्राण (उच्छ्वास) का होम करने से पूरक प्राणायाम होता है और इसके विपरीत प्राण में अपान का होम करने से रेचक प्राणायाम होता है। प्राण और अपान इन दोनों के निरोध से वही कुम्भक हो जाता है। प्राणों का प्राणों में हवन केवल-कुम्भक हो जाता है। इस प्रकार श्रीमद्भगवद्गीता के उपर्युक्त श्लोकों में अपान में प्राण के हवन से पूरक प्राणायाम, प्राण में अपान के हवन से रेचक प्राणायाम, प्राण व अपान दोनों के निरोध से कुम्भक तथा प्राणों में प्राणों के हवन से केवल-कुम्भक का स्वरूप दृष्टिगोचर होता है।

तदनन्तर 'योगसूत्र' में सर्वप्रथम प्राणायाम का सूत्रात्मक शैली में स्पष्टतः स्वरूप प्राप्त होता है। वहां श्वास एवं प्रश्वास की स्वाभाविक गति के विच्छेद को प्राणायाम कहा गया है।[6] 'योगवासिष्ठ' में जागृत, स्वप्न व सुषुप्त से युक्त प्राणियों के लिए प्राणायाम को श्रेष्ठ साधन बताया है[7] और पूरक, कुम्भक व रेचक से इसे तीन प्रकार का बताया है। बिना प्रयास ही हृदयपद्मकोश से प्राणों की बहिर्मुखता का अभ्यास रेचक, बाहर से बारह अङ्गुल पर्यन्त अधोगमन करने वाले प्राणों के साथ अङ्गों का स्पर्श पूरक

तथा अपानवायु का शमन होने पर प्राणवायु जब तक हृदय में अभ्युदय को प्राप्त नहीं होती, वह अवस्था कुम्भक कहलाती है।[8]

अनेक पुराणों में भी प्राणायाम का वर्णन प्राप्त होता है। 'अग्निपुराण'[9], 'नारदपुराण'[10] व 'कूर्मपुराण'[11] में अपने शरीर में स्थित वायु को प्राण कहा गया है, जिससे यह शरीर सशक्त एवं समर्थ रहा करता है। आयाम उस वायु के निग्रह को ही कहा जाता है अर्थात् प्राणों को वश में करना प्राणायाम कहलाता है। 'शिवपुराण' में भी प्राणायाम का यही स्वरूप देखने को मिलता है और रेचक, पूरक तथा कुम्भक इसके तीन भेद बतलाए गए हैं।[12] 'गरुड़पुराण' के अनुसार वायु पर जय प्राप्त कर लेना ही प्राणायाम कहलाता है।

योगयाज्ञवल्क्य में प्राणायाम

आचार्य पतंजलि के पश्चात् याज्ञवल्क्य ने अपने 'योगयाज्ञवल्क्य' में प्राणायाम का व्यावहारिक स्वरूप स्पष्टतः प्रतिपादित किया है। उन्होंने प्राण और अपान के सम्यक् योग को प्राणायाम और रेचक, पूरक व कुम्भक से इसका स्वरूप कहा है अर्थात् प्राणायाम कहने से रेचक, पूरक व कुम्भक की किया समझी जानी चाहिए। रेचक, पूरक और कुम्भक — ये तीनों वर्णरूप हैं अर्थात् इन तीनों में तीन-तीन वर्ण होते हैं, वहीं यह प्रणव कहा गया है। प्राणायाम प्रणव रूप ही है अर्थात् जिस प्रकार प्रणव (ओम्) में अ, उ, म् — ये तीन वर्ण है, इसी प्रकार पूरक, कुम्भक व रेचक तीनों में तीन-तीन वर्ण हैं, इसलिए यह तीनों प्रणव ही है।[14] पतंजलि ने इस प्रणव को ईश्वर का वाचक कहा है।[15] याज्ञवल्क्य ने बाहर से वायु को उदर में पूरित करना-पूरक, सम्पूर्ण कुम्भ की भांति वायु को उदर में धारण करके रखना — कुम्भक तथा उदर से वायु का बाहर रेचन-रेचक कहा है।[16]

'छान्दोग्योपनिषद्' में भी भीतर खींची जाने वाली श्वास को प्राण और छोडे जाने वाले श्वास को अपान कहा है।[17] ऐसा प्रतीत होता है कि योगसूत्रकार[18] ने जिसे श्वास व प्रश्वास कहा है, याज्ञवल्क्य ने उसी को प्राण व अपान से अभिहित किया है। याज्ञवल्क्य ने प्राणायाम को प्रणव रूप कहा है, तथा इसके अभ्यास में पूरक करते समय अकारमूर्ति, कुम्भक के समय उकारमूर्ति व रेचक के समय मकारमूर्ति के स्मरण का उपदेश किया है। अकार, उकार और मकार से इनका अभिप्राय कमशः गायत्री, सावित्री व सरस्वती से भी है।[19]

प्राणायाम की विधि

याज्ञवल्क्य के अनुसार प्राणायाम के अभ्यास में पूरक करते समय इडा नामक वाम नाडी से वायु का धीरे-धीरे आकर्षण करके, उदर में पूरित करते हुए सोलह मात्राकाल से प्रणव सहित अकारमूर्ति के स्वरूप का स्मरण करना चाहिए। कुम्भकके समय उदर में पूरित वायु को चौसठ मात्राकाल से उकारमूर्ति के स्वरूप को स्मरण करते हुए प्रणव का जप (मानसिक) करना चाहिए तथा रेचक के समय पूरित वायु को पिङ्गला नाडी से बत्तीस मात्राकाल से मकारमूर्ति का स्मरण करते हुए प्रणव का जप करना चाहिए ।[20] जिस में पसीना आ जाए वह अधम, कम्पन पैदा करने वाला मध्यम तथा उत्थान को प्राप्त कराने वाला उत्तम कोटि का प्राणायाम कहलाता है।[21]

याज्ञवल्क्य ने कुम्भक के दो भेदों सहित कुम्भक व केवल कुम्भक का वर्णन किया है। रेचक व पूरक के साथ किया जाने वाला कुम्भक सहित-कुम्भक तथा रेचक व पूरक से रहित सुखपूर्वक वायु को धारण करना केवल-कुम्भक कहलाता है।[22] सहित अथवा केवल-कुम्भक का नित्य अभ्यास करना चाहिए। जब तक केवल-कुम्भक की सिद्धि न हो तब तक सहित-कुम्भक का अभ्यास करते रहना चाहिए।[23]

इस प्रकार याज्ञवल्क्य ने प्राणायाम को प्रणव से युक्त माना है। प्राणायाम की प्रकिया में पूरक, कुम्भक व रेचक के समय कमशः अकारमूर्ति (गायत्री), उकारमूर्ति (सावित्री) व मकारमूर्ति (सरस्वती) का स्मरण करते हुए उनहोंने प्रणव का जप करने का निर्देश किया है। इसके साथ-साथ पूरक, कुम्भक व रेचक का मात्राकाल कमशः 16:64:32 अर्थात् 1:4:2 बताया है। 'पातंजलयोगप्रदीप'[24] में सबीज प्राणायाम की विधि भी इसी प्रकार बतायी गई है – पूरक का बीज मन्त्र 'अं' है, कुम्भक का बीज मन्त्र 'उं' है और रेचक का बीज मन्त्र 'मं' है। इस प्रकार सबीज प्राणायाम को प्रणवात्मक समझकर उसमें प्रणव उपासना की भावना करते हुए पूरक में 'अं' का, कुम्भक में 'उं' का और रेचक में 'मं' का जाप करते हुए प्राणायाम करना चाहिए। इनके अभ्यास में मात्रा 1:4:2 के कम से होनी चाहिए। 'घरेण्ड-संहिता' में भी प्राणायाम का यही स्वरूप दिखाई देता है।[25]

प्राणायाम सम्बन्धी लिङ्ग वर्ण विचार

याज्ञवलक्य भिन्न-भिन्न वर्णो (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य व शूद्र) तथा लिङ्ग (स्त्री-पुरुष) के लिए प्राणायाम की क्रिया के सम्बन्ध में कहते हैं कि विप्र को तीनों सन्ध्याओं में इडा नाडी द्वारा वायु को उदर में पूरित करते समय प्रणव से संयुक्त व्याहृतियों के साथ गायत्री का जप करना चाहिए। अथवा प्राणायाम की क्रिया में वह वैदिक मन्त्र का जप कर सकता है।[26] क्षत्रिय के लिए भी ब्राह्मण के समान ही प्राणायाम की विधि बताई गई है।[27] वैश्य, शूद्र व स्त्री के लिए प्राणायाम करते समय प्रणव के जप का निषेध किया गया है, इनको प्राणायाम के अभ्यास में अन्त में नमः वाला शिवमन्त्र या विष्णुपरक मन्त्र अथवा लौकिक मन्त्र अभीष्ट है -- यथा-शिवाय नमः। शूद्र व स्त्री को प्राणायाम की प्रक्रिया में लौकिक मन्त्र का चालीस बार जप उपदिष्ट है। इनको कभी भी वैदिक मन्त्र का जप नहीं करना चाहिए[28] परन्तु वैश्य के लिए कहा गया हे कि अपने आश्रम में स्थित होकर वह वैदिक मन्त्र का जप कर सकता है।[29]

इस प्रकार याज्ञवल्क्य ने भिन्न-भिन्न वर्णो व लिङ्ग के लिए प्राणायाम करते समय विप्र के लिए प्रणव, व्याहृतियों सहित गायत्री या वैदिक मन्त्र का जप करने का उपदेश किया हे। ब्राह्मण के लिए लौकिक मन्त्र का निषेध किया गया है। क्षत्रिय के लिए भी इसी प्रकार की विधि बताई गई है, परन्तु वैश्य, शूद्र व स्त्री को लौकिक मन्त्र का जप करने के लिए कहा गया है। शूद्र व स्त्री कभी भी वैदिक मन्त्र का जप नहीं कर सकते।

प्राणायाम के फल

याज्ञवल्क्य ने प्राणायाम से होने वाले लाभों के विषय में भी चर्चा की है। तदनुसार एक मास-पर्यन्त तीनों सन्ध्याओं में जिह्वा द्वारा प्राणवायु का आकर्षण कर, उदर में धारण करके देवसुलभ आहार करने से गुल्म, अष्ठीला, प्लीहा तथा त्रिदोषजनित रोग व उदर के सभी रोग नष्ट हो जाते हैं। इसके साथ-साथ सभी प्रकार के ज्वर व विविध विष तथा पलितादि रोग भी दूर हो जाते हैं।[30] पादाङ्गुष्ठ में प्राणवायु के धारण करने से शरीर हल्का हो जाता है।[31] जिह्वा द्वारा वायु का आकर्षण कर सतत पान करने से मनुष्य के शरीर में दाह नहीं होता, सभी रोग नष्ट हो जाते हैं और दोनों सन्ध्याओं तथा ब्रह्ममूहूर्त्त में इस प्रकार वायु का पान करने से वाचिक शक्ति में वृद्धि होती

है। इसके छह महीने के नियमित अभ्यास से योगी महान् रोगों से मुक्त हो जाता है।[32]

नाभिमध्य में कुम्भक करने से वहां स्थित सूर्यमण्डल की अग्नि कुण्डलाकार गति को प्राप्त होकर दाह उत्पन्न करती है,[33] अर्थात् नाभिमध्य में कुम्भक करने से कुण्डलिनी जाग्रत होती है। जाग्रत होने पर अग्नि द्वारा संतप्त और वायु द्वारा स ंचालित होकर फण को फैलाकर कुण्डलिनी प्रबुद्ध होकर नाभिमूल में गमन करके प्राणसंज्ञक सुषुम्णा मार्ग से ब्रह्मरन्ध्र (सहस्रार) को प्राप्त हो जाती है।[34]

प्राणायाम आत्मज्ञान व चैतन्य स्वरूप बोध में भी सहायक होता है — प्राणवायु को आकाश (मुक्तस्थान) में धारण करके, उससे परिपूर्ण अङ्ग-उपाङ्ग सहित सम्पूर्ण शरीर का आकाश जब एक हो जाता है, उस समय आकाश में आत्मज्ञान का सूर्य की भांति उदय होता है और उस समय योगी यदि चाहे तो अपनी देह का त्याग कर सकता है।[35] तत्पश्चात् एकागर रूप परब्रह्म प्रणव परमात्मा का ध्यान करते हुए मूर्धा में मन-सहित प्राणवायु द्वारा ब्रह्मरन्ध्र (सहस्रार) को सम्यक् प्रकार से भेदित करके आकाश के मध्य महाप्राण में प्राण को उन्मुक्त करना चाहिए। यह महाप्राण देहातीत जगत् का प्राणस्वरूप शून्य, नित्य तथा ध्रुव स्थान है। इस प्रकार चैतन्य को स्वरूप बोध होने से वह ब्रह्म हो जाता है और उसे पुनः जन्म ग्रहण नहीं करना पड़ता।[36]

इसके अतिरिक्त प्राणायाम के अन्य फलों के विषय में ऐसा कहा जाता है कि निम्य सोलह प्राणायाम करने से एक महीने की अवधि में भ्रूणहत्याकारी पाप से मुक्त होकर पवित्र हो जाता है। तीन ऋतु अर्थात् छह महीने के अभ्यास से पूर्व जन्म में किए गए पापों से साधक पवित्र हो जाता है और एक वर्ष के अभ्यास से ब्रह्मघाती व्यक्ति की भी शुद्धि हो जाती है। इस प्रकार योगाभ्यास में रत साधक प्राणसंयम से मुक्ति को प्राप्त हो जाते हैं।[37]

निष्कर्ष

इस विवेचन के आलोक में यह कहा जा सकता है कि याज्ञवल्क्य ने प्राणवायु और अपानवायु के मिलाने को प्राणायाम कहा है। इनके द्वारा प्रतिपादित प्राणायाम से पूरक, कुम्भक व रेचक की क्रिया समझी जानी चाहिए। पूरक के समय इडा नामक वाम नाडी से वायु को भीतर आकर्षण

करते समय अकारमूर्ति का स्मरण कुम्भक के समय उदर में पूरित वायु को रोककर उकारमूर्ति का स्मरण व रेचक के समय वायु को दाईं नासिका से रेचन करते समय मकारमूर्ति का स्मरण करते हुए प्रणव का जप करने से यह प्राणायाम प्रणव रूप हो जाता हे। प्राणायाम के अभ्यास से गुल्म, अष्ठीला, पलीहा तथा त्रिदोषजनित रोग दूर हो जाते हैं, वाचिक शक्ति में वृद्धि होती है तथा कुण्डलिनी जाग्रत हो जाती है। इसके साथ-साथ चैतन्य को स्वरूप बोध होने से अभ्यासी ब्रह्म हो जाता हे और पुनर्जन्म से मुक्त हो जाता है। प्राणायाम के अभ्यास से पूर्वजन्म में किए गए पाप भी नष्ट हो जाते हैं तथा भ्रूणहत्याकारी भी पाप से मुक्त हो जाता है और एक वर्ष के अभ्यास से ब्रह्मघाती भी पवित्र हो जाता है। इस प्रकार योगाभ्यास में लगा हुआ व्यक्ति अपने धर्म में नित्य प्रवृत्त होकर प्राणसंयम से मुक्ति को प्राप्त हो सकता है।

संदर्भ -सूची

1. हठ्योगप्रदीपिका, 1.19-21,36
2. क) योगसूत्र, 2.29 ख) योगयाज्ञवल्क्य 1.46-47
3. संस्कृत-हिन्दी कोश, वामन शिवराम आप्टे, पृ0 - 687
4. अथर्ववेद, 11.4.7
5. श्रीमद्भगवद्गीता, 4.29-30
6. तस्मिन् सति श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदः प्राणायामः। योगसूत्र, 2.49
7. जाग्रतः स्वपतश्चैव प्राणायामोऽयमुत्तमः। यो.वा., निर्वाण प्रकरण (पूर्वार्द्ध), 25.5
8. बाह्योन्मुखत्वं प्राणानां यद्हृदम्बुजकोटरात्।
   स्वरसेनास्तयत्नानां ते धीरा रेचकं विदुः।।
   द्वादशांगुलपर्यन्तं बाह्यमाकमतामधः।
   प्राणानामंगसंस्पर्शो यः स पूरक उच्यते।।
   बाह्यात्परापतत्यन्तरपाने यत्नवर्जितः।
   योऽयं प्रपूरणः स्पर्शो विदुस्तमपि पूरकम्।।
   अपानेऽस्तंगते प्राणो यावन्नाऽभ्युदितो हृदि।
   तावत्सा कुम्भकावस्था योगभिर्याऽनुभूयते।।
   - यो.वा., निर्वाण प्रकरण (पूर्वार्द्ध), 25,6-9
9. प्राणःस्वदेहजो वायुरायामस्तन्निरोधनम्। अ.पु., 373.6
10. प्राणो वायुः शरीरस्थ आयामस्तस्य निग्रहः।। ना.पु., 5.118
11. प्राणः स्वदेहजो वायुरायामस्तन्निरोधनम्। क.पु. (उत्तर भाग), 11.30
12. प्राणः स्वदेहजो वायुस्तस्याऽऽयामो निरोधनम्।
    तद्रेचकं पूरकं च कुम्भकं च त्रिधोच्यते।।
    - शि.पु., वायु संहिता (उत्तर भाग), 8.21

13. प्राणायामो मरुज्जयः। ग.पु. (प्रथम खण्ड), 23.32

14. प्राणापानसमायोगः प्राणायाम इतीरितः।
प्राणायाम इति प्रोक्तो रेचकपूरककुम्भकैः।।
वर्णत्रयात्मका ह्येते रेचपूरककुम्भकाः।
स (?य) एषः प्रणवः प्रोक्तः प्राणायामश्च तन्मयः।। –यो.या.,6.2–3

15. योगसूत्र, 1.27

16. बाह्यादापूरणं वायोरुदरे पूरको हि सः।
सम्पूर्णकुम्भवद्वायोधारणं कुम्भको भवेत्।।
बहिर्यद्रेचनं वायोरुदाद्रेचकः स्मृतः। यो.या. 6.24–25

17. यद्वे प्राणिति स प्राणो यदपानिति सोऽपानः। छा.उ., 1.2.3

18. द्र. पादटिप्पणी कमांक 6

19. अकारमूर्तिरेतेषां रक्ताङ्गी हंसवाहिनी।।
दण्डहस्ता सती बाला गायत्रीत्यसवधार्यताम्।
उकारमूर्तिरेतेषां कृष्णाङ्गी वृषवाहिनी।।
चकहस्ता सती चैव सावित्रीत्यसवधार्यताम्।
मकारमूर्तिरेतेषां श्वेताङ्गगी तार्क्ष्यवाहिनी।
शूलानन्दमयी वृद्धा सरस्वत्यवधार्यताम्।। – यो.या., परिशिष्ट भाग, 6.4.7

20. यो.या., 6.4–7

21. प्रस्वेदजनको यस्तु प्राणायामेषु सोऽधमः।
कम्पको मध्यमः प्रोक्त उत्थानश्चोत्तमो भवेत।। वही, 6.25–26

22. रेचकं पूरकं मुक्तवा सुखं यद्वायुधारणम्।।
प्राणायामोऽयमित्युक्तः स वै केवलकुम्भकः।
रेच्य चापूर्य यः कुर्यात्स वै सहितकुम्भकः।। वही, 6.30–31

23. वही, 6.32

24. पात´जलयोगप्रदीप, 2.50

25. घेरण्डसंहिता, 5.37–39

26. यो.या., 6.12

27. द्विजवत्क्षत्रियस्योक्तः प्राणसंयमने जपः। वही, 6.16

28. वैश्यानां धर्मयुक्तानां स्त्रीशूद्राणां तपस्विनाम्।।
प्राणसंयमनं गार्गि मन्त्रं प्रणववर्जितम्।
नमोन्तं शिवमन्त्रं वा वैष्णवं वेष्यते बुधैः।।
यद्वा समभ्यसेच्छूद्रो लौकिकं विधिपूर्वकम्।
प्राणसंयमने स्त्री च जपेत्तद्विंशतिद्वयम्।। वही, 6.16–18

29. न वैदिकं जपेच्छूद्रः स्त्रियश्च न कदाचन।
स्वाश्रमस्थस्य वैश्यस्य केचिदिच्छन्ति वैदिकम्।। वही, 6.19

30. यो.या., 6.47–49

31. शरीरं लघुतां याति पादाङ्गुष्ठे च धारणात्। यो.या., 6.40

32. वही, 6.40–42

33. वही, 6.69

34. सन्तप्ता वह्निना तत्र वायुना चालिता स्वयम्।
प्रसार्य फणभृद्भोगं प्रबोधं याति सा तदा।। वही, 6.70

35. वही, 6.74–75

36. एकाक्षरं परं ब्रह्म ध्यायन्प्रणवमीश्वरम्।
संभिद्य मनसा मूर्ध्नि ब्रह्मरन्ध्रं सवायुना।।
प्राणमुन्मोचयेत्पश्चान्महाप्राणे खमध्यमे।
देहातीते जगत्प्राणे शून्ये नित्ये ध्रुव पदे।।
आकाशे परमानन्दे स्वात्मानं योजयेद्धिया।
ब्रह्मेवासौ भवेद्गार्गि न पुनर्जन्मभाग्भवेत्।। वही, 6.76–78

37. नित्यमेवं प्रकुर्वीत प्राणायामांस्तु षोडश।
अपि भ्रूणहनं मासात्पुनन्त्यहरहः कृताः।।
ऋतुत्रयात्पुनन्त्येनं जन्मातरकृतादघात्।
वत्सराद्ब्रह्महा शुद्ध्येत्तस्मान्नित्यं समभ्यसेत्।।
योगाभ्यसासरतास्त्वेवं स्वधर्मनिरताश्च ये।
प्राणसंयमनेनैव सर्वे मुक्ता भवन्ति हि।। यो.या., 6.21–23

वैदिक वाङ्मय के परिप्रेक्ष्य में गृह निर्माण कला

डॉ. सुषमा देवी गुप्ता,
रीडर, संस्कृत विभाग,
जम्मू विश्वविद्यालय,
जम्मू।

वास्तु का अर्थ– 'वास्तु' शब्द की व्युत्पत्ति 'वस्' धातु से है, जिसका अर्थ किसी एक स्थान पर निवास करना है। "वसन्ति प्राणिनो यत्र" अर्थात् प्राणियों के वास–स्थान को वास्तु कहा जाता है।[1] इस दृष्टि से जो प्राणी जहां रहता है उसके लिए वही वास्तु है। जलचर जल में रहते हैं, उनके लिए जल ही वास्तु है। पक्षी अपने नीड़ में रहते हैं अतः उनके लिए उनका नीड़ ही उनका वास्तु है परन्तु अमरकोष में घर की भूमि को 'वास्तु' कहा गया है।[2] शब्दार्थ भानु[3], पद्मचन्द्रकोश[4], शब्दस्तोममहानिधि[5] और शब्दार्थ चिन्तातमणि[6] आदि कोश ग्रन्थों में भी वासतु शब्द का अर्थ 'वास–योग्य भूमि' अथवा 'गृह–कारण–योग्य भूमि' बताया गया है। ऋग्वेद में वास्तु शब्द का प्रयोग भवन अथवा गृह के लिए हुआ है।[7] इस प्रकार सामान्यतया निवास–योग्य भूमि की संज्ञा वास्तु है और वास्तु अर्थात् भवन से सम्बन्धित शास्त्र को वास्तुशास्त्र कहते हैं। भारतीय परम्परा में वास्तुशास्त्र अर्थात् निर्माण–अभियन्त्रिकी (*Science of Architecture*) ऋषियों अथवा मनीषियों के अद्वितीय ज्ञान–कोष से अद्भूत माना गया है।

अतः वास्तुविद्या उतनी ही प्राचीन है जितनी कि मानव–सभ्यता। मनुष्यों को भवन सम्बन्धी आवश्यकता सनातन काल से सर्वत्र रही है। भारतीय वास्तु विद्या के प्रारम्भिक निदर्शन वैदिक वाङ्गमय में विस्तृत रूप में उपलब्ध होते हैं।

भारतीय वास्तु विद्या के निदर्शन वेद से ही प्राप्त होने लगते हैं किन्तु इसका स्वरूप वेदाङ्गों में स्थिर एवं पुराणों तथा आगमों में (आगम ग्रन्थों में) पल्लवित होता है। षड वेदाङ्गों में ज्योतिष एवं कल्प से इसका घनिष्ठ सम्बन्ध है एव शुल्ब सूत्रों में प्रतिपादित वेदी प्रकल्पन भारतीय वास्तु विद्या की आधारशिला है। इसे आचार्यो ने शास्त्रीय कलेवर प्रदान किया तथा निष्णात स्थपतियों ने भौतिक रूप प्रदान किया। अतः वास्तुविद्या में शास्त्र एवं कला दोनां ही अनुस्यूत हैं। भारतवर्ष उन देशों में से है, जहां पर सांस्कृतिक परम्पराएं अत्यन्त प्राचीन हैं। संसार के प्राचीनतम साहितय वेदों के अनुशीतन से विदित होता है कि आज सुसंस्कृत एवं सभ्य राष्ट्र जिन कलाओं को जानते हैं उनमें से प्रमुख कलाएं जैसे बुनाई, बढ़ई, लोहारी तथा भैषज्य–कला आदि

वैदिक युग में प्रसिद्ध थीं और वैदिक युग में जिन कलाओं को अति प्रसिद्धि मिली थी उनमें वास्तु कला भी थी।[8] परन्तु वैदिक वाङ्मय में यत्र-तत्र प्रसंग-वश ही स्थापत्य कला का उल्लेख हुआ है।

वैदिक वाङ्मय एक विशाल वाङ्मय है जिसके अन्तर्गत संहिताएं, ब्राह्मण-ग्रन्थ,आरण्यक-ग्रन्थ, उपनिषद् और वेदाङ्ग के सूत्र आदि आते हैं, जो कि स्थापत्य के विविध अङ्गों पर समुचित प्रकाश डालते हैं। संहिताएं चार हैं – ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद। इन चारों वेदों में विद्यमान विषयों को स्पष्ट करने के लिए प्राचीन काल में ऋषियों ने पृथक्-पृथक् शास्त्र की रचना कर एक-एक विषय का विस्तार से विवेचन किया। इस तरह वैदिक वाङ्गमय का विशाल साहित्य-भण्डार बन गया। वेदों में विद्यमान चिकित्सा-शास्त्र के विसतृत विवेचन के लिए आयुर्वेदः धनुर्विद्या के ज्ञान के लिए धनुर्वेद, गान-विद्या की विस्तृत व्याख्या के लिए गान्धर्व वेद और भौतिक-विज्ञान के लिए अथर्ववेद की रचना की गई जो कि उपवेद के नाम से जाने जाते हैं। कतिपय विद्वान् अथर्ववेद के उपवेद के रूप में अथर्ववेद के अतिरिक्त स्थापत्य-वेद भी स्वीकार करते हैं जो कि स्थापत्य-कला की प्राचीनता के साथ उसको महत्ता का द्योतक है। वैदिक वाङ्गमय के अध्ययन से ज्ञात होता है कि तत्कालीन समाज पूर्णतया सुसंस्कृत था एवं उसने अपने जीवन को सुखी बनाने के लिए गृह-निर्माण कला का समुचित विकास किया था।

वैदिक काल में गृह-निर्माण की कला का अच्छा विकास हुआ था। वास्तुकला सम्बन्धी अनेक शब्द इसके प्रमाण हैं, जैसे स्कम्भ (घरों का छत्त आदि टेकने के खम्भे), इन्द्र को स्कभीयान अर्थात् सर्वोत्तम खम्भे का स्वामी कहा गया है।[9] घर का मापन सूत्र छोड़कर किया जाता था। इस अर्थ में 'मा' धातु का बहुधा प्रयोग हुआ है। घर के भिन्न भागों को खम्भा पर टिकाते थे।[10]

एक मन्त्र में दृढ़ आधार पर खड़े किये गए तीन खम्भों का उल्लेख है, उनके ऊपर तिकोनी या ढोलाकार छत्त बांधी जाती थी।[11] स्तम्भ के अधिष्ठान या बुनियाद को धरुण कहते थे।[12] बड़े खम्भे को महत् कहा जाता था।[13]

उसकी लाट की ऊँचाई को बर्ष्मन् कहते थे।[14] ऊँचे खम्भे को महान लोकव्यापी सौभाग्य का प्रतीक माना जाता था यथा :-

हे वनस्पते! देवताओं का कामना करने वाले अध्वर्यू दिव्य सोमरस द्वारा तुम्हें सींचते हैं। तुम चाहे बीज रूप से पृथिवी में शयन करो अथवा ऊँचे उठो, हम को धन प्रदान करो।[15] उसी से यूप या इन्द्रध्वज का विकास हुआ। ऋग्वेद में लिखा है कि इन्द्र ने ऊँचे खम्भे पर द्युलोक को स्तम्भित कर रखा है।[16] इस मन्त्र में उत्तरकालीन लौकिक संस्कृत के सतम्भ शब्द की स्तभ धातु का प्रयोग हुआ है, उसी का यह सहयोगी शब्द स्कम्भ है। उनसे हिन्दी के थम्भ और खम्भ शब्द निकले हैं। काष्ठ कर्म के शिल्पी वनों में जाकर ऊँचे वृक्षों को मापते थे और स्वधिति या कुल्हाड़ी से उनहें काटकर गिराते थे। उनें ही बड़े खम्भों का रूप दिया जाता था :-

यान्वो नरो देवयनतो निमिम्युर्वनस्पते स्वधितिवां ततक्ष।
ते देवासः स्वर वस्तस्थिवांसः प्रजवदस्मे दिधिषन्तु रत्नम्।।[17]

अर्थात् हे यूपो! देवताओं की कामना करने वाले, कर्मों के पालक अध्वर्युगण तुम्हें गढ़े में फेंकते हैं। हे वनस्पते! तुम कुठार से काटे गए हो। तुम उज्ज्वल काष्ठ वाले हो। हमको संतानयुक्त रेष्ठ धन प्रदान करो।

वास्तु विन्यास अथवा गृहमापन :-

वैदिक वाङ्गमय का सर्वप्रथम ग्रन्थ ऋग्वेद है। ऋग्वेद में गृह शब्द निवास या घर के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है।[18] यह शब्द अथर्ववेद[19] एवं ब्राह्मण-ग्रन्थों[20] में भी प्रयुक्त हुआ है। गृह के लिए ऋग्वेद में अन्यत्र अनेक पर्याय उपलब्ध होते हैं यथा :- गय, धामन्, सदस्, आयतन, क्षय, ओकस्, निवेशन, वेश्म, दम, गृह, पस्त्या, सदन, दुरोण, हर्म्य, अस्त, शरण इत्यादि।[21] उसके तीन मुख्य भाग होते थे। यह स्पष्ट योजना गृह या प्रासाद निर्माण की भारतीय परम्परा में बराबर चलती रही। पहला भाग सामने के आंगन या अजिर समेत गृह द्वार था। दूसरा भाग सदस् या बैठक थी जिसे सभा और बाद में आस्थानमण्डप भी कहा गया है। यह राजप्रासादों का वह भाग था जिसमें दरबार और अतिथि स्वागत भी किया जाता था। घर का तीसरा भाग पत्नीसदन कहलाता था; उसी की संज्ञा अन्तःपुर हुई। वैदिक युग में घर का चौथा भाग अग्निशाला था जहां श्रोत अग्नियें का आधान किया जाता था, इसे अग्निशरण भी कहते थे। कालान्तर के राजप्रासादों में यही देवगृह कहा जाने लगा। यहां राजा ऋषि-मुनि, पुरोहित आदि अतिथियों का स्वागत करता था। व्यवस्था के अनुसार गृह निर्माण से पूर्व उसका विन्यास या मापन किया जाता था। वैदिक वाङ्गमय में उसके लिए निमित या मित शब्द

प्रयुक्त हुए हैं।[22] यथा :– विद्वानों के मंत्र द्वारा निर्मित इस शाला की सोम पीने के स्थान में प्रतिष्ठित इन्द्र और अग्नि रक्षा करें।

ऋग्वेद में इस प्रकार के गृह–निर्माण का निर्देश प्राप्त होता है जिसमें सूर्य की किरणें बहुमात्रा में आएं।[23] इससे स्पष्ट है कि शालाओं अथवा गृहों का मुख प्रायः पूर्व–दिशा की ओर होता था। घर छोटे बड़े कई प्रकार के होते थे। बड़े घर को बृहत् मान[24] तथा अपेक्षाकृत छोटों को शाला कहते थे जो मध्यम श्रेणी का घर होता था। किन्तु नामों के इस भेद का आग्रह नहीं किया जा सकता। उपनिषदों में महाशाला शब्द भी प्रयुक्त हुआ है। वैदिक वाङ्गमय में सहस्त्रथूण या सहस्त्रथूनियों वाले घरों का उल्लेख है।[25]

निःसंदेह इन महाप्रासादों के सभामण्डप में इसी प्रकार के सहस्त्रस्थूण लगाए जाते थे जैसे मध्यकाल में मदुरा एवं चिदम्बरम् के सभामण्डपों में सुप्रतिष्ठित किए गए। सहस्त्रस्थूण वाले इस प्रासाद भाग को सदस् कहा गया है जिससे सूचित होता है कि वह आस्थानमण्डप ही था। वैदिक युग में सभा और समिति इन दो संस्थाओं का उल्लेख आया है। सभा छोटी होती थी; समिति में समस्त जनता या विश् का अधिवेशन किया जाता था। इसी के समकक्ष ऐसे बड़े गृह या प्रासाद का उल्लेख है जिसमें सहस्त्र द्वार होते थे। इसे बृहतमान भी कहते थे।[26] मुख्य प्रवेश द्वार को प्रथम द्वार कहते थे जो कालानतर के द्वारप्रकोरूष्ठ के समान था। इनसे छोटे घरों का भी उल्लेख है जिनहें शतभुजी अर्थात् सौ (100) खम्भों वाला और शतद्वार कहा गया है।

प्राचीन पाटलिपुत्र या कुम्हरार में चन्द्रगुपत–सभा के जो अवशेश मिले हैं उनमें 80 खम्भों वाला मण्डप लगभग शतभुजी सदन के अनुरूप है। अन्तर इतना ही है कि ये खम्भे मौर्यकालीन चमकीले पत्थर के हैं जिनकी छत संभवतः काष्ठशिल्प की थी। दिव्य शिल्प के लिए सहस्त्रस्थूण शब्द था और मानुषी को शतस्थूण कहा जाता था। एक स्थान पर सुनहली चमक के अयःस्थूण या ताँबे की पतली चादर का खोल चढ़े हुए लकड़ी के स्तम्भ का भी उल्लेख है जिस पर सुनहला काम किया गया था। घर में कई पक्खे या भित्तियाँ या दीवारें होती थीं जिनके आधार पर उन शालाओं को द्विपक्ष, चतुश्पक्ष, षट्पक्ष आदि विशेषण दिए जाते थे।[27] पक्ष का अर्थ वही था जो आज भी है, अर्थात् पक्खा, पाख या भित्ति। कोठे या कोठरी को कुलाय कहते थे ओर कोठों के भीतर कोठे या कोठों की कई–कई पंक्तियाँ बनाने की प्रथा थी (कुलाये अधि कुलायम्) खण्ड या भूमि का कोयश कहा जाता था। कई खण्डों में बने हुए घरों का उल्लेख है।[28] सिन्धुघाटी में भी कितने ही द्विभूमिक

घर पाए हैं। घर के आंगन या चौक को उदर कहा जाता था। इसे ही कालान्तर में कक्ष्या कहने लगे। घर का पत्नीसदन नामक भाग भी चौक या कक्ष्या ही थी जिसके आगे का भाग सदस्, सदन या उदर-सभा कहलाता था। सदस् और पत्नीसदन के बीच के चौड़े खुले मैदान में संभवतः अग्निशाला का निर्माण कराया जाता था।

घर का अवान्तर भाग और अंगप्रत्यंग — अथर्ववेद में दो शाला सूक्त हैं जो कि शाला या गृह-निर्माण के विवरणों की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इनसे वैदिक युग के गृहों का एक सुन्दर और स्पष्ट चित्र हमारे समक्ष उपस्थित होता है। उस युग में शाला अर्थात् गृह के सम्बन्ध में वैदिक भावना बड़ी उन्नत थी। तीसरे सूक्त के प्रथम मन्त्र में गृह-निर्माण का निर्देश देते हुए कहा गया है कि — इस प्रकार के गृह का निर्माण करना चाहिए जो सब ओर से उत्तम उपमायुक्त हो ओर सिजे देखकर विद्वज्जन सराहना करें। एक द्वार के सामने दूसरा द्वार हो तथा कोण और कक्ष भी सम्मुख हों। वह शाला चारों ओर के परिमाण से समचौरस हो और उस घर के द्वार रचारों ओर के वायु को स्वीकार करने वाले हों तथा उसक बन्धन दृढ़ हों।[29] अथर्ववेद में गृह-सम्बन्धी इस वर्णन से स्पष्ट है कि उस समय घरों का निर्माण एक निर्धारित परिमाप के अनुसार किया जाता था। इसी वेद में एक अन्य स्थान पर कहा गया है कि हे शाले! तू हमारे लिए ध्रुव होकर रह, तू घोड़ो ओर गोवों से भरी-पूरी हो। तुझ में मधुवाणी सुनाई दिया करे। दूध, घी और जल की धाराएं तुझमें बहती रहा करें। तरे द्वारा हमें महान् सौभाग्य प्राप्त हो।[30]

अथर्ववेद के इन दो शाला सूक्तों[31] में घर के अवान्तर भागों का विवरण भी दिया हुआ है। पहली उल्लेखनीय बात यह है कि बड़े घरों का निर्माण भी काष्ठशिल्प से किया जाता था। वहां लिखा है कि परमेष्ठी प्रजापति के बड़े महल का निर्माण दारुकर्म से हुआ। उसी की अनुकृति मानवीय घरों में की जाती थी। गृहनिर्माण के आरम्भ में एक मूल स्तम्भ की स्थापना की जाती थी। इनकी संख्या आवश्यकतानुसार एक या अधिक हो सकती थी (स्कम्भ और उपमित्)। प्रथा के अनुसार छत को खम्भों की तीन पंक्तियसों पर टिकाया जाता था।[32] इन ऊर्ध्व स्तम्भों पर प्रतिमित् नामक आड़े मगर यसा बलले रखे जाते थे। स्तम्भों के बीच की पंक्ति के ऊपर, जो कुछ ऊँची होती थी, रखा हुआ मोटा बल्ला परिमित् या प्राग्वंश कहलाता था। यह ठाट आड़े-तिरछे बाँसों से आच्छादित किया जाता था जो रस्सियों और अन्य बन्धनों से नाधे या कसे जाते थे (नद्ध)।

आच्छादन या छत — छत के लिए बहुत से आड़े-तिरछे साबुत बाँसों (वंश का जाल बिछाया जाता था। इन अनचिरे बाँसों को अब कोरे कहते हैं। इन बांसों के एक सिरे पर मँजू की यून नामक मोटी रस्सी बांधी जाती थी जिसे आजकल जून कहते हें। इसके कारण पूरी छत को यूनबद्ध कहा जाता था। शाल सूक्त में संभवतः इसी कायबंधनी या काँधनी रस्सी को प्राणाः कहा गया है। इन बाँसों को आड़े-तिरछे दाँव और भी बहुत सी रस्सियों से कसा जाता था जिन्हें 'वंशनहन' कहा जाता था।[33] छत पाटने की इस प्रक्रिया के दो अंग हैं ; पहले कोरे बाँसों का एक जाल बिछाना और फिर चीरे हुए बाँस के फट्टों से उसे ढकना। यह आयाम कहा जाता था जिसे अब 'ठाट' या 'ठट्टर' कहते हैं। दूसरी प्रक्रिया में इस ठाट के ऊपर फूस की कई तहें बिछाई जाती थीं जिसे यहाँ 'बर्हण कहा गया हे। यह यज्ञवेदि के 'बर्हासतरण या 'बिछावन' जैसा था। फूँस के इस बिछावन के ऊपर पुनः बाँस की खपच्चिों की एक तह लगाई जाती थी। बाँसों को ऊपर और नीचे की तहों को एक दूसरे के साथ दृढ़ करने के लिए गठियाते थे।[34] इसे अब 'गूँथना कहते हैं।

इसी सूक्त में 'फूँस' के घर के संबन्ध में दो शब्द आए हैं। पहला 'तृण' है जिसका अर्थ फूँस हे। तृण कई प्रकार की घासों के लिए है, जैसे मुअ (मूँज), शर (सरपत), कुश (डाभ), कास, वोरण आदि। दूसरा शब्द 'पलद' है जो धान और गेहूँ के पौधों का पयार था। इसके मुट्ठे भी छप्पर छाने के काम में बहुत आते हैं।[35] छप्पर को एकपलिया या दुपलिया छतों को खिसकने से रोकने के लिए मँगरे और खम्भों के साथ उसे मोटी रस्सियों से बाँधा जाता था जिन्हें परिष्वंजलय कहते थे। इनके लपेट व फन्दों के लिए संदंश शब्द था। घर के भीतर छतों से झूलते हुए छीके या फन्दों को शिक्य कहते थे।[36] आज भी यह प्रथा है। इन छीकों में सुरखा के लिए भोजन, दूध-दही के भांड लटका दिए जाते हैं। दुपलिया छत[37] के बीचों7बीच लगा हुआ मोटा मँगरा (मांग का डंडा) या बलैंडा (संस्कृत बलदण्ड) परिमित् या विषुवत् कहा गया है। इसी का आगे चलकर प्राग्वंश या प्राचीनवंश नाम पड़ा। यह भी कहा है कि वंश या प्राचीन वंश को स्थूणाओं के ऊपर ठहराया जाता था ।[38] व्यवहार में इसका तात्पर्य यही हो सकता है कि दुपलिया छत के बीच का विषुवत् के ऊपर आकाश की ओर बहुत से औंधे हंडे और हँडिया ढक दी जाती थी। इसका उद्देश्य अक्ष या धुआँ निकलने के छंदों या धमालों को ढँकना था। इन्हें पाली साहित्य में धूमनेत्त (संस्कृत धूमनेत्र) कहा गया है। इस समय गाँव की बोली में इन्हें नयन या नयनुवा कहते हैं।

वैदिककालीन बड़े घरों में भी यह विशेषता थी और इसके लिए सहस्त्राक्ष ओपश विशेषण का प्रयोग हुआ है अर्थात् मँगरे के ऊपर हजार नेत्रों की उठी हुई पंक्ति। ओपश को ही बौद्ध परिभाषा में स्तूपिका या थूपी कहने लगे। यह चैत्यों की ढोलाकर छत के ऊपरी भाग की अनिवार्य विशेषता थी। इसकी अनुकृति काष्ठशिल्प से पाषाणशिल्प में भी की गई जैसा महाबलीपुरम् की गजप्टष्ठाकृति छतों में पाया जाता हे।[39] इस अवतरण के चारों शब्द पारिीाषिक हैं और विषूवति या बीच के बलदण्ड के ऊपर हजार नेत्रों यसा छेदों वाले ओपश या स्तूपिकाओं की पंक्ति का स्पष्ट वर्णन करते हैं। घर को रमणीय (रस्य) और अलंकृत बनाया जाता था जिससे वह सब के लिए आकर्षक (विश्ववारा) हो सके। उसके रूप की कुछ कल्पना इस बात से होती है कि उसकी उपमा खड़ी हुई अलंकृत हाथिनी से दी गई है।[40] इसमें सादृश्य की दो बातें हैं — एक तो घर की छत्त हथिनी की पीठ की भाँति ढोलाकर होती थी ओर काष्ठशिल्प वाले घरों में तो वह विशेषता और स्फुट हो उठी है।

ऐसा कालें चैत्यगृह की छत में देखा जा सकता है। दूसरे हथिनी के शरीर पर नाना भाँति की चित्र-विचित्र पंक्तियाँ लिखी जाती थीं। जब किसी श्रीकरेणुका को शोभा-यात्रा के लिए सजाया जाता था तो इस प्रकार की गवाक्षयुक्त सुन्दर पंक्तियों की रचना आवश्यक थी। उसी के शरीर से गवाक्षयुक्त शाला की तुलना की गई है।

घर के सामने के चौड़े प्राङ्गण या अजिर में जिसे प्रथम कक्षा भी कहते थे गायों और घोड़ों के रखने का स्थान बनाया जाता था।[41] गायों और बैलों के गोठ, घोड़ों की मन्दुरा और हाथियों के अवस्थानमण्डप की यह व्यवस्था धनिकों के लम्बे-चौड़े आवासों में बनाई जाती थी और कालान्तर के राजप्रासादों की प्रथम कक्ष्या में भी यह प्रथा जारी रही। किन्तु ये पशु गृहस्वामी या राजा के निजी उपयोग में आने वाले होते थे।

वैदिक वाङ्गमय के अनुशीलन से स्पष्ट होता है कि उस युग में भवन-निर्माण का आधार केवल लकड़ी न होकर मिट्टी, ईंट और पत्थर आदि भी था।[42] उस काल में गृहों को अनेक प्रकार के पर्यङ्कों तथा आसन्दी आदि से भी सुसज्जित करने की भी प्रथा थी। ऋग्वेद एवं अथर्ववेद के मन्त्रों में पलङ्ग को 'तल्प' कहा गया है।[43]

घर के सौन्दर्य की पराकाष्ठा बताने के लिए उसकी तुलना ब्याहली बहू से की गई है।[44] आज तक लोक में ऐसी उक्ति प्रसिद्ध है — लिया पुता घर दिपे, ओढ़ी पहरी धनि दिपै।

वैदिक शालापति या गृहस्वामी उसे अपने घर की देवी समझकर उसकी पूजा-प्रतिष्ठा करती थी क्योंकि उसी स्थान में उसके समस्त जीवन का विकास होता था। उसे यह सोचकर आनन्द मिलता था कि उसका घर अन्न और दूध के भंडारों से भरा हे। वहाँ भूख-प्यास का अवसर नहीं है। वह हास और प्रमोद का स्थान है। जब वह घर बनवाता था तो सोचता था कि वह शाला गोमती, अश्वावती, प्यस्वती, घृतवती, ऊर्जस्वती और सूनृतावती बनकर मुझे महान् सौभाग्य को देने वाली होगी।[45]

शालानिर्माण के संबंध में एक विशेष शब्द की ओर ध्यान दिलाना आवश्यक है। शाला को बृहच्छन्दाः अर्थात् बृहच्छन्दवाली कहा गया है।[46] गृहनिर्माण के बृहच्छन्द से तात्पर्य उसके ब्रह्मसूत्र ओर गर्भसूत्र के विस्तार से है। ब्रह्मसूत्र से घर या प्रासाद का उत्सेध, उदय या भूलम्ब समझा जाता है जिसके लिये सूक्त में कोशे कोशः समुब्जित कहा है, अर्थात् एक तल्ले पर दूसरा तल्ला उठाया गया। गर्भसूत्र से तात्पर्य भूमितल पर ही बनी हुई कक्ष्याओं या मण्डपों से हे जिसे सूक्त में कुलायेऽधि कुलायम् कहा गया है।[47] ऊर्ध्वछन्द और भूमिछन्द दोनों का विस्तार बृहच्छन्द पद से अभीष्ट है।

ब्राह्मण ग्रन्थों में भी गृह-वास्तु का विस्तृत परिचय मिलता है। इसके अतिरिक्त इन ग्रन्थों में वेद, श्मशान तथा यूप आदि के विषय में भी विस्तृत विवरण प्राप्त होते हैं। ऐतरेय-ब्राह्मण में 'शिल्प' शब्द तथा इससे सम्बन्धित ज्ञान प्राप्त होता है[48], जबकि कोषीतकि ब्राह्मण में नृत्य, संगीत ओर गायन के भेद से तीन प्रकार के शिल्प का उल्लेख हुआ है।

शतपथ ब्राह्मण के अनुसार घर के दो भाग होते थे, एक पूर्वार्ध या सदस् जो मर्दानी बैठक या दीवानखाना था। इसी बैठक या ठाई (संस्कृत स्थायिका) में बड़ा खम्भा या मूल स्तम्भ खडा किया जाता था जिसके लिए वरसिष्ठ स्थूणाराज नाम दिया है।[49] पूर्वभाग में इधर-उधर के अवान्तर भाग पुरुषशरीर से मिलते होने से अंस ओर श्रोणि कहते हाते थे। इससे ज्ञात होता है कि सामने के हिस्से में आगे-पीछे प्रायः चार बड़े कोठे होते थे। घर के पिछले भाग में पत्नीसदन या अन्तःपुर बनाया जाता था। उसे भी पर्याप्त

लम्बा-चौड़ा या फैला बनाते थे। जैसे सुन्दर स्त्री वरीयसी और पृथुश्रोणि होती है वैसे ही यह शाला का उत्तराध भाग होता था।[50]

शाला की आगे-पीछे की नाप के लिए पैरों से चलकर लम्बाई चौड़ाई स्थिर की जाती थी और शंकुओं की स्थापना की जाती थी। शाला का मुखमण्डप या मुखभाग उसकी नासिका थी जैसे यज्ञभूमि में उत्तरवेदि होती है। यह नासिकाभाग ही बाद में द्वारप्रकोश्ठ या अलिन्द कहा गया। घर का मुहार किस ओर रखना चाहिए इस प्रश्न के उत्तर में कहा गया है कि देवताओं को पूरव-पश्चिम का विन्यास अधिक रुचिकर था और मनुष्यों के घरों में उत्तर-दक्षिण का विन्यास अधिक पसंद किया जाता था, जैसा आज तक है।[51] मनुष्यों के घरो में सदस् या आस्थानमण्डप अर्थात् उत्तरी मुहारे को रखते हुए बनाना अच्छा समझते थे।

शतपथ ब्राह्मण में लम्बें-चौड़े सदः या स्थानमण्डप को उद्र कहा है।[52] क्योंकि वह अन्तरिक्ष के समान बीच में पड़ता था इसलिए उसे अस्थानमण्डप के समकक्ष उदर-स्थानीय कहा गया।

सूत्र-ग्रन्थों को भारतीय कला कोश-ग्रन्थ कहा जा सकता है। इन ग्रन्थों में अनेक स्थानों पर वास्तु शास्त्रीय शब्द उपलब्ध होते हैं जैसे प्राकार शाला स्तम्भ आदि।[53] शाङ्खायन गृह्यसूत्र में भी चार अध्यायों में से तीन अध्यायों में गृह-निर्माण-सम्बन्धी नियमों का प्रतिपादन हुआ है। आश्वलायन गृह्यसूत्र में भी चार अध्यायों में से तीन अध्यायों में गृह-निर्माण के सिद्धान्तों का उल्लेख हुआ है।[54]

शुल्ब सूत्र भारतीय रेखा गणिएतीय ऐतिहासिक जानकारी की दृष्टि से अत्यन्त उपादेय ग्रन्थ है। इस साहित्य में यज्ञ-वेदियों का ध्यानाकर्षक सूक्ष्म विवेचन हुआ है जो वास्तु कला की उन्नति का द्योतक है।

ऊपर लिखे हुए प्रमाणों को ध्यान में रखकर वैदिक गृह या प्रासाद के वास्तु के सम्बन्ध में सामग्री के अभाव की शिकायत उचित नहीं है।[55] सच तो यह हे कि गृहनिर्माण कला के सभी मूल तत्त्व यहाँ विद्यमान हैं। घर की नींव बहुत पक्की (ध्रुवा) या बुनियाद पुख्ता रखी जाती थी।[56]

इन प्रमाणों से स्पष्ट है कि गृहवास्तु विद्या के आचार्यों ने वैदिक युग में ही उन तत्त्वों का अविष्कार कर लिया था जो ऐतिहासिक युगों की

गृहनिर्माणकला में पाए जाते हैं, जैसे नींव, कोठे, पक्खे, सभा, अन्तःपुर? द्वार, अलिन्द, ऊर्ध्व छनद, अधःछनद, सूत्रमापन, स्तम्भ, छत आदि।

उनके द्वारा भारतीय जीवन की नाना सुविधाओं का विधान गृहवास्तु में किया गया था। इससे स्पष्ट है कि आर्य गृहवास्तु का विन्यास स्पष्ट और सरल था। उसके तीन भाग थे, प्रथम कक्ष्या जिसमें पशु-गोष्ठ के लिए भी स्थान था, दूसरा मर्दानी बैठक और तीसरा स्त्रियों का अन्तःपुर। इन्हीं की बहुत सी विशेषताएँ और नाम ऊपर बताए गए हैं। महाभारत-रामायण युग के राजप्रासाद या महल भी इन्हीं तीन कक्ष्याओं के अनुसार बनाए जाते थे। कालान्तर में कक्ष्याओं की संख्या सात तक हो गई। यह भी उल्लेखनीय है कि हर्ष आदि के समय में जो संचारी घासफूँस और बाँसबल्ली के महल बनाए जाते थे उन्हें भी कायमान कहा गया है। इसी में राजाओं के अधिकरण या दफ्तर (काय) और राजकीय निवास का भी प्रबन्ध रहता था ।अतएव ऐसा ही मानना चाहिए कि वैदिक बृहन्त मान या बड़े घरों की परम्परा उत्तरकाल में भी बनी रही।

विशेष शिल्पों में तक्षा, कर्मार, इषुकार, धनुष्कार, कुम्भकार महत्त्वपूर्ण पेशे थे। संगीत और नृत्य का भी अभ्यास किया जाता था। उनकी भी गणना शिल्पों में थी जैसा जातकों और अष्टाध्यायी में कहा है।

पादटिप्पणियां

1. क) हिन्दी विश्व कोष, खण्ड-21, पृ0-236
   ख) शब्द कल्पद्रुम, भाग-4, पृ0 -358
2. 'वंशमभुर्वास्तुस्त्रियाम्', अमरकोश, काण्ड-2, परवर्ग, 19
3. शब्दार्थभानु, पृ0 - 287
4. पद्मचन्द्रकोष, पृ0 - 348
5. शब्दस्तोममहानिधि,पृ0 - 1023
6. शब्दार्थ चिन्तामणि कौस्तुभ, पृ0 - 295
7. "वास्तुन्युश्मसि" ऋग्वेद, 1-15-6 तथा "वास्तोष्पते" ऋग्वेद 7-54-1-3;7-55-1
8. ऋग्वेद 2-41-5;3-53-6;4-30-20;7-3-7;7-5-3;7-56-16; 8-22-3;8-26-17 आदि
9. ऋग्वेद 10-11-5
10. स धाम पूर्व्य ममे यः स्केम्भेन विरोदसी
    अजो न द्यामधारयन्नभन्नतामन्य के समे।।
    ऋग्वेद, मण्डल-8, अध्याय-5, सूक्त-42, मन्त्र-10
11. त्रयः पपवयो मधुवाहने रथे सोमस्य वेनामनु वियव इद्विदुः
    त्रयः स्कम्भासः स्कभितास आरभे त्रिर्नक्तं याथस्त्रिर्वश्विना दिवा।।
    ऋग्वेद , मण्डल-10, अध्याय-4, सूक्त-44, मन्त्र-2
12. एवा पतिं द्रोणश्वाचं सचेतसमूर्जः स्कम्भं धरुण आ वृषायसे।
    ओजः कृष्व संगृभायत्वे अप्यसो यथा केनिपानामिनो वृधे।।
    ऋग्वेद , मण्डल-10, अध्याय-4, सूक्त-44, मन्त्र-4
13. अयं विदच्चित्रदृशोकमर्षाः शुकसद्मनामुषसामनीके।

अयं महान्महता स्कम्भनेनोद् द्यामस्तभ्नाद् वृषभो मरुत्वान्।।
ऋग्वेद , मण्डल–10, अध्याय–4, सूक्त–44, मन्त्र–2

14. उच्छ्रयस्व वनस्पते वर्ष्मन्पृथिव्या अधि।
सुमिती मीयमानो बर्चो धा यज्ञवाह से।।
ऋग्वेद , मण्डल–3, अध्याय–1, सूक्त–8, मन्त्र–3
15. यदूर्ध्वस्तिष्ठा द्रविणोह धत्ताद्यद्वाक्षयो मातुरस्या उपस्थे।
अ ंजन्ति त्वामध्वरे देवयन्तो वनस्पते मधुना दैव्येन।
16. अयं महान् महता स्कम्भनेनोद् द्यामस्तम्नाद् वृषभो मरुत्वान। 6–47–5
17. 3–8–6
18. ऋग्वेद , 3–53–6;ऋग्वेद, 4–49–6;8–10–1
19. अथर्ववेद, 7–83–1, अथर्ववेद, 10–6–4
20. ऐतरेय ब्राह्मण, 8–21 आदि।
21. प्राचीन भारतीय कला एवं वास्तु, पृ0 – 47
22. ब्रह्मणां शालां निमितां कविभिर्निमितां मिताम्।
इन्द्राग्नी रक्षतां शालाममृतौ सोम्यं सदः।
अथर्ववेद, काण्ड–9, अध्याय–2, सूक्त–3, मन्त्र –19
23. ऋग्वेद , 1–154–6
24. बृहन्तं मानं वरुण स्वधावः सहस्रद्वारं जगमा गृहते।
ऋग्वेद , मण्डल–7, अध्याय–5, सूक्त–88, मन्त्र–5
25. राजानाक्षत्रमहृणीय माना सहस्रस्थूण विभूथः सह द्वौ।।
ऋग्वेद , मण्डल–5, अध्याय–5, सूक्त–62, मन्त्र–6
26. राजानाक्षत्रमहृणीय माना सहस्रस्थूण विभृथः सह द्वौ।
ऋग्वेद , मण्डल–5, अध्याय–5, सूक्त–62, मन्त्र–6
27. या द्विपक्षा चतुष्पक्षा षट्पक्षा या निमीयते।
अष्टपक्षां दशपक्षां शालां मानस्य पत्नी भग्निर्गर्भइवा शये।
अथर्ववेद , काण्ड–9, अध्याय–2, सूक्त–3, मन्त्र–21
28. कुलायेऽधि कुलायं कोशे कोशः समुब्जितः।
तत्र मर्तो विजायते यस्माद् विश्वं प्रजायते।
अथर्ववेद , काण्ड–9, अध्याय–2, सूक्त–3, मन्त्र–20
29. अथर्ववेद, 9–3–1
30. अथर्ववेद, 3–12–2
31. यस्त्वा शाले निमिमाय संजभार वनस्पतीन्।
प्रजाया चके त्वा शाले परमेष्ठी प्रजापतिः।।
अथर्ववेद , काण्ड–9, अध्याय–2, सूक्त–3, मन्त्र–11
32. त्रयः पवयो मधुवाहने रथे सोमस्य वेनामनु विश्व इद्विदुः।
त्रयः स्कम्भासः स्कभितास आरभे त्रिर्नक्तं याथस्त्रिर्वश्विना दिवा।।
ऋग्वेद , मण्डल–1, अध्याय–7, सूक्त–34, मन्त्र–2
33. वंशानां ते नहनानां प्राणाहस्य तृणस्य च।
पक्षाणां विश्ववारे ते नद्धानि विचृतामसि।।
अथर्ववेद , काण्ड–9, अध्याय–2, सूक्त–3, मन्त्र–4
34. अयं ययाम सं बबर्ह ग्रन्थीश्चकार ते दृढान्।
परु षि विद्वा ंछस्तेवेन्द्रेण वि चृताभसि।।
अथर्ववेद , काण्ड–9, अध्याय–2, सूक्त–3, मन्त्र–3
35. तृणैरावृता पलदान् वसाना रात्रीव शाला जगतो निवेशनी।
मिता पृथिव्या ंतिष्टसि हस्तिनीव पद्वती।।
अथर्ववेद , काण्ड–9, अध्याय–2, सूक्त–3, मन्त्र–17
36. यानि तेऽन्तः शिंक्यान्याबेधू रण्याय कम्।
प्र ते तानि चृतामसि शिवा मानस्य पत्नि न उद्विता तन्वेभव।।
अथर्ववेद , काण्ड–9, अध्याय–2, सूक्त–3, मन्त्र–6
37. शतपथ ब्राह्मण, 3–6–22
38. ऋतेन् स्थूणामधि रोह वंशोग्रो विराजन्नपवृङ्क्ष्व शत्रून।
म ते रिषन्नुपसत्तारो गृहाणां शाले शतं जीवेम शरदः सर्ववीरा।।
अथर्ववेद , काण्ड–3, अध्याय–2, सूक्त–12, मन्त्र–6

39. अक्षुमोपशं विततं सहस्राक्षं विषूवति।

अवनद्धमभिहितं ब्राह्मणा वि चृतामसि।।
अथर्ववेद , काण्ड–9, अध्याय–2, सूक्त–3, मन्त्र–8

40. मिता पृथिव्यां तिष्टसि हस्तिनीव पद्वती।
अथर्ववेद , काण्ड–9, अध्याय–2, सूक्त–3, मन्त्र–17

41. गेभ्यो अश्वेभ्यो नमो यच्छलायां विजायते।
विजायति प्रजावति वि ते पाशांश्चृतामसि।।
अथर्ववेद , काण्ड–9, अध्याय–2, सूक्त–3, मन्त्र–13

42. ऋग्वेद , 1–38–10, 5–87–7

43. ऋग्वेद , 6–46–9, अथर्ववेद, 14–2–31

44. आ नः पाश प्रति मुचो गुरुर्भारो लघुर्भव।
वधूमिवत्वा शाले यत्र कामं भरामसि।।
अथर्ववेद , काण्ड–9, अध्याय–2, सूक्त–3, मन्त्र–24

45. धरण्यसि शाले बृहच्छन्दाः पृतिधान्या।
आ त्वा वतसो गमेदा कुमार आ धेनवः सायमास्यन्दमानाः।।
अथर्ववेद , काण्ड–9, अध्याय–3, सूक्त–12, मन्त्र–3

46. कुलायेऽधि कुलायं कोशे कोशः समुब्जितः।
तत्र मर्तो विजायते यस्माद विश्वं प्रजायते।
अथर्ववेद , काण्ड–9, अध्याय–2, सूक्त–3, मन्त्र–20

47. ऐतरेय ब्राह्मण 6–5–27

48. कौषीतकि ब्राह्मण, 29–5

49. तद्य एष पूर्वार्ध्यो वषिष्ठ स्थूणाराजो भवति।
तस्मात्प्राङ् प्रकामति त्रीन्विकमास्तछङ्कु निहन्ति सोऽन्तः पातः।।
शतपथ ब्राह्मण, काण्ड–3, अध्याय–5, ब्राह्मण–4–1, मन्त्र–1

50. अथ यत् पश्चात् वरीयसी भवति ।
पश्चात् वरीयसी पृथुश्रोणि वै योषां प्रशंसन्ति।।
शतपथ ब्राह्मण, काण्ड–3, अध्याय–5, ब्राह्मण–1,काण्ड – 10–21,मन्त्र–1

51. प्राचीनवंशं हविर्धानमेतद्वै देवानां निष्केवल्यं यद्धविर्धानं...
उादीची वै मनुष्याणं दिक् तस्माद् उदीचीनवंशं सदो भवति।
शतपथ ब्राह्मण, 3/6/1/23

52. शतपथ ब्राह्मण, काण्ड–3, अध्याय–5/6, ब्राह्मण–4/1, मन्त्र–1

53. क) शाखायन श्रौतसूत्र, 16–18–14
ख) कात्यायन श्रौतसूत्र, 7–1–36

54. वास्तु शास्त्र, भाग–1, पृ0 – 77

55. इहैव ध्रुवा प्रति तिष्ठ शालेऽश्वावती गोमती सूनृतावती।
ऊर्जस्वती धृतवती पयस्वत्युच्छयस्व महते सौभगाय।।
अथर्ववेद, काण्ड–3, अध्याय–3, सूक्त–12, मन्त्र–2

56 नह्यंङ्ग नृतो त्वदन्यं विन्दामि राधसे।
श्राये द्युम्नाय शवसे च गिर्वणा।।
ऋग्वेद , मण्डल–8, अध्याय–4, सूक्त–24, मन्त्र–12

वेदों में चिकित्सा-विज्ञान

डॉ० विद्याधर सिंह,
वि०वि०अनु०आ० अनुसन्धान सहायक,
संस्कृत विभाग,
जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू

भारतीय परम्परा में वेदों का स्थान अत्यन्त गौरवपूर्ण, महिमामण्डित एवं श्रद्धास्पद है। भारतीय दर्शन तथा सभ्यता का भव्य भवन वेदों की सुदृढ़ आधारशिला पर ही शोभायमान है। अतएव वेद को धर्म का आदि मूल (कारण) कहा गया है।[1] इतना ही नहीं वेदों की महत्ता का वर्णन करते हुए यहाँ तक लिख दिया गया है कि जो व्यक्ति वेदों की प्रामाणिकता को स्वीकार नहीं करता है, वह नास्तिक है।[2]

निःसन्देह वेद समस्त ज्ञान-विज्ञान के अक्षय भण्डार हैं ।3 वेदों में तृण से लेकर ब्रह्माण्ड पर्यन्त सम्पूर्ण ज्ञान भरा हुआ है। इनमें वायुयान, जलयान, गणित-विद्या, तार-विद्या तथा अस्त्र-शस्त्र आदि का वर्णन बीज रूप में विद्यमान है।

वेदों में जहाँ विविध विद्याओं का वर्णन है, वहाँ मनुष्य के शरीर के स्वास्थ्य-संरक्षण के लिए भी **"चिकित्सा-विज्ञान अथवा आयुर्वेद"** का वर्णन अनेक स्थानों पर उपलब्ध होता है। वस्तुतः आयुर्वेद **आयुर्विज्ञान** अर्थात् आयु का विज्ञान है। जीव का शरीर के साथ संयोग जीवन कहलाता है। जितनी देर तक यह संयोग रहता है उसे आयु कहते हैं। यह संयोग कैसे और किसलिए होता है — जिसके द्वारा यह जाना जाए, वह **'आयुर्वेद'** है।[4] आयुर्वेद किस वेद का उपवेद है, इस विषय पर मतद्वय है। 'चरणव्यूह' में आयुर्वेद को ऋग्वेद का उपवेद माना गया है। प्रसिद्ध कोशकार वामन शिवराज आप्टे ने भी ऐसा ही माना है।[5] अथर्ववेद[6] के अन्तः साक्ष्यों ब्राह्मणग्रन्थों[7] तथा चरक[8], सुश्रुत आदि आयुर्वेदीय ग्रन्थों से तो यही विदित होता है कि चिकित्सा-विज्ञान या आयुर्वेद का सीधा सम्बन्ध अथर्ववेद से है। प्रस्तुत सन्दर्भ में भगवान् सुश्रुत का वचन है — **"इह खल्वायुर्वेदो नाम यदुपाङ्गमथर्ववेदस्य"**।[9]

अस्तु, दोनों पक्षों के आचार्य सुविज्ञ हैं। किसी के भी विचार को भ्रान्तिमूलक नहीं कहा जा सकता। प्रतीयमान इन विरोधी धारणाओं में समन्वय सम्भव है।

वेद का सिद्धान्त है कि प्रत्येक व्यक्ति स्वास्थ्य के नियमों का पालन करके, यदि दुर्घटना न हो तो अपनी आयु को दीर्घ कर सकता है। स्वास्थ्य-विरोधी आचरण से आयु घट सकती है। आयु निश्चित है, अनेक प्रयत्न करने पर भी घट या बढ़ नहीं सकती, यह सिद्धान्त वेद को मान्य नहीं। अतः वेदों में अनेक स्थानों पर आयु को दीर्घ करने के लिए अनेक मन्त्र उपलब्ध होते हैं। जैसे – आदि। ऋग्वेद में कहा गया है **"अश्मानं तन्वं कृधिः"**[10], **"अश्मा भवतु ते तनुः"**[11], **"दीर्घमायुः कृणोतु मे"**[12], **"सर्वमायुर्जीव्यासम्"**[13], **"जीवेम शरदः शतम्"**[14]– **"अन्तर्मृत्युं दतांपर्वतेन"**[15] अर्थात् यदि 100 वर्ष से पूर्व मृत्यु आवे तो उसके मध्य पर्वत खड़ा कर दो।

वेद ने **"भूयसीः शरदः शतात्"**[16] कहकर सौ वर्ष से भी अधिक काल तक जीने की प्रेरणा दी है। परन्तु स्वस्थ एवं नीरोग रहकर जीना ही जीना है। एतदर्थ वेद ने अन्न, जल, दूध, फल तथा वस्त्र, स्थान आदि युक्ताहार-विहार सामग्री को विष-दोष से सर्वथा अछूता रखने के सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त का प्रतिपादन किया है।[17] परन्तु "गच्छतः स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः" कभी न कभी प्रायः सभी को कोई न कोई रोग आक्रान्त कर बैठता है। तब चिकित्सा के द्वारा उसका निवारण आवश्यक हो जाता है। चिकित्सा का पात्र शरीर है। शरीर में विकृति आने पर उसकी चिकित्सा की जाती है। अतएव शरीर की प्रकृति और अवयवों का ज्ञान अनिवार्य है। इसके बिना उपचार असम्भव है। अतः शरीर की उत्पत्ति, उत्पत्ति का मूल तत्त्व, शरीर का विकास करने वाली धातुएँ, उसका आधार, स्थान, वृद्धि का कम, बाह्य अङ्गों का परिगणन, आन्तरिक सूक्ष्म उपकरणें तथा वृत्तियों का निर्देश आदि शरीर-स्थान का विषय है। इस सम्बन्ध में अथर्ववेद में **'सप्तहोता'*** तथा **'सप्तमातरम्'** के नाम से शरीर के अवयवों के रूप में रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक – इन सात धातुओं का उल्लेख करते हुए मूल तत्त्व के रूप में वायु, अर्क और रयि अर्थात् सोम के नाम से वात, पित्त, कफ का वर्णन किया गया है।[18]

अथर्ववेद के नैघण्टुक वर्णन में चिकित्सोपयोगी दो प्रकार की वस्तुओं का समावेश है :- पहली – जल, वायु, अग्नि, सूर्य, विद्युत् आदि प्राकृतिक पदार्थ और दूसरी – औषधि, वनस्पति आदि। इन सबके नाम रूप तथा गुण-धर्मों का वर्णन विस्तारपूर्वक विभिन्न रोगों के प्रकरण में किया गया है। काण्ड 8, सूक्त 7 के 28 मन्त्रों में पर्वत तथा समस्थलों, भूप्रदेशों और जल में उत्पन्न होने वाली औषधियों को प्रत्येक ऋतु में संग्रह करने तथा उनके स्वरस, कषाय, गोली, वटी आदि विधि-कल्पों को तैयार करसमस्त प्राणियों की

सफल चिकित्सा के साथ-साथ औषधियों का आकार-भेद, रंग-भेद, गुण-भेद, स्वरूप-भेद, उत्पत्ति-भेद, स्थान-भेद और उपयोज्य-भेद आदि से वर्गीकरण किया गया है।

मन्त्र 1में भूरी, श्वेत, लाल, चितकबरी, नीली और काली औषधियों का उल्लेख है।[19] मन्त्र 12, 13, 16 और 27 में आकारभेद से वृक्ष, पौधे, तृण, लता, फूलवाली, फलवाली, पत्तो वाली और कन्दवाली औषधियों का; मन्त्र 4 में स्वरूपभेद से अनेक शाखाओं वाली, एक मूलवाली, अनेक मूल वाली, केवल तने वाली, अङ्कुरावयव वाली व काँटो वाली औषधियों का; मन्त्र 6,7 तथा 10 में गुणभेद से जीवन्ती अर्थात् जीवन देने वाली, रक्षणी, मर्मभरणी, उन्नयनी अर्थात् स्फूर्तिदायिनी, पोषणी, मधुमती, संशोधनी, स्नेहनी, विषदूषणी या विषनाशिका, स्तन्या (दूध उत्पन्न करने वाली) आदि औषधियों का; मन्त्र 9 एवं 17 में उत्पत्ति-स्थानभेदसे जलशयों, भूस्थलों तथा पर्वत-प्रदेशों में उत्पन्न होने वाली औषधियों का तथा उपयोज्य भेद से मनुष्यों, नागरिक पशुओं, जंगली जन्तुओं, पक्षियों आदि की चिकित्सा में विशेषतः उपयोगी औषधियों का वर्णन हुआ है।

वेद, मात्र चिकित्साशास्त्र नहीं है। अतः उनमें सभी रोगों के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा नहीं की गई है। केवल प्रधान रोगों के निदान आदि पर ही प्रकाश डाला गया है, क्योंकि अन्य रोगों के निदान भी प्रायः वे ही रोग होते हैं। आयुर्वेदीय सिद्धान्त के अनुसार सभी रोगों का सामान्य कारण धातुवैषम्य है। इस सिद्धान्त का मूल अथर्ववेद में स्पष्टतः उपलब्ध है, जहाँ 'अभ्रजाः, वातजाः, शुष्मः'[20] शब्दों के द्वारा समस्त रोगों के वातज, पित्तज और श्लेष्मक होने का वर्णन किया किया है।

रोगों में प्रधान ज्वर है। ज्वर के सम्बन्ध में अथर्ववेद में अनेक मन्त्र उपलब्ध होते हैं, उनमें से यहाँ चार मन्त्र प्रस्तुत हैं :-

1. **यत् त्वं शीतोऽथो रूरः सह कासावेपयः।**
   भीमास्ते तक्मन् हेतयस्ताभिः स्म परिवृङ्ग्धि नः।। — 5.22.10
2. **यदग्निरापो अदहत् प्रविश्य यत्राकृण्वन् धर्मधृतो नमांसि ।**
   तत्र त आहुः परमं जनित्रं स नः संविद्वान् परिवृङ्ग्धि तक्मन्।।
   1.25.1
3. **ओको अस्य मूजवन्त ओको अस्थ महावृषाः।**
   यावज्जास्तकमंस्तावानसि बल्हिकेषुन्योचरः।। 5.22.5

4. तृतीयकं वितीयं सदन्दिमुत शारदम्।
तक्मानं शीतं रूरं ग्रैष्मं नाशय वार्षिकम्।। 5.22.13

यहाँ प्रथम मन्त्र में कहा गया है कि जब वात, पित्त, कफ विषम या कुपित हो जाते हैं तब वातिक, पैत्तिक और श्लैष्मिक ज्वर हो जाता है। द्वितीय मन्त्र में ज्वर कैसे आता है, इस सम्बन्ध में कहा है कि शरीर की अग्नि अपने स्थान पकवाशय से च्युत होकर वात, पित्त, कफ धर्मो से युक्त आहार-रस के गतिकेन्द्ररूप हृदय में प्रविष्ट होकर दहक उठती है। हृदय प्राण का स्थान है। उसमें रक्त के प्रवेश और निकास से ज्वर हृदय से उठकर सम्पूर्ण शरीर में फैल जाता है। तृतीय मन्त्र में ज्वर के उत्पत्तिस्थान, घास-पात की अधिकता और अतिवृष्टि वाले स्थान बतलाए गए हैं। इसके अतिरिक्त ऐसे स्थान भी ज्वराक्रान्त बताए गए हैं, जहाँ सूर्य की किरणों तथा वायु का प्रवेश नहीं होता। चतुर्थ मन्त्र में ऋतुओं को भी ज्वर का कारण कहा गया है। शीत ऋतु में सर्दी लगने से, ग्रीष्म ऋतु में लू लगने से तथा बरसात में वर्षा के बन्द हो जाने पर शरीर की अग्नि मन्द-मन्द हो जाने पर विषम ज्वर आ घेरता है, जो कभी प्रतिदिन, कभी हर तीसरे दिन और कभी हर चौथे दिन आने लगता है। अन्यत्र शोक, ईर्ष्या, क्रोध, मोह आदि मानसिक दोषों को भी ज्वर का कारण बताया गया है।*

इसी अथर्ववेद में ज्वर की चिकित्सा का वर्णन करते हुए पहले पसीना देकरतथा विरेचन द्वारा शरीर की शुद्धि करके आंशिक चिकित्सा का निर्देश दिया गया है। तत्पश्चात् दासी शूद्रा, गान्धारी, मुंजवान्, अङ्ग तथा मगध आदि ज्वरनाशक औषधियों के सेवन का विधान किया है।[21] लोक में काकजङ्घा, पियङ्गु, गन्धपलाश्या या कचूर, सोम, वेल तथा पिप्पली नाम से प्रसिद्ध औषधियों के ये वैदिक नाम हैं। इन औषधियों का यथायोग्य भस्म, वटी, अवलेह, चूर्ण, कषाय आदि के रूप में सेवन किये जाने का निर्देश है।

श्वासनालियों में कफ जम जाने, शोथ हो जाने तथा उनके सिकुड़ जाने से श्वास रोग उत्पन्न होता है। उसकी चिकित्सा काण्ड 5, सूक्त 4 में दी गई है। वहाँ श्वास आदि कई रोगों की चिकित्सा कुष्ठ नामक औषधि के द्वारा किये जाने का वर्णन है। परन्तु इस सूक्त में वर्णित कुश्ठ औषधि से साधारण 'कूठ' नामक औषधि अभिप्रेत नहीं है। वेद ने उसे "गिरिष्वजायथा"[22] "जातं हिमवस्परि"[23] "सुपर्ण सुवने गिरौ जातम्"[24] तथा "सोमस्य...सखा"[25] अर्थात् कमल के उत्पादक सरोवर वाले हिमालय में उत्पन्न होने वाला बताया है। निश्चय ही वह कश्मीर में उत्पन्न होने वाला "कुष्ठ' या पुष्करमूल"* होना

चाहिए। सोम जैसे गुणों वाला यह वैदिक कुष्ठ श्वासरोग, शिरोरोग, नेत्रान्ध्य तथा ज्वर आदि बहुत से रोगों को दूर करता है **"यक्ष्मं सर्व च नाशय"**।[26]

श्वेत कुष्ठरोग के सम्बन्ध में वेद का कथन है कि दूषित विषक्रिया के कारण त्वचा, मांस और अस्थि में विकार उत्पन्न होने से श्वेत कुष्ठरोग उत्पन्न होता है।[27] इसकी चिकित्सा का विधान करते हुए वेद में कहा है —

नक्त जातास्योषधे रामे कृष्णे असिक्नी च।
इदं रजनि र जय किलासं पलितं च यत्।। — अथर्व0, 1.23.1

इस मन्त्र में विशेष रूप से असिक्नी नामक औषधि का वर्णन किया गया है। असिक्नी को रात्रि में उगने तथा बढ़ने वाली कहकर उसे कुष्ठवाले भाग की त्वचा की सफेदी को दूर करने तथा सफेद बालों को काला करने वाली बताया गया है। सुश्रुत में कुष्ठ चिकित्सा प्रकरण में उसे **'कुष्ठापहा'** कहा है।

अथर्ववेद में अनेक स्थलों पर 'अपामार्ग' नामक औषधि का उल्लेख हुआ है। इससे उसका अनेक रोगों के उपचार में उपयोगी होना सिद्ध होता है। यहाँ ऐतद्विषयक दो मन्त्र प्रस्तुत हैं —

क्षुधामारं तृष्णामारमगोतामनपत्यताम्।
अपामार्ग त्वया वयं सर्व तदप मृज्महे।।
तृष्णामारं क्षुधामारमथो अक्षपराजयम्।
अपामार्ग त्वया वयं सर्व तदप मृज्महे।। — 4.17.6-7

इन मन्त्रों में अपामार्ग से अग्निमान्द्य, तृषारोग, वमनग्लानि, भस्मकरोग, अतितृषादाह, बांझपन, शुक्र काक अस्तम्भ आदि अनेक रोगों की चिकित्सा का वर्णन है। प्रथम मन्त्र में श्वेत अपामार्ग तथा द्वितीय मन्त्र में रक्त अपामार्ग का उल्लेख है। इन अर्थों की पुष्टि आयुर्वैदिक ग्रन्थों से होती है। श्वेत अपामार्ग अग्निमान्द्य को तथा रक्त अपामार्ग भस्मक रोग को दूर करने में उपयोगी है। अपामार्ग औषधि द्वारा छूत से लगने वाले तथा व्यभिचारादि पापाचरण से होनेवाले रोगों की चिकित्सा करने का वर्णन काण्ड 7 सूक्त 65 में प्राप्त होता है।[28]

अथर्ववेद में पृश्निपर्णी नामक औषधि का भी उल्लेख हुआ है जिसे अर्शरोग को दूर करने वाली बताया गया है।[29] चरक ने भी अर्श की चिकित्सा में पृश्निपर्णी का उल्लेख किया है।[30]

अथर्ववेद में काण्ड 4 के 20वें सूक्त में कमलपुष्प के द्वारा नेत्रों की दुर्बलता, धुंधलापन, जलन, साव, पीड़ा आदि नेत्र रोगों को दूर करके , देखने की शक्ति में वृद्धि करने का उल्लेख है। यहाँ पर **"दिव्यस्य सुपर्णस्य तस्य हासि कनीनिका"**[31] कहकर औषधि का वर्णन किया गया है।

कास या खाँसी की चिकित्सा काण्ड 6, सूक्त 105 में दी गई है। यहाँ पर दो मन्त्र प्रस्तुत हैं, जिनमें सूखी खाँसी की चिकित्सा बतलाई गई है –

यथा बाणः सुसंशितः परापतत्याशुमत्।
एवा त्वं कासे प्र पत पृथिव्या अनु संवतम्।।
यथा सूर्यस्य रश्मयः परापतन्त्याशुमत्।
एवा त्वं कासे प पत समुद्रस्यानु विक्षरम्।। – अथर्व0 6.105.2–3

यहाँ पर प्रथम मन्त्र में रेह अथवा रेही मिट्टी के द्वारा सूखी खाँसी की चिकित्सा बतलाई गई है। रेह मिट्टी का क्षार है। क्षार सूखे जमे कफ को मृदु बनाकर बाहर निकाल देता है। दूसरे मन्त्र में सूखी खाँसी को समुद्र–फेन द्वारा दूर करने का विधान है। समुद्र–फेन से भी कफ घुलकर निकल जाने से सूखी खाँसी में लाभ होता है।

अथर्ववेद में गीली खाँसी की चिकित्सा से सम्बन्धित मन्त्र भी उपलब्ध होता है। राजयक्ष्मा के लक्षणों वाली इस भयंकर खाँसी से छुटकारा पाने के लिए मन्त्र में रोगी को जंगलों और पर्वत–प्रदेशों में रहने–घूमने–फिरने का विधान है।[32] ऐसे रोगियों की चिकित्सा के लिए विशेष स्वास्थ्य–केन्द्र (*Senatorium*) ऐसे ही स्थानों में बनाए जाते हैं।

हृदय में शूल, कम्प या जलन होना हृदय रोग कहलाता है। अथर्ववेद में इस रोग की चिकित्सा 'हरिणस्य विषाणया' हरिण के सींग द्वारा करने का विधान है।[33] माता–पिता से प्राप्त या जन्म से आया क्षेत्रिय रोग होने पर मृगशृङ्ग का सेवन प्रातःकाल नक्षत्रों के छुप जाने से लेकर उषाकाल की समाप्ति अर्थात् सूर्योदय तक करना अधिक उपयोगी है।[34] मृगशृङ्ग हृदयरोग नाशक है, यह बात आयुर्वेद शास्त्र से प्रमाणित है।[35]

अथर्ववेद में सन्धिवात, गृध्रसी, वातरोग की चिकित्सा का भी उल्लेख हुआ है। वहाँ पर इन रोगों की चिकित्सा 'दशवृक्ष' द्वारा करने का निर्देश दिया गया है।[36] दशवृक्ष से तात्पये लोक में प्रसिद्ध दशमूल से है।[37] छठे काण्ड के 109वें सूक्त में पिप्पली को जीवन देने में समर्थ बताते हुए उसे क्षेपकवात, पक्षाघात आदि रोगों को नष्ट करने वाली रसायन कहा गया है। इसी काण्ड के सूक्त 44 में 'विषाणका' अर्थात् मेष शृङ्गी या अजशृङ्गी को 'वातीकृतविनाशिनी' कहते हुए उसके द्वारा वातव्याधि की चिकित्सा का उल्लेख हुआ है।[38]

अथर्ववेद में विभिन्न रोगों के चिकित्साक्रम में युद्ध में शस्त्र-अस्त्रों से लगने वाले घावों की चिकित्सा का वर्णन काण्ड 2, सूक्त 27 में उपलब्ध होता है। एतदर्थ वहाँ पाटा (पाठा) नामक औषधि का उल्लेख हुआ है[39],जिसके स्वरस के पान और लुगदी के लेप आदि से तत्काल लाभ होता है और योद्धा पुनः लड़ने योग्य हो जाता है। आयुर्वेदिक निघण्टु में भी पाटा को व्रणनाशक कहा गया है। 5वें काण्ड के 5वें सूक्त में प्रहार के घावों को भरने या पके घाव को ठीक करने के लिए 'लाक्षा' औषधि का उल्लेख प्राप्त होता है। इसकी उत्पत्ति की चर्चा करते हुए कहा है कि वह पिलखन(पाकड़), पीपल, खैर, वट व पलाश से निकलती है **'प्लक्षात् अश्वथात् खदिरात् न्यग्रोधात् पर्णात्'** ।[40] यह लाख टूटे हुए को जोड़ने, पुराने घावों को भरने और नयों को तुरन्त ठीक करने में उपयोगी है। आयुर्वेदीय ग्रन्थों में उसे **'भग्नसन्धानकारिका'** 'वर्णप्रदा' आदि कहकर उसे वेदमूलक सिद्ध किया है।

घाव के ठीक न होने पर निरन्तर बहते रहने को रक्तस्राव कहते हैं। रक्तस्राव को रोकने के लिए काण्ड 6, सूक्त 44 में विषाणका को उपयोगी बताया गया है। सायणादि भाष्कारों ने यहाँ गौ के सींग का विनियोग करके उसके द्वारा जल पिलाने का विधान किया है परन्तु अथर्वेदीय, वृहत सर्वानुक्रमणिका, में इसे स्पष्ट रूप से वनस्पति बताया गया है और वह मेषशृङ्गी या मेढासिंगी है। रक्तस्राव को रोकने के सर्वश्रेष्ठ औषधि विषाणका को तीसरे मन्त्र में अमृतोपम बताया गया है।[41]

सर्पविष तथा उसकी चिकित्सा के सम्बन्ध में भी अथर्ववेद में वर्णन प्राप्त होता है। इस सन्दर्भ में काण्ड 5, सूक्त 13 का प्रथम मन्त्र उल्लेखनीय है, जहाँ पर सर्प के द्वारा काटे हुए घाव के तीन प्रकार बतलाए गए हैं — खात, अखात तथा सक्त।[42] सुश्रुत आदि ग्रन्थों में इन्हें क्रमशः सर्पित, रदित तथा सर्पाङ्गाभिहत कहा गया है। अथर्ववेद में सर्पविष को दूर

करने के लिए जहाँ सफेद आक, इन्द्रायण, जंगली ककोड़ा या कुमारिका, अतीस, दारुहल्दी, गोकर्णी, मुलहठी आदि औषधियों को उपयोगी बताया गया है वहीं इसे जल के फव्वारों तथा जलाशयों — विश्योषतः काई से युक्त पोखरों में अवगाहन, सूर्यकिरणें तथा विद्युत् के द्वारा दूर करने का भी उल्लेख हुआ है।[43] इसी सूक्त के 25वें मन्त्र के अनुसार यदि सर्प का विष शरीर में बहुत अधिक फैल जाए तो उसके वेग को शान्त करने के लिए मर्मस्थल (हृदय) को छोड़कर जगह-जगह से शिराछेदन कर रक्त निकाल देना चाहिए।[44] इसके अतिरिक्त अथर्ववेद में उन्माद रोग[45], केश रोग[46], मानसिक रोग[47], गण्डमाला, उरःक्षत[49] तथा विसर्प रोग[50] आदि का भी वर्णन प्राप्त होता है।

वात, कफ के वैषम्य के अतिरिक्त रोगोत्पत्ति का दूसरा बड़ा कारण कृमि अथवा जीवाणु (*Germs*) हैं। अथर्ववेद के अनुसार ये जीवाणु अन्न, जल, वायु, दूध तथा फल आदि खाद्य पदार्थों के द्वारा शरीर में पहुँचकर मनुष्य को रोगी कर देते हैं।[51] यजुर्वेद में कहा गया है कि जलादि पीने के अनन्तर, उच्छिष्ट पात्रों में कुछ ऐसे अदृश्य जीवाणु लगे रहते हैं, जो उच्छिष्ट पात्रों में खाने पीने वालो के शरीरों में पहुँचकर हानि पहुँचाते हैं।[52] ऋग्वेद[53], तथा अथर्ववेद[54] में — मनुष्य का रुधिर चूसने वाले, मांस-शोषण करने वाले, शरीर की वृद्धि को रोकने वाले, नासिका तथा दाँतों में पहुँचकर हानि पहुँचानेवाले तथा मस्तिष्क में पहुँचकर मानसिक रोग उत्पन्न करने वाले अनेक अदृश्य जीवाणुओं का वर्णन प्राप्त होता है।

अथर्ववेद में मणियों द्वारा भी चिकित्सा का वर्णन प्राप्त होता है। यह कोई जादू-टोना न होकर औषधरूप है जो भिन्न-भिन्न प्रकार के वृक्षों, वनस्पतियों, शङ्ख आदि से बनाई जाती हैं। वस्तुतः ये स्पर्श-चिकित्सा का अङ्ग है, जिनके बाँधने या धारण करने से अनेक प्रकार के रोगों का नाश होता है। इन मणियों में अस्तृतमणि[55], औदुम्बरमणि[56], जंगिड़मणि[57], दर्भमणि[58], प्रतिसरमणि[59], फालमणि[60], वरमणि[61], शङ्खमणि[62], तथा शतवारमणि[63] का उल्लेख हुआ है।

कुछ रोग ऐसे भी होते हैं जिनका ठीक-ठीक निदान नहीं हो पाता अथवा उपचार के लिए उपयुक्त औषधि उपलब्ध नहीं हो पाती। ऐसे सभी रोगों से छुटकारा पाने के लिए अथर्ववेद में 'आपो विश्वस्य भेषजीः'[64] कहकर जल-चिकित्सा का विधान किया है। प्राकृतिक पदार्थों में जल एक महौषध है।[65] वृष्टि, स्रोत, झरने या नदी के रूप में प्राप्त अथवा कुएँ से निकला शुद्ध

जल विविध विधियों — शीतोष्ण पान, स्पर्श, मार्जन, टकोर, भाप, मर्दन, धारापात आदि के रूप में प्रयोग किये जाने पर अनेक दुःसाध्य रोगों को दूर करने में औषधरूप हो जाता है। काण्ड 6 के सूक्त 24 तथा 57 में सद्योव्रण-चिकित्सा, रक्तस्राव को रोकने, हृदय की धड़कन, जलन व शूल को दूर करने, आँखों, एड़ियों व पंजों की जलन शान्त करने आदि में जल के उपयोगी होने का उल्लेख है। अथर्ववेद में ही जलचिकित्सा को स्वप्नदोषजन्य व्याधि[66] तथा जन्मजात (क्षेत्रीय) रोगों से छुटकारा पाने में उपयोगी बताया है।

काण्ड 3, सूक्त 11; काण्ड 19, सूक्त 38 तथा काण्ड 20, सूक्त 96 के अनुसार अग्नि, विद्युत्, वायु तथा सूर्य आदि प्राकृतिक पदार्थ रोगों को दूर करते हैं। सूर्यकिरण-चिकित्सा का वर्णन काण्ड 1, सूक्त 22; काण्ड 6, सूक्त 83 तथा काण्ड 9, सूक्त 8 में हुआ है। इसमें रोगी को प्रातः सूर्य-किरणों में बैठाकर रुग्ण अङ्ग को सीधे सूर्यकिरणों में अथवा विशेष प्रकार के काँच, अभ्रकदल, पत्तों आदि द्वारा निर्झरित किरणों में स्नान कराया जाता है।

आयुर्वेद के वृद्धत्रयी — चरक, सुश्रुत तथा वाग्भट्ट ने आयुर्वेद को अथर्ववेद का उपवेद माना है और उसी में चिकित्साविज्ञान का विस्तृत वर्णन प्राप्त होता है।

अस्तु, वेदों में प्रतिपादित ज्ञान-विज्ञान बीजवत् हैं। उनमें किसी तत्त्व का विशद प्रयोगात्मक रूप नहीं है। जब हम ज्ञान के बीज को अपनी बुद्धिरूपी भूमि में वपन करके चिन्तन, मनन, अनुभव तथा परीक्षण आदि के जल से सींचते हैं तभी वह बीज वृक्षरूप में विकसित होकर फलप्रद होता है।

पादटिप्पणियां

1. "वेदोऽखिलो धर्ममूलम।"— मनु0 2,6
2. "नास्तिको वेदनिन्दकः ।" — वही, 2.11
3. "सर्वज्ञानमयो हि सः"—वही, 2.7
4. "आयुरस्मिन् विद्यते वायुर्विन्दतीत्यायुर्वेदः ।"—सु0सं0, सूत्रस्थान, 1.15
5. सं0हि0 कोश, मुद्रण 1997, पृ0 211
6. "ऋचः सामानि भेषजा यजूँसि ।" — अथर्व0 11.6.14
7. क) "यद् भेषजं तदमृतं यदमृतं तद् ब्रह्म ।" — गो0ब्रा0 3.4
   ख) "भेषजं वा अथर्वाणि ।" — ताण्ड्य महाब्रा0 12.9.10
8. तत्र भिषजा पृष्टेनैवंचतुर्णामृक्सामयजुरथर्ववेदानाम् आत्मकोऽथर्ववेदेभक्तिरादेश्या। ... सूत्रस्थान, अ0 30.21
9. सु0सं0, सूत्रस्थान, अ0 1.3
10. अथर्व0, 1.1.2
11. वही, 2.13.4

12. वही, 7.32.1
13. वही, 19.70.1
14. वही, 19.67.2
15. ऋक्0, 10.18.4
16. अथर्व0, 19.67.8
17. यदश्नासि यत्पिबसि धान्यं कृष्याः प्यः।
यदाद्यं यदनाद्यं सर्व ते अन्नमविषं कृणोमि।। -वही , 8.2.19
18. द्रप्सश्चस्कन्द...सप्तमातरम्।। — अथर्व0 18.4.28-29

19. या बभ्रवो याश्च शुक्रा रोहिणीरुत पृश्नयः।
असिक्नीः कृष्णा ओषधीः सर्वा अच्छावदामसि।। - वही, 8.7.1
* अङ्गानि वाव होत्राः। - गो0उ0, 6.6
20. अथर्व0 1.12.3
21. अथर्व0, काण्ड 5, सूक्त 22
22. वही, 5.4.1
23. वही, 5.4.2
24. वही, 5.4.2
25. वही, 5.4.7
26. अथर्व0, 5.4.9
27. अस्थिजस्य किलासस्य तनूजस्यस च यत्त्वचि।
दूष्या कृतस्य ब्रह्मणा लक्ष्म श्वेतमनीनशम्।। अथर्व0, 1.23.4
28. प्रतीतीनफलो...तदप मृज्महे ।। — अथर्व0, 7.65.1-3
* उक्तं पुष्करमूलं तू पौष्करं पुष्परं च तत्।
पद्मपत्रं काश्मीरं कुष्ठीमेदमिमं जगुः। — भा0नि0
29. अथर्ववेद, 2.25.1-4
30. 'बलापृश्निपर्णीभ्याम्' — चरक सं0, चि0 स्थान, अ0 14, 199
31. अथर्ववेद , 4.20.3
32. मु च शीर्षक्त्या उत कास एनं परुष्परुराविवेशा यो अस्य।
यो अभ्रजा वातजा यश्च शुष्मो वनस्पतीन्त्सचतां पर्वतांश्च।।—अथर्व0,1.12.3
33. अथर्व0 , 3.7.1
34. 'अपवासे नक्षत्राणामपवासे उषसामुतः।' -वही 3.7.7
35. दग्धयमनिर्गतं धूमं मृगशृङ्गगोघृतेन सह लीढम् ।
हृदयनितम्बजशूलं हरति शिखी दारूनिवहमिव।। -भै0र0, शूलरोगाधिकार,54
36. अथर्व0 , काण्ड-2, सूक्त-9
37. दशमूली-क्वाथं पीत्वा सशिलाजतुशर्करम्। वातकुण्डलिकाष्ठीलावातवस्तौ प्रयुज्यते
-भै0र0
38. अथर्व0 , 6.44.3
39. पाटामिन्द्रो व्याश्नादसुरेभ्य स्तरीतवे।
प्राशं प्रतिप्राशो जह्यरसान् कृण्वोषधे।। —वही, 2.27.4
40. वही, 5.5.5
41. 'अमृतस्य नाभिः विषाणका नाम वा असिः।' -अथर्व0 6.44.3
42. ददिर्हि मह्यं वरुणो दिवः कविर्वचोभिरुग्रैर्निरिणामि ते विषम्।
खातमखातमुत सक्तमग्रभमिरेव धन्वन्नि जजास ते विषम्।। -वही, 5.13.1
43. अथर्व0, काण्ड 10, सूक्त 4
44. अङ्गादङ्गात्प्रच्यावय हृदयं परिवर्जय।
अधा विषस्य यत् तेजोऽवाचीनं तदेतु ते।। -वही, 10.4.25
45. काण्ड 6, सूक्त 11
46. काण्ड 6, सूक्त 126
47. काण्ड 6, सूक्त 96
48. काण्ड 7, सूक्त 74
49. काण्ड 7, सूक्त 76
50. काण्ड 19, सूक्त 44
51. अथर्व0, 5.29.5,6,7
52. यजु0, 16.6
53. ऋक्0 10.162.2,4,6

54. अथर्व0, काण्ड 8, सूक्त6; काण्ड 5, सूक्त 29; काण्ड 2, सूक्त 25; काण्ड 5, सूक्त 23; काण्ड 2, सूक्त 31; काण्ड 7, सूक्त 76
55. अथर्व0, काण्ड 19, सूक्त 46
56 वही, काण्ड 19, सूक्त 46
57. वही, काण्ड 2, सूक्त 4; काण्ड 19, सूक्त 34
58. वही, काण्ड 19, सूक्त 28
59. वही, काण्ड 8, सूक्त 4
60. वही, काण्ड 10, सूक्त 6
61. वही, काण्ड 10, सूक्त 3
62. वही, काण्ड 4, सूक्त 10
63. वही, काण्ड 29, सूक्त 36
64. अथर्व0, 3.7.5
65. क) "अप्स्वन्तरमृतमप्सु भेषजम्" – वही, 1.4.4
    ख) "आपः भिषजां सुभिषक्तमाः" वही, 6.24.2
    ग) "अप्सु मे सोमो अब्रवीदन्तर्विश्वानि भेषजाः" वही, 1.6.2
    घ) "आपः पृणीत भेषजं वरूथं तन्वे मम" – वही, 1.6.3
    ङ) "अमृतमुदक नाम" – वै0नि0, 1, 12
66. अथर्व0, 10.5.24
67. वही, 3.7.5

वेदों में शिल्प विज्ञान

डा0 भरत चन्द्र महापात्र,
अस्थायी प्रवक्ता,
गुरूकुल संस्कृत महाविद्यालय,
ज्वालापुर उत्तराखंड

प्रस्तुत विषय पर गवेषणा करने से पूर्व वेद, शिल्प और विज्ञान शब्दों पर विचार कर लेना आवश्यक है कि इनका क्या अभिप्राय है? 'विद् ज्ञाने' (जानने) धातु में घञ् प्रत्यय लगकर 'वेद' शब्द निर्मित हुआ है, जिसका अभिप्राय है ज्ञान, 'ज्ञान राशिः वेदः'। 'शिल्प' शब्द शिल् में पक् प्रत्यय लगकर बना है जिसका अर्थ ललित कला, यान्त्रिक कला–कुशलता आदि होता है और विज्ञान शब्द वि उपसर्ग पूर्वक 'ज्ञा' धातु से निश्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ 'विशेष ज्ञान' है। किसी वस्तु के सुव्यवस्थित, सुसंगठित एवं कमबद्ध विशिष्ट ज्ञान को विज्ञान कहते हैं। इस प्रकार सम्पूर्ण ज्ञान राशि वेद में यांत्रिक कला–कुशलता व कारीगरी, शरीरिक कार्य–कुशलता आदि वस्तुओं का सुव्यवस्थित, सुसंगठित एवं कमबद्ध का विशिष्टज्ञान ही शिल्प विज्ञान है। वास्तव में शिल्प मनुष्य के व्यवहार जगत् का विज्ञान है। उसका सम्बन्ध हस्त कौशल अथवा हूनर से है। वेदों में आर्यों की जीवनशैली पर जो प्रकाश पड़ता है उसमें शिल्प का स्थान सर्वोपरि है क्योंकि शिल्प ही मनुष्य के सम्पूर्ण जीवनशैली का कोश है। वैदिक कालीन अनेक वस्तुएँ शिल्प की ही देन हैं। अतः शिल्प वह विज्ञान है जिसमें मानव के व्यावहारिक जीवन को साधन सम्पन्न एवं विशिष्ट वस्तुओं से युक्त बनाया जाता है। वेदों में विभिन्न शिल्पियों और उद्योगों का बहुत विस्तार से वर्णन आया है, यजुर्वेद के 30वें अध्याय में शिल्प एवं शिल्पियों का विशेष रूप से वर्णन किया गया है। शिल्पी को ऋग्वेद[1] में कारु कहा गया है। यजुर्वेद[2] में शिल्प को वैश्वदेव की संज्ञा दी गयी है तथा मुण्कोपनिषद3 में तो इन्हें ब्रह्मवेताओं से भी श्रेष्ठ कहा गया है।

मानवी सभ्यता का विशाल पुंज वैदिक काल से ही मिल रहा है। भारतीय सभ्यता जितनी पुरानी है उतना ही प्राचीन शिल्प भी है, क्योंकि दोनों एक ही पथ के गामी हैं । वेदों तथा उनके विभिन्न शाखाओं में शिल्प विज्ञान की यथा विधि शिक्षा दी गयी है । जो इस शोध निबन्ध का मूल विषय है।

संसार के प्राचीनतम् साहित्यस वेद में लोहे से बनी वस्तुओं, अस्त्रों एवं औजारों का अनेकशः उल्लेख प्राप्त होता है। यहाँ अस्त्रों की दो कोटियां सामने आती हैं, पहला दिव्यास्त्र और दूसरा मानवी अस्त्र-शस्त्र।

दिव्यास्त्र के लिये अथर्ववेद[4] विशेष महत्वपूर्ण है। इसमें आग्नेय-अस्त्र, वायव्य-अस्त्र, पशुपत-अस्त्र, ब्रह्मास्त्र, सम्मोहन-अस्त्र तथा इसके अतिरिक्त ऋग्वेद[5] और यजुर्वेद[6] में भी अनेक दिव्यास्त्रों का वर्णन आया है, मानवी अस्त्र के रूप में धनुष[7], बाण[8], हेति[9], सीसे की गोली[10], असि[11] (तलवार), चक[12], बज्र[13] आदि का उल्लेख बहुशः वेदों में मिलता है। ब्राह्मण[14] तथा उपनिषदों[15] में भी अनेक लोहे के अस्त्रों एवं औजारों का वर्णन आया है जो वर्तमान तकनीकि से मेल खाता हे। जैसे — ऋगवेद[16] में इस्पात तैयार करने की जो विधि बतलाई गयी है वह 'वृटझ' नामक वैज्ञानिक विधि के समान ही है। घ्यातव्य है कि यह विधि भारत में 19वीं शताब्दी के अनत तक अपनाई जाती थी। विद्वानों का मानना है कि इस पद्धति से बनाया हुआ इस्पात आजकल के बेसेमर या खुली भट्टी में बने इस्पात से श्रेष्ठ होता था।

लोहे के काम की भाँति ही शिल्प की वास्तुविधि भी बहुत महत्वपूर्ण है। ऋग्वेद और अथर्ववेद में वास्तुशास्त्र या स्थापत्यकला से सम्बद्ध अनेक मंत्र सामने आते हैं, जिनसे उस समय की उन्नत शिल्प व्यवस्था का ज्ञान होता है। वेदों में वसति, दुर्ग, पुर एवं भवन सम्बन्धी विभिन्न संकेतों से उन्नत वास्तु-विकास का निदर्शन होता है। प्रो० विनोद बिहारी दत्त अपनी पुसतक *'Town Planning in Ancient India'* में लिखा है कि "निश्चय ही वे लोग लौह दुर्गो का निर्माण कर सकते थे। स्तम्भ बहुल विशाल भवनों के निवेश में दक्ष थे, तथा बड़े नगरों का विन्यास कर सकते थे वे निश्चय ही नागरिक कलाओं के वैज्ञानिक ज्ञान से शून्य नहीं थे।[17] ऋग्वेद में आया है कि "राजा मित्र और वरुण के राजद्वार में हजार खंभे लगे थे।"[18] राजा वरुण का ऐसा भी महल है जिसमें एक हजार द्वार हैं।[19] ऋग्वेद में ऐसे भी भवनों का उल्लेख है जो तीन मंजिलों के बने हुए हैं तथा सब प्रकार से रोग रहित एवं सर्व सुविधा से युक्त हैं।[20] वेदों में एक बात और देखने में आती है कि उस समय सम्पूर्ण लौह निर्मित भवन भी विद्यमान थे।[21] वैदिक कालीन तकनीकि विज्ञान का परिचायक रूप वातानुकूलित भवन भी है। अथर्ववेद[22] में बतलाया गया है कि वातानुकूलित भवन के लिए बर्फ की पतली परत भवन के चारों ओर लगाई जाय, बड़े तालाब के बीच में ऐसा भवन बनाया जाना चाहिए। भवन के बाहर घास के मैदान हो तथा एक तालाब हो जिसमें कमल खिले हुए हो। घर के द्वार आमने-सामने होने चाहिए जिससे वायु का बिना

बाधा के प्रवेश हो सके तथा ठंडा से बचपने के लिए अग्नि की व्यवस्था होनी चाहिए। इसी प्रकार ऋग्वेद[23] और यजुर्वेद[24] में भी वातानुकूलित भवन का वर्णन आया है। इस प्राकृतिक वातानुकूलन विधि से एक बात निश्चित हो जाती है कि वैदिक आर्य वैज्ञानिक जीवन जीने की ओर उन्मुख हो चुके थे।

वेदों में भवन निर्माण के साथ–साथ सामान्य रूप के मिट्टी के चयन तथा पर्णकुटी का भी वर्णन आया है। जैसे वसिष्ठ ऋषि कहते हैं कि मैं मिट्टी के घर में नहीं रहूँगा।[25] अतः स्पष्ट है कि वेदों में पक्के और कच्चे दोनों प्रकार के भवन बनाये जाते थे। कच्चे मकान को असुविधा युक्त समझा जाता था। पक्के भवनों को श्रेष्ठ तकनीकि विज्ञान के प्रयोग से ज्यादा साधन सम्पन्न माना जाता था। उस समय के मकानों में वायु तथा प्रकाश की उत्तम व्यवस्था रहती थी। अतः घरों में अनेक खिड़कियाँ तथा दरवाजे लगाये जाते थे।[26]

वृहत्संहिता में अनेक प्रकार के वज्रलेप (प्लास्टर) बनाने का वर्णन आया है जिसकी कलई हजारों वर्षो तक नहीं छूटती थी। यहाँ चार प्रकार की वज्रलेप विधि बतलाई गई है जिसमें एक धातु निर्मित शेष द्रव्य निर्मित वज्रलेप हाते थे। धातुनिर्मित वज्रलेप में आठ भाग सीसा, दो भाग काँसा, एक भाग पीतल को गला कर 'वज्र सघात' नामक लेप तैयार किया जाता था।[27] दूसरे वज्रलेप में तेन्दु का कच्चा तेल, केथ का कच्चा फल, सेमर का फूल, धन्वन वृक्ष की छाल, शल्लकी वृख का बीज आदि को एक द्रोण जल के अष्टांश होने तक उबालें तथा कुछ देर बाद श्रीवासक वृक्ष की गोंद, अलसी, बेल की गिरी आदि को पिसकर डाल देने से दूसरा गाढ़ा वज्रलेप तैयार हो जाता है जिसे देवमन्दिर, दीवार, कूप आदि में लगाया जाता था। यह करोड़ों वर्ष तक नहीं छूटता है।[28] तीसरे वज्रलेप के लिए दूसरे वाले वज्रलेप में लाख, कुन्दुरु, नागवला का फल, गुगल, घर के धुए का जलाा, केथ का फल, महुए का फल, मंजीठ, बेल, आवला आदि को पिसकर मिला दें।[29] चौथे वज्रलेप के लिए भी गाय, भैंस और बकरे की सींग, गदहे का बाल, भैंस का चमड़ा, गोबर, नीम के फल तथा केथ के फल को पिसकर दूसरे वाले वज्रलेप में डाल देने से यह वज्रलेप तैयार हो जाता है।[30] अतः बृहत्संहिता में आये इन वज्रलेपों के बनाने की विधि से स्पष्ट है कि उस काल में प्राकृतिक वस्तुओं से प्राकृतिक विधि से लेप तैयार किया जाता था।

वेदों में तकनीकि विज्ञान के विकास कम में विमान भी आता है। यहाँ विमान से तात्पर्य दिव्यास्त्र या आकाशी नौका से है। ऋग्वेद में विमान को

अन्तरिक्षप्रद[31] तथा अथर्ववेद में देवयान[32] कहा गया है। ऋग्वेद के एक मन्त्र से संकेत मिलता है कि त्रिकोणी व तीन पहिए वाले विमान में तीन सीटें होती थीं।[33] एक अन्य मन्त्र में सब लोकों में गमन करने वाले सात पहिए वाले, बहुत विशाल, चारों ओर मुड़ सकने वाले, संकेतों से चलने वाले तथा पांच इंजन (रश्मि) वाले दिव्य रथ का उल्लेख आया है।[34] इसी प्रकार ऋग्वेद के अनेक सूक्तों में विमानों के अनेक रूपों का दर्शन होता है। इन वर्णनों से स्पष्ट है कि वेदों में विमान तकनीकि प्रगति पर थी।

इन सभी वर्णनों के साथ-साथ वेदों में और अनेक शिल्प कलाओं का संकेत मिलता है। ऋग्वेद में सूत की कताई का अनेक मन्त्रों में उल्लेख हुआ है, इनमें तन्तुओं के बुनने का वर्णन आया है।[35] वस्त्र बुनने वाले पुरुष को वासोवाय कहा जाता था[36] तथा स्त्री को वय्या कहा जाता था। [37] सोना, चांदी और रत्नों के आभूषण बनाने वालों को मणिकार या जौहरी कहा जाता था।[38] स्वर्ण का आभूषण गला में पहना जाता था।[39] कान में पहने स्वर्णाभूषण को हिरण्यकर्ण कहा जाता था[40], लकड़ी की रथ व गाड़ी बनाने वालों को तक्षन, तक्षा व बढ़ई कहा जाता था।[41] वेदों में सुन्दर-सुन्दर रथ बनाये जाने का भी वर्णन मिलता है जिनका उपयोग युद्ध आदि के लिये किया जाता था। यजुर्वेद में लोहे को तपाकर विभिन्न शस्त्र-अस्त्र बनाया जाता था। लोहे को तपाने के कारण इसे अयस्ताप कहा जाता था तथा इसे बनाने वाले का कर्मार या लोहार कहा जाता था।[42] अतः स्पष्ट होता है कि वैदिक युग में लोहा गलाने की बड़ी-बड़ी भट्टियाँ अवश्य रहीं होंगी। उच्चकोटि के महल आदि बनाने वालों को स्थपति या रज कहा जाता था।[43] चर्मम्न या चर्मकार चमड़ें का सामान बनाते थे।[44] डॉ0 कपिलदेव द्विवेदी कहते हैं कि 'चमड़ा उद्योग भारत का बहुत प्राचीन उद्योग ज्ञात होता हे। वेदों में चमड़ें के जूते (उपनह), मशक (दृति), ढोल (दुन्दुभि), चाबुक (कशा), धनुर्ज्या (धनुष की डोरी), चमड़े के कवच (वर्म) आदि का उल्लेख है।[45] धनुष बनने वालों को धनुषकार कहा जाता था।[46] धनुष लचकदार लकड़ी की बनायी जाती थी तथा तॉत की डोरी से इसके दोनों छोरों को मिलाया जाता था, धनुश की डोरी को ज्या कहा जाता था तथा इसे बनाने वालों को ज्याकार कहा जाता था। धनुष की मार बाण से होती है। बाण बनाने वालों को इषुकार व बाण को इषु कहा जाता था।[47] नक्काशी या कढ़ाई का काम करने वालों को पेशिता कहा जाता था।[48] ये लोग वस्त्रों पर अनेक प्रकार की आकृति को उकेरते थे। सिलाई का कार्य करने वालों को सूचकर्म या सौचिक कहा जाता था।[49] जो सूती, ऊनी और रेशमी सभी प्रकार के वस्त्रों की सिलाई करता था।

इन सम्पूर्ण विवेचनोपरान्त हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि वेदों में बहुआयामी शिल्प विज्ञान की अनेक दृष्टि मिलती है। यहाँ भवन निर्माण का विधिवत् आकार प्रस्तुत किया गया है। अस्त्र-शस्त्र का उल्लेख सैनिक शिल्प पर मुहर लगाता है। वज्रलेप कि विण्धि ही वस्तु के कलई जीवन का शिल्प हे, विमानों से यात्रायें होती थीं। अनेक लोग सूत कातते थे, चमड़ा के सामान बनाते थे, धनुश-बाण बनाते आदि-आदि। अतः वेदों में शिल्प विज्ञान का दर्शन सर्वत्र होता है।

सन्दर्भ सूची

1. ऋग्वेद 1.112.3
2. यजुर्वेद 29.58
3. मुण्डकोपनिषद् 3.1.4
4. अथर्ववेद 6.67.2, 3.1.6, 5.6.9, 3.1.5, 3.1.6, 6.67.1
5. ऋग्वेद 2.33.14, 10.103.12, 1.80.12
6. यजुर्वेद 17.44, 17.47, 12.63
7. यजुर्वेद 16.22, ऋग्वेद 1.127.3
8. अथर्ववेद 11.2.12
9. ऋग्वेद 10.89.12, अथर्ववेद 12.5.16
10. अथर्ववेद 1.16.4 — तं त्वा सीसेन विध्यामः
11. अथर्ववेद 10.1.20 — स्वायसा असयः सन्ति नो गृहे।
12. ऋग्वेद 1.53.9 — नि चक्रेण रथ्या...
13. वही 2.15.3 — वज्रेण खानि अतृण्न् नदीनाम्
14. शतपथ ब्राह्मण 5.1.2-14, 5.4.1.1-2
15. छान्दोग्योपनिषद 6.1.6, 6.1.5-6
16. ऋग्वेद 9.112.2
17. द्विवेदी डॉ0 कपिलदेव, वेदों में विज्ञान, पृ0 116
18. ऋग्वेद 2.41.5
19. वही 7.88.5
20. वही 8.47.5, 6.46.9
21. वही 2.208, 7.3.7, अथर्ववेद 19.58.4
22. अथर्ववेद 6.106.1-3
23. ऋग्वेद 10.142.8
24. यजुर्वेद 17.5, 17.7
25. ऋग्वेद 7.89.1 — मां अहं मृण्मये गृहं गमम्
26. अथर्ववेद 9.3.1
27. वराहमिहिर, वृहत्संहिता वज्रलेप, श्लोक - 81

28. वही श्लोक 1–4
29. वही श्लोक 5–6
30. वही श्लोक 7
31. ऋग्वेद 1.118.2
32. अथर्ववेद 3.15.2
33. ऋग्वेद 1.118.2
34. वही 2.40.3
35. वही 4.36.1, 8.58.3, 1.157,3, 4.36,2, 4.33.8, 1.34.1. 8.73. 13, 4.43.5
36. वही 1.142.1
37. वही 10.26.6
38. वही 2.3.6
39. यजुर्वेद 30.7
40. ऋग्वेद 1.64.4, 1.112.14
41. यजुर्वेद 30.6
42. वही 30.7
43. वही 16.19
44. वही 30.15
45. द्विवेद डॉ0 कपिलदेव — वेदों में विज्ञान, पृ0 - 138
46. यजुर्वेद 30.7
47. वही
48. वही 30.12, अथर्ववेद 7.98.1

संस्कृत–साहित्य में पर्यावरण–चिन्तन

आरती शर्मा,
शोधछात्रा–पी.एच.डी,
संस्कृत विभाग,
जम्मू विश्वविद्यालय,
जम्मू

अखण्डमण्डलाकार ब्रह्माण्ड में व्याप्त है वह चितिशक्ति जिससे जड़ एवं चेतन सभी अनुप्राणित हैं। यही ब्रह्माण्ड हमारा 'पर्यावरण' है। 'पर्यावरण' शब्द की व्युत्पत्ति लभ्य–अर्थ इस प्रकार है –

'परि' 'आ' उपसर्गपूर्वक 'वृञ्' वरणे धातु से करण में ल्युट् प्रत्यय द्वारा 'पर्यावरण' शब्द निष्पन्न होता है। परितः आवरणम्–पर्यावरणम्।

हमारे चारों ओर का घेरा जिससे हमारा सम्बन्ध अवश्य है, वह पर्यावरण है। वस्तुतः पर्यावरण शब्द हमारे सम्मुख उपस्थित सभी पदार्थों का बोधक है। वे पदार्थ है। – आकाश, वायु, तेज, जल, पृथ्वी, वनस्पतियाँ, औषधियाँ, जलचर, खेचर, सरीसृप, कीटादि जन्तु, पशु और मनुष्य प्रभृति पदार्थ जात इन सभी की समीष्ट को 'पर्यावरण' कह सकते हैं।

संस्कृत साहित्य में वैदिक काल से ही पर्यावरण के प्रति अद्यावधि विलक्षण चेतना देखने को मिलती है। यद्यपि प्राचीनकाल में पर्यावरण प्रदूषण की समस्या वर्तमान के समान भयानक नहीं थी, तथापि त्रिकालदर्शी ऋषि सावधान था, उसका चिन्तन व्यावहारिक एंव वैज्ञानिक था –

संसार में वायु मधुर बहें, नदियाँ मधुर प्रवाहित होवें, हमारे लिए मधुर औषधियाँ उत्पन्न हों, रात्रियाँ मधुर होवें, प्रभात मधुर होवें, पितृ स्वरूप आकाश मधुर हो, वनस्पतियाँ मधुर हों, सूर्य मधुर हो तथा गोएं मधुर होवें।[1]

इस प्रकार ऋषि ने उक्त मन्त्र के माध्यम से स्वच्छ एवं निर्मल पर्यावरण की कामना की है जिसमें पृथ्वी, जल, तेज, वायु तथा आकाश – इन पांच महाभूतों के सन्तुलन की प्रार्थना की गई है।

अथर्ववेद में ऋषि कहता है कि जिस स्थान पर वृक्ष तथा वनस्पतियाँ सदा खड़ी रहती हैं, वह स्थान समस्त जनों का भरण-पोषण करने में सक्षम माना जाता है।[2]

पर्यावरण केवल पर्वत, नदी, वृक्षादि का मनोहारी दृश्य ही नहीं, अपितु मानव-मात्र को आध्यात्मिक एवं भौतिक विकास का आधार भी है। अतः समग्र आन्तरिक एवं बाह्य कियाकलाप पर्यावरण को प्रभावित करता है, क्योंकि पंच महाभूत प्राणिमात्र का आध्यात्म भी है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि एक ओर आज का चिन्तन जहाँ मानव-केन्द्रित है वहीं वैदिक ऋषि का चिन्तन प्राणिमात्र केन्द्रित है। वह सर्वत्र सर्वात्म्भाव की प्रतिष्ठा करते हुए विश्व के समस्त प्राकृतिक तत्त्वों में एक महाचेतना की सत्ता का ही अनुभव कर रहा है।

'यो देवो अग्नौ यो अप्सु यो विश्वम् भुवनमाविवेश।
य ओषधीषु यो वनस्पतिषु तस्मै देवाय नमो नमः।।

संस्कृत वाङ्मय के आदिकाव्य वाल्मीकीय रामायण का तो शुभारम्भ ही पर्यावरण की चेतना को प्रकट करता है। पर्यावरण की चेतना से चमत्कृत होकर ही आदि कवि महर्षि वाल्मीकि सहसा शोक को काव्यात्मधारा के रूप में प्रकट करते हुए कहते हैं —

मा निषाद ! प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वती समाः।
यत्क्रौंचमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्।।

क्रौंची के द्वारा किए आर्त्तनाद को सुनकर महर्षि का हृदय व्यथित हो गया और निषाद को चिरकाल तक दुर्गति होने का शाप दे दिया। त्रिकालदर्शी ऋषि का यह श्लोक ही राम की प्रतिष्ठा और रावण की अप्रतिष्ठा का भी संकेत कर रहा है।

महर्षि का संकेत है कि बाह्य समृद्धि ही प्राणि के लिए हितावह नहीं है अपितु मानसी समृद्धि भी पर्यावरण की शुद्धि कहलाती है।

रामायण के अतिरिक्त महाभारत तथा आरण्यक संस्कृति में रचित प्रत्येक ग्रंथ में स्थान–स्थान पर पर्यावरण सुरक्षा की भावना प्राप्त होती है। महर्षि 'वेदव्यास' कहते हैं –

एकेनापि सुवृक्षेण पुष्पितेन सुगन्धिना।
वासितं वै वनं सर्वं सुपुत्रेण कुलं यथा।।
एतेषां सर्ववृक्षाणां छेदन नैव कारयेत्।

वस्तुतः पर्यावरण संरक्षण मे वनों और वृक्षों का अत्यधिक महत्त्व है। वनों से वायु प्रदूषण रुकता है। जल संरक्षित होता है। फल, पुष्प और दुर्लभ औषधियाँ प्राप्त होती हैं। संस्कृत के नाटकों एवं काव्यों में वृक्षों का पुत्रवत् पालन और कन्याओं के द्वारा प्रातःकाल वृक्षों के नवपल्लवों को देखना, फूल और फल के आने पर उत्सवों का आयोजन आदि संस्कृत कवियों के प्रकृति के साथ महान सामंजस्य, सन्तुलन और अनुराग को प्रस्तुत करता है। वृक्षों के प्रति प्राचीन भारत में अत्यन्त आदर का भाव था। पीपल, वट, आँवला, आमग्र आदि बड़े छायादार तथा फलदार वृक्षों के प्रति जो देवभाव था। इनका धार्मिक महत्त्व पद्मपुराण में विस्तार से प्राप्त होता है। उसमें कुओं, तडागों, वापियों आदि के निर्माण का महत्त्व भी वर्णित है। पराशर ऋषि का यह कथन तो पर्यावरण शास्त्रियों का ही नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए भवन करने योग्य है –

दशकूपसमो वापी दशवापीसमो ह्रदः।
दशह्रदसमः पुत्रः दशपुत्रसमो द्रुमः।। (सुभाषित रत्नभण्डागार)

अर्थात् दस कुएँ बनवाने के समान एक बावड़ी खुदाने का पुण्य होता है। दस बावड़ियों के निर्माण के तुल्य एक तालाब और दस तालाबों के निर्माण के बराबर एक पुत्र तथा दस पुत्रों की उत्पत्ति होने के बाराबर एक वृक्ष लगाने का माहात्म्य होता है।

वृक्षों को पुत्रवत् माना गया है। सब प्रकार के वृक्षों को लगाने के अनेक उल्लेख हैं। वृक्षों से पूर्वजों और भविष्य में होने वाली सन्तानों का उद्धार भी बतलाया गया है। वृक्ष–वनस्पतियों की छः जातियाँ बतलाते हुए 'महाभारत' में कहा गया है कि वृक्ष (वट, पीपल आदि), गुल्म (कुश आदि), लता, वृक्ष पर फैलने वाली (बाँस, बेंत आदि) और तृण (घास आदि), इनके लगाने से मनुष्य दोनों लोकों में कीर्तिवान् होता है। वृक्ष लगाने वाला मनुष्य

पूर्वजों और नई आने वाली पीढ़ी का उद्धार कर देता है इसलिए वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। क्योंकि वृक्ष पुत्रवत् होते हैं।

ऐसे नियमों, विचारों और उपदेशों के द्वारा ही वृक्षों की सुरक्षा तथा उनकी अभिवृद्धि के माध्यम से प्रकृति में सन्तुलन रखा जाता था। आश्रमस्थ विद्यार्थियों या तपस्वियों का प्रकृति के साथ या वृक्षों-पौधों एवं पशु-पक्षियों के साथ अत्यन्त निकट का-परिजनों जैसा ही सम्बन्ध था। कालिदास के सुप्रसिद्ध नाटक — 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' से यह बात पूर्णतया स्पष्ट हो जाती है। शकुन्तला की विदाई के समय अतिशय तादात्म्यमूलक अनुराग के कारण वृक्ष-लताएँ, पशु-पक्षी भी वियोगजन्य दुःख का अनुभव करते हें। मृगियों ने भोजन (तृण खाना) छोड़ दिया था। मयूरों ने नृत्य करना छोड़ दिया था और लताओं ने आँसू (पत्र रूपी) टपकाए थे जब शकुन्तला पतिगृह जाने लगी थी —

उद्गलितदर्भकवला मृग्यः परित्यक्तनर्तना मयूराः।
अपसृतपाण्डुपत्रा मुंचन्त्यश्रूणीव लताः।।

शकुन्तला भी जाने के पूर्व अपनी बहिन सदृशा लता से मिलना नहीं भूली। वह कहती है — तात्! मैं अपनी लता बहिन "वनज्योत्स्ना' से मिल लूँ — "तात! लगा भगिनीवनज्योत्स्नां तावदामनयिष्ये" तब उसके पिता कण्व कहते हैं — मैं जानता हूँ कि तेरा उस पर बहिन का-सा प्रेम है —अवैमि ते तस्यां सहोदर्या स्नेहम्।" फिर शकुन्तला ने उस लता को गले से लगाकर आलिंगन किया — "उपेत्य लतामालिंगय, वनज्योत्स्ने...।"

आश्रम में वन्यप्राणियों का भी विधिवत्-पुत्र के समान लालन-पालन किया जाता था। यदि वे किसी दुर्घटना या तीक्ष्ण तृणों से घायल हो जाते थे तो उनका श्रेष्ठ औषधियों द्वारा उपचार भी कियाजाता था। 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' का ही एक उदाहरण जिसमें एक मृगशावक की समुचित देखभाल और चिकित्सा का वर्णन है। कुलपति कण्व की पुत्री शकुन्तला स्वयं इस कार्य में संलग्न रही। कण्व कहते हैं —

यस्य त्वया व्रणविरोपणमिङ्गुदीनां
तैलं न्यषिच्यत मुखे कुशसूचिविद्धे।
श्यामाकमुष्टिपरिबर्धितको जहाति
सेऽयं न पुत्रकृतकः पदवीं मृगस्ते।।

अर्थात् जिसके कुशाओं से बिंधे हुए मुँह में तुमने घावों को भरनेवाली, इङ्गुदी का तेल लगाया था, वह यह श्यामाक की मुट्ठियों से पाला हुआ मृग तेरा मार्ग नहीं छोड़ रहा है।

संस्कृत साहित्य से यह भी स्पष्ट है कि समाज का ब्राह्मण वर्ग तो पर्यावरण को सन्तुलित रखने के लिए सदैव समर्पित रहता था। धर्मशास्त्रों में उसके लिए जो छः कर्म — वेदाध्ययन और अध्यापन, दान लेना और दान देना, यज्ञ करना और दूसरों को कराना निर्धारित थे। उनमें प्रायः सब पर्यावरण या वातावरण में सुधार के लिए ही थे। वेदों के पठन-पाठन के द्वारा वह वैचारिक और बौद्धिक वातावरण, दानप्रतिदान से भावनात्मक वातावरण तो यज्ञकर्म के द्वारा वह वायु प्रदूषण को ठीक करता था। अथर्ववेद में यज्ञ से दीर्घायुष्य के अनेक उल्लेख हैं। यहाँ तक कि राजयक्ष्मा जैसे रोग भी हवन की वायु से दूर किए जाते थे। द्रष्टव्य है यह मन्त्रांश —

'मुचामि त्वा हविषा जीवनाय कमज्ञातयक्ष्मादुत राजयक्ष्मात्'

इससे स्पष्ट है कि यज्ञ पर्यावरण या वायु प्रदूषण को नियन्त्रित कर उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त करने का एक महत्त्वपूर्ण उपाय है।

वर्तमान समय में औद्योगिक क्रान्ति, प्रतिक्षण परिवर्तनशील सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक परिवेश, नगरीकरण तथा बढ़ती हुई उपभोक्तावादी संस्कृति इन सब पक्षों के द्वारा हमारा पर्यावरण प्रभावित है। आज उसके संरक्षण की महती आवश्यकता है। अनेक जीव-जन्तुओं एवं वृक्ष-वनस्पतियों का आज लोप हो गया है। लगातार काटे जा रहे वृक्षों से पृथ्वी की उर्वराशक्ति भी प्रतिदिन क्षीण होती जा रही है। वायुमण्डल में "कार्बनडाइआक्साइड" नामक तत्त्व की अधिकता हो रही है। दूषित गैस के धुएँ से जीवन प्रभावित हो रहा है। नदियों में शव आदि के विसर्जन से जल प्रदूषित हो रहा है। ध्वनिविस्तारक यन्त्रों के द्वारा तथा जनसंख्या वृद्धि आदि के द्वारा आज हमने नैसर्गिक आनन्ददायक शब्द भी भुला दिए हैं। पर्यावरण संकट के ऐसे समय में संस्कृत साहित्य ही विश्व में एकमात्र ऐसा साहित्य है जो हमें इस भयावह परिस्थिति से मुक्त होने के लिए समुचित मार्गदर्शन प्रदान करता है। संस्कृत साहित्य में पर्यावरण के प्रत्येक अंग या पक्ष पर गम्भीरतम विवेचना उपलब्ध है, जिसमें मानव तथा प्रकृति के प्रति मानवीय व्यवहार के नियमों को भी निर्धारित किया गया है। भारतीय संस्कृति की मान्यता रही है कि मानव स्वयं को प्राकृति पर्यावरण से पृथक् नहीं कर सकता है। अन्ततः अनन्त तक विस्तृत ब्रह्माण्ड का वह एक

कण स्वरूप ही तो है। उसी में जन्मा है, जी रहा है तथा स्वैच्छिक सुखों का भोग कर रहा है।

